हिन्दी दैनिक

# न्यूज गाइड



RNI No- UPHIN/2008/28258

आपका देश आपकी बात...

वर्षः 14, अंकः 56 पृष्ठ :8 | www.newsguide.co.in | E-mail : newsguidelko@gmail.com | लखनऊ, बुधवार 14 दिसम्बर, 2022 | मूल्य 1.50


# भारत की हवाई सीमा के उल्लंघन की कोशिश में चीन

## भारत ने भेजे लड़ाकू विमान, अभ्यास की भी तैयारी

- तवांग सेक्टर में हुई झड़प ने दोनों देशों के बीच तनाव को एक बार फिर चरम पर ला दिया
- दो-तीन हफ्ते में चीन की तरफ से अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर कई बार अपने ड्रोन्स भेजे गए



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** भारत और चीन के सैनिकों के बीच नौ दिसंबर को तवांग सेक्टर में हुई झड़प ने दोनों देशों के बीच तनाव को एक बार फिर चरम पर ला दिया है। हालांकि, कहा जा रहा है कि चीन इसी तरह हवाई क्षेत्र में लंबे समय से सीमा का उल्लंघन करने की कोशिश कर रहा था।

ताजा जानकारी के मुताबिक, बीते दो-तीन हफ्ते में चीन की तरफ से अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर कई बार अपने ड्रोन्स भेजे गए। इनके जरिए चीन लगातार हवाई क्षेत्र के उल्लंघन की कोशिश करता रहा। रिपोर्ट्स की मानें तो भारत को चीन की इन हरकतों का जवाब देने के लिए कई बार क्षेत्र में तैनात अपने फाइटर जेट्स को उतारना पड़ा। रक्षा मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि बीते कुछ हफ्तों में दो-तीन बार ऐसा हुआ, जब वायुसेना को एलएसी के पार आने की कोशिश कर रहे ड्रोन्स को खदेड़ने के लिए लड़ाकू विमान उतारने पड़े। वायुसेना को इन खतरों से निपटने के लिए सुखोई-30 एमकेआई जेट्स का सहारा लेना पड़ा। सूत्रों के मुताबिक, वायुसेना लगातार चीन से लगी सीमा पर ड्रोन्स की गतिविधियों पर नजर रख रहा है।

हवाई सीमा के उल्लंघन की संभावना को देखते हुए भारतीय सेना भी मुस्तैद है। सूत्र ने बताया कि अगर ड्रोन एलएसी की बराबरी पर उड़ता दिखता है, तो भारत को कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन अगर कोई एयरक्राफ्ट या ड्रोन भारतीय सीमा की तरफ आने की कोशिश में रडार पर आ जाता है, तो उसे खदेड़ने के लिए जरूरी कार्रवाई की जाती है। गौरतलब है कि वायुसेना ने पूर्वोत्तर के राज्यों में मजबूत पहुंच बना रखी है। मौजूदा समय में असम के तेजपुर से लेकर छाबुआ में सुखोई-30 फाइटर जेट्स के स्क्वाड्रन्स को तैनात किया गया है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के हाशिमारा में राफेल लड़ाकू विमानों को भी रखा गया है। चीन को मुहंतोड़ जवाब देने के लिए असम सेक्टर में रूस से खरीदा गया एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम भी स्थापित है। भारतीय वायु सेना इस सप्ताह पूर्वी क्षेत्र में प्रशिक्षण अभ्यास करने वाली है। इस दौरान विमानों की तैयारियों की जांच की जाएगी। प्रशिक्षण अभ्यास की योजना बहुत पहले ही बना ली गई है।

## चीनी अतिक्रमण प्रयास का सेना ने दृढ़ता से जवाब दियाः राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को संसद को बताया कि चीन के सैनिकों ने नौ दिसंबर को तवांग सेक्टर में यांग्त्से क्षेत्र में यथास्थिति बदलने का एकतरफा प्रयास किया जिसका भारत के जवानों ने दृढ़ता से जवाब दिया और उन्हें लौटने के लिए मजबूर किया। रक्षा मंत्री ने बताया कि इस झड़प में किसी भी सैनिक की मृत्यु नहीं हुई है और न ही कोई गंभीर रूप से घायल हुआ है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को चीनी पक्ष के साथ कूटनीतिक स्तर पर भी उठाया गया है और इस तरह की कार्रवाई के लिये मना किया गया है। अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प के मुद्दे पर पहले लोकसभा एवं बाद में राज्यसभा में दिये बयान में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह बात कही। राज्यसभा में कांग्रेस एवं विपक्ष के कई सदस्य रक्षा मंत्री के बयान के बाद स्पष्टीकरण की मांग कर रहे थे। लेकिन आसन से अनुमति नहीं मिलने के बाद उन्होंने सदन से वाकआउट किया। इसी बात को लेकर लोकसभा में भी कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने सदन से वाकआउट भी किया। राजनाथ सिंह ने अपने बयान में कहा कि नौ दिसंबर 2022 को चीनी सैनिकों ने तवांग सेक्टर के यांग्त्से क्षेत्र में वास्तवित नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर अतिक्रमण कर यथास्थिति को एकतरफा तरीके से बदलने का प्रयास किया। चीन के इस प्रयास का हमारी सेना ने दृढ़ता के साथ सामना किया। उन्होंने कहा कि इस झड़प में हाथापाई हुई। भारतीय सेना ने बहादुरी से चीनी सैनिकों को हमारे क्षेत्र में अतिक्रमण करने से रोका और उन्हें उनकी चौकी पर वापस जाने के लिए मजबूर कर दिया। इस झड़प में दोनों ओर के कुछ सैनिकों को चोट आई। उन्होंने कहा कि मैं इस सदन को यह बताना चाहता हूं कि हमारे किसी भी सैनिक की मृत्यु नहीं हुई है, और न ही कोई गंभीर रूप से घायल हुआ है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय सैन्य कमांडरों के समय पर हस्तक्षेप करने के कारण चीनी सैनिक अपने स्थान पर वापस चले गए।उन्होंने कहा कि इस घटना के पश्चात क्षेत्र के स्थानीय कमांडर ने 11 दिसम्बर 2022 को अपने चीनी समकक्ष के साथ स्थापित व्यवस्था के तहत एक फ्लैग मीटिंग की और इस घटना पर चर्चा की।

## जब तक मोदी सरकार है, कोई हमारी एक इंच भी जमीन पर कब्जा नहीं कर सकताः शाह



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि जब तक देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार है तब तक कोई एक इंच भी जमीन पर कब्जा नहीं कर सकता। अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प की पृष्ठभूमि में उन्होंने यह बात कही। संसद में विपक्ष ने इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग की। शाह ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस ने राजीव गांधी फाउंडेशन के एफसीआरए (विदेशी अनुदान नियमन कानून) पंजीकरण को रद्द करने संबंधी प्रश्नों से बचने के लिए संसद में सीमा मुद्दे को उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी दूतावास से एक करोड़ 35 लाख रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ था,जो एफसीआरए कानून और उसकी मर्यादाओं के अनुरूप नहीं था, इसलिए इसका पंजीकरण रद्द कर दिया गया। गृह मंत्री ने कहा, ''(जवाहरलाल) नेहरू के चीन प्रेम की वजह से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता छोड़ दी गयी।'' उन्होंने भारतीय सैनिकों की बहादुरी की प्रशंसा करते हुए कहा, ''मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि जब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार है, तब तक कोई हमारी एक इंच भी जमीन कब्जा नहीं सकता।

### संक्षिप्त समाचार

## रिश्वत लेता सब इंस्पेक्टर गिरफ्तार

**फरीदाबाद ।** स्टेट विजिलेंस की टीम ने सोमवार को सेक्टर तीन पुलिस चौकी में तैनात एक सब इंस्पेक्टर को चार हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी भैंस चोरी के एक केस में फायदा पहुंचाने के नाम पर रिश्वत की मांग कर रहा था। आरोपी ने 10 हजार की मांग की थी जिसमें से छह हजार पहले ले चुका था। सोमवार को आरोपी अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। रिश्वत के पैसे भी आरोपी ने वहीं मंगाए थे। विजिलेंस की टीम ने आरोपी को समारोह से ही गिरफ्तार कर लिया। सेक्टर तीन निवासी शंभू यादव ने विजिलेंस में दी शिकायत में बताया कि उसकी डेयरी है। कुछ माह पहले उसने एक गाय देशराज नाम के व्यक्ति को 40 हजार रुपये में बेची थी। देशराज ने तीस हजार रुपये मौके पर दिए और दस हजार रुपये बाद में देने की बात कही। शंभू अपने बकाया पैसे लेने देशराज के पास आता जाता रहता था। आरोप है देशराज ने परेशान होकर शंभू के पोते के खिलाफ सेक्टर तीन चौकी में भैंस चोरी करने का आरोप लगाकर शिकायत दे दी।

## शिवसेना का उद्धव नीत धड़ा सात सदस्यीय पीठ के समक्ष सुनवाई का अनुरोध करेगा

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना के धड़े ने उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि वह महाराष्ट्र में राजनीतिक संकट संबंधी मामलों को सात सदस्यीय पीठ के पास भेजे जाने का अनुरोध करेगा, ताकि वह अयोग्यता संबंधी याचिकाओं के निपटारे के लिए विधानसभा अध्यक्षों की शक्तियों से जुड़े 2016 के फैसले पर फ़िर से विचार करे। पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 2016 में नबाम रेबिया मामले पर फैसला सुनाते हुए कहा था कि यदि विधानसभा अध्यक्ष को हटाने के लिये पहले दिये गए नोटिस पर सदन में निर्णय लंबित है, तो अध्यक्ष विधायकों की अयोग्यता संबंधी याचिका पर आगे की कार्यवाही नहीं कर सकता। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के बागी विधायकों के लिए यह निर्णय विधानसभा के उपाध्यक्ष नरहरि सीताराम जिरवाल को हटाने संबंधी नोटिस लंबित होने के आधार पर शीर्ष अदालत में लाभकारी साबित हुआ।

## बैक के नारे और यात्रा का टेंट जलाने की कोशिश बेरोजगार को गले लगाया

**सवाईमाधोपुर।** भारत जोड़ो यात्रा में आज राहुल गांधी से दलित युवाओं ने उन पर होने वाले अत्याचारों को लेकर शिकायतें की। युवाओं की मांग थी कि उन पर करीब चार साल पहले भारत बंद के दौरान दर्ज मुकदमें वापस हों। वहीं, मुस्लिम युवाओं ने राजनीतिक प्रतिनिधित्व का मुद्दा उठाया। इन सभी शिकायतों पर राहुल ने यात्रा में साथ चले रहे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री से बात कर सभी शिकायतें दूर कराएं। राहुल ने दलित संगठनों से बात करते हुए कहा कि देश का संविधान दलितों ने दिया, लेकिन देश के हर क्षेत्र में की पूरी

## सीएम-पीएम बनना नहीं, केंद्र से भाजपा को हटाना मेरा लक्ष्य

### बिहार में तेजस्वी को आगे बढ़ाना हैः नीतीश

**एजेंसी।**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को फिर कहा कि सीएम-पीएम बनना नहीं मेरा लक्ष्य नहीं है, बल्कि भाजपा को हराना है। मैं कभी प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल नहीं था। आज भी नहीं हूं। महागठबंधन बिहार में अगला चुनाव तेजस्वी के नेतृत्व में लड़ेगा और मैं खुद राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष को एकजुट करने की कोशिश करूंगा। नीतीश मंगलवार को यहां महागठबंधन विधायक दल की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के विधायकों की ओर देखते हुए कहा कि आप अपने नेतृत्व को बता दें कि मैं प्रधानमंत्री पद का दावेदार नहीं हूं। 2024 में भाजपा को केंद्र की सत्ता से बेदखल करना ही अब मेरा लक्ष्य रह गया है। इसके लिए देशव्यापी मुहिम चलाएंगे। विपक्षी दलों को एकजुट करेंगे।

नीतीश ने मंच पर बैठे उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की ओर इशारा कर कहा- अब इन्हें आगे बढ़ाना है। हम सब एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे तो अगले लोकसभा चुनाव में बिहार की किसी सीट पर भाजपा की जीत नहीं होगी। 2025 के विधानसभा चुनाव में भी उसे सफलता नहीं मिलेगी। विपक्ष एकजुट हो तो केंद्र की सत्ता से भाजपा को हटाना असंभव भी नहीं है। हम तो कोशिश कर रहे हैं। इस पर अन्य दलों को भी विचार करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा झूठ, घृणा और द्वेष की राजनीति कर रही है। नीतीश ने विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में महागठबंधन के विधायकों-विधान परिषद सदस्यों को एकजुट रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हम सभी सात दल एक साथ आए हैं। हमें अपनी एकता को धारदार तरीके से बरकरार रखना है।

उन्होंने कहा कि विधायक अपने क्षेत्र की समस्या लिखकर दें। उसका तुरंत निदान होगा। महागठबंधन में सभी जाति-धर्म के लोग हैं। हमें सबके लिए काम भी करना है। शराबबंदी की चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार ने इस पेशे से पूर्व में जुड़े गरीबों को एक लाख रुपये देने का निर्णय लिया है।

## 246 महिला सैन्य अधिकारियों की पदोन्नति के लिए विशेष चयन बोर्ड गठित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में बताया कि 246 महिला सैन्य अधिकारियों की पदोन्नति के लिए एक विशेष चयन बोर्ड का गठन किया गया है, जो 9 जनवरी को इस मुद्दे पर विचार करेगा। शीर्ष कोर्ट 34 महिला सैन्य अधिकारियों की उस याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें दावा किया गया है कि बबीता पुनिया के फैसले में कोर्ट के निर्देश के बावजूद महिला अफसरों की पदोन्नति को लागू नहीं किया जा रहा है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की पीठ के समक्ष भारतीय सेना के वकील आर बालासुब्रमण्यन ने बताया कि 9 जनवरी 2023 को 246 महिला अधिकारियों की पदोन्नति पर विचार किया जाएगा। पीठ ने बोर्ड के परिणामों को उसके समक्ष रखने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई 30 जनवरी को तय कर दी। वकील राकेश कुमार के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि यह पूरी तरह से अनुचित, मनमाना और वरिष्ठ महिला अधिकारियों के अपमान का मामला है।

## पुलिस की रेडियो विभाग की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के हो प्रयास : योगी आदित्यनाथ

**संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश पुलिस की रेडियो विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक कुशल व चुस्त-दुरूस्त बनाने हेतु अत्याधुनिक संसाधनों से लैस किया जा रहा है ताकि जनपदीय पुलिस को कुशल एवं बाधा रहित रेडियों संचार प्रणाली उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में उ0प्र0 पुलिस रेडियो शाखा हेतु आधुनिकीकरण योजनाओं के अन्तर्गत लगभग 20 करोड़ रूपये तथा सामान्य बजट के अन्तर्गत 12 करोड़ रूपये के विभिन्न संचार उपकरण क्रय किये जा रहे है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद की अध्यक्षता में आज लोक भवन स्थित कमाण्ड सेण्टर में सम्पन्न एक उच्च स्तरीय बैठक उक्त में जानकारी देते



हुये बताया कि वर्ष 2017 से प्रारम्भ नेटवर्क डिजिटाइजेशन में उ0प्र0 पुलिस का देश में 5वॉ स्थान है। उन्होंने बताया कि विगत 5 वर्षो में प्रदेश के 33 जनपदों की एनालाग संचार व्यवस्था को डिजिटल में परिवर्तित किया गया है, जो नेटवर्क का 43 प्रतिशत है, जिसे 2024 तक शत प्रतिशत किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उ0प्र0 पुलिस में पहली बार निष्प्रयोज्य सामग्रियों का ई-ऑक्शन द्वारा निस्तारण किया गया है। प्रदेश में राज्य सरकार के सभी प्रकार के पुलिस बल यथा पैदल, मोटर साइकिल, महिला (शहरी एवं ग्रामीण) 28.538 बीट को आगामी 3 वर्षों में हैण्ड हेल्ड सेट उपलब्ध कराये जाने की योजना पर शासन द्वारा गम्भीरता से विचार किया जा रहा है।बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश के सभी जनपदों में थानों, चौकियों एवं पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों का पुलिस नियंत्रण कक्ष से निरन्तर एवं सत्त संचार संपर्क सुनिश्चित किया गया है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संवेदनशील स्थानों पर 1680 वायरलेस बेस्ड पी0ए0 सिस्टम स्थापित किये गये है। यू0पी0 112 के नेटवर्क (बैंडविथ) पर प्रदेश के समस्त जनपदों के नियंत्रण कक्षों को डेटा एवं वायर संचार हेतु वर्तमान सरकार द्वारा रेडियो मेल प्रणाली स्थापित की जा चुकी है।

## बैंकों ने 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक फंसे कर्ज बट्टे खाते में डाले : सीतारमण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** बैंकों ने पिछले पांच वित्त वर्षों के दौरान 10,09,511 करोड़ रुपये के फंसे कर्ज (एनपीए) बट्टे खाते में डाले हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में बताया कि एनपीए या फंसे कर्ज को बट्टे खाते में डालते हुए उसे संबंधित बैंक की बैलेंस शीट से हटा दिया गया है। इसमें वे फंसे हुए कर्ज भी शामिल हैं जिसके एवज

वित्त मंत्री ने कहा, बट्टे खाते में डाली गई राशि को वसूलने के लिए कार्रवाई जारी

में चार साल पूरे होने पर पूर्ण प्रविधान किया गया है। सीतारमण ने कहा कि बैंक आरबीआइ के दिशानिर्देशों तथा अपने-अपने निदेशक मंडल की मंजूरी वाली नीति के अनुसार पूंजी के अधिकतम उपयोग के लिए अपने-अपने बही खाते को दुरुस्त करने, कर लाभ



प्राप्त करने के नियमित तौर पर एनपीए को बट्टे खाते में डालते हैं।

आरबीआइ से मिली जानकारी के अनुसार अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) ने पिछले पांच वित्त वर्षों के दौरान 10,09,511 करोड़ रुपये की राशि को बट्टे खाते में डाला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बट्टे खाते में कर्ज को डालने से कर्जदार को लाभ नहीं होता। वे पुनर्भुगतान के लिए उत्तरदायी बने रहेंगे और बकाये की वसूली की प्रक्रिया जारी रहती है। बैंक उपलब्ध विभिन्न उपायों के माध्यम से बट्टे खाते में डाली गई राशि को वसूलने के लिए कार्रवाई जारी रखते हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न राहत कोषों के लिए सीएसआर फंड देने का फैसला पिछली यूपीए सरकार द्वारा वर्ष 2013 में लिया गया था। सीतारमण राज्यसभा में माकपा सदस्य वी शिवदासन द्वारा पूछे गए उस सवाल का जवाब दे रही थीं, जिसमें उन्होंने कहा था कि आखिर मुख्यमंत्रियों के राहत कोष में सीएसआर फंड क्यों नहीं दिया जा सकता है।

## नगर-निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करने पर आज तक रोक

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ द्वारा प्रदेश के नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना पर सोमवार को लगाई गई रोक कल (बुधवार) तक जारी रहेगी। नगर निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण लागू करने में प्रक्रिया का पालन न करने का आरोप राज्य सरकार पर लगाते हुए दाखिल जनहित याचिका पर न्यायमूर्ति डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने यह आदेश दिया है। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब देने के लिए एक दिन का और समय देने की मांग की गई थी जिसे न्यायालय ने मंजूर कर लिया। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में जस्टिस डीके उपाध्याय और जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव ने ओबीसी को आरक्षण के मुद्दे पर सुनवाई करते हुए सरकार से जवाब मांगा था। कोर्ट के आदेश के बाद अटकलें लगाई जाने लगी हैं कि सरकार के कोर्ट में पक्ष रखने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग को निकाय चुनाव की अधिसूचना सप्ताह के अंत तक घोषणा कर सकता है।

### कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका, बाहर निकले तो दिखाया विक्ट्री साइन

# मोदी की हत्या वाले बयान पर कांग्रेस नेता को जेल

**एजेंसी**

**भोपाल।** राजा पटेरिया को मध्यप्रदेश के दमोह के हटा से गिरफ्तार किया गया। कोर्ट से बाहर निकलने के दौरान उन्होंने विक्ट्री साइन दिखाया। मोदी की हत्या की बात कहने वाले रूक्ष के कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री राजा पटेरिया की जमानत याचिका खारिज करते हुए कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया। इसके बाद कोर्ट से बाहर निकलने के दौरान पटेरिया ने विक्ट्री साइन दिखाया। पुलिस ने पटेरिया को मंगलवार सुबह 5.30 बजे उनके घर से गिरफ्तार किया। पटेरिया अपने गृहनगर दमोह के हटा में थे। पुलिस ने उन्हें यहीं से अरेस्ट किया। पटेरिया जब कोर्ट से बाहर निकल रहे थे तो उन्होंने विक्ट्री साइन दिखाया और कहा, ये विचारधारा की लड़ाई है। मैंने वो शब्द नहीं कहे थे। मैं महात्मा गांधी का अनुयायी हूं। इससे पहले 11 दिसंबर को उन्होंने एक सभा में कहा था, अगर लोकतंत्र को बचाना है तो मोदी की हत्या को तत्पर रहो। इन द सेंस हराने का काम करो। गिरफ्तारी के बाद पुलिस पटेरिया को कोर्ट पवई लेकर पहुंची। इससे पहले मेडिकल चेकअप के लिए पवई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। प्रथम श्रेणी न्यायालय ने पटेरिया की जमानत अर्जी



खारिज कर दी। उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

पटेरिया ने कोर्ट से बाहर निकलते हुए विक्ट्री साइन दिखाया और कहा- ये विचारधारा की लड़ाई है। मैंने वो शब्द नहीं कहे थे। मैं महात्मा गांधी का अनुयायी हूं।


पटेरिया ने कोर्ट से बाहर निकलते हुए विक्ट्री साइन दिखाया और कहा- ये विचारधारा की लड़ाई है। मैंने वो शब्द नहीं कहे थे। मैं महात्मा गांधी का अनुयायी हूं।


उनके इस बयान पर भाजपा हमलावर हो गई। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने सोमवार को पटेरिया पर के निर्देश दे दिए। इसके बाद पन्ना के पवई थाने में केस दर्ज किया गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस के असली भाव प्रकट हो गए हैं।

पटेरिया ने अपने बयान पर सोमवार की रात को माफी मांग ली। इससे पहले पटेरिया ने कहा था- मैं गांधी को मानने वाले हूं और गांधी को मानने वाला हत्या की बात नहीं कर सकता। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा है कि इस प्रकार के बयान की मैं कड़ी निंदा करता हूं। कांग्रेस का रास्ता महात्मा गांधी का रास्ता है। मामला कोर्ट में है। हमने पटेरिया को 3 दिन में जवाब देने नोटिस दिया है। पटेरिया का यह बयान 11 दिसंबर का है। वे पन्ना जिले के मंडलम में कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे। तभी उन्होंने कहा कि मोदी इलेक्शन खत्म कर देगा। मोदी धर्म, जाति, भाषा के आधार पर बांट देगा। दलितों का,आदिवासियों का और अल्पसंख्यकों का भावी जीवन खतरे में है। संविधान अगर बचाना है तो मोदी की हत्या करने के लिए तत्पर रहो। हत्या इन द सेंस कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा, वीडियो में जरा भी सच्चाई है तो ऐसे बयान की कड़ी निंदा करता हूं। कांग्रेस एक-एक कार्यकर्ता बापू के सत्य-अहिंसा के सिद्धांत का पालन करता है। अहिंसा के मार्ग पर चलकर बलिदान देना हमारा कर्तव्य पथ है। अब कहा जा रहा है कि कांग्रेस पटेरिया को नोटिस जारी कर सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### किराएदार से दुकान खाली कराने के लिए दुकान मालिक ने बुलडोजर से तड़वाई दुकान

**फरीदपुर।** किराएदार से दुकान खाली करवाने को दुकान स्वामी ने बुलडोजर से दुकान को ध्वस्त करा दिया। इस मामले में किराएदार की ओर से तहरीर दी गई है। दुकान में रखा सामान लूटने का भी आरोप लगाया है। मिर्धान मोहल्ले के रहने वाले मोहम्मद तसलीम ने बताया बीसलपुर रोड पर उसने किराए पर दुकान ले रखी है। दुकान स्वामी जबरन दुकान खाली कराना चाहता है। इसका मामला भी कोर्ट में चल रहा है। सोमवार देर शाम दुकान स्वामी ने बुलडोजर चला कर दुकान का ध्वस्त करा दिया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### किसानों ने की मुआवजे की मांग

**लखीमपुर खीरी।** तराई क्षेत्र में नेपाल राष्ट्र से घुसे जंगली हाथियों के कहर से भयभीत सैकड़ों किसानों ने मोहम्मदके महेशपुर वन रेंज में धरना देकर वन विभाग के अधिकारियों को आगाह किया कि नेपाल से घुसे जंगली हाथियों ने शिवपुरी में खेत बचा रहे रामभरोसे को हाथियों ने रौंद कर मार डाला था। यही नहीं कठिना नदी के किनारे बकरियां चरा रहे दो चरवाहों को हाथियों ने रौंद कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।वन विभाग के प्रति नाराजगी जताते हुए मांग की कि जंगली हाथियों को खेतों से खदेड़ा जाय जिन्होंने गन्ने की फसल रौंद कर किसानों की आर्थिक स्थिति जर जर कर दी है। धरने पर बैठे किसान यूनियन चढ़ूनी गुट के अमन दीप सिंह संधू एवं भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष बग्गा सिंह को वन विभाग के अधिकारियों ने अस्वस्त किया कि पूरे तराई क्षेत्र से जंगली हाथियों को खदेड़ने की व्यवस्था की जा रही है। किसान नेताओं ने ग्राम शिवपुरी में रामभरोसे की हत्या एवं बकरी चरवाहों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### 14 को पहुंचेगी भारत जोड़ो यात्रा,गोसाईगंज में रात्रि प्रवास कर अगले दिन अयोध्या धाम पहुंचेगी

**अयोध्या।** कुशीनगर से चलकर अयोध्या आने वाली भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी बैठक कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर हुई।अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा प्रांतीय अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में आ रही भारत जोड़ो यात्रा में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी भी शामिल होंगे। जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया भारत जोड़ो यात्रा में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री भी मौजूद रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा संचालन प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने किया।जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा यात्रा के मार्ग को जगह-जगह झंडे और झालरों से सजाया जाएगा विभिन्न पदाधिकारियों विभिन्न जगहों पर यात्रा का स्वागत करेंगे। जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया खाबरी के अयोध्या जनपद के प्रथम आगमन पर जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया जाएगा जिसके लिए तैयारियां तेज कर दी गई है और विभिन्न पदाधिकारियों को स्वागत हेतु जिम्मेदारियां भी दी गई हैं। जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया कुशीनगर से चलकर अयोध्या जनपद को आ रही भारत जोड़ो यात्रा 14 दिसंबर रात को गोसाईगंज पहुंचेगी जहां रात्रि विश्राम के पश्चात 15 दिसंबर को प्रातः 8रू30 बजे बीकापुर कोतवाली के सामने से प्रदेश अध्यक्ष श्री बृजलाल खबरी तथा प्रांतीय अध्यक्ष विधायक श्री वीरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में यात्रा शुरू होकर भरतकुंड, मसौधा, नाका ,फ्लाईओवर से होकर देवकाली तक जाएगी जहां इस यात्रा का समापन होगा। जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने समस्त जिला एवं महानगर पदाधिकारियों, पार्षद तथा सभासद के दावेदारों को 15 दिसंबर को प्रातः 8रू30 बजे बीकापुर कोतवाली पहुंचने का आह्वान किया है। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, पीसीसी सदस्य आरिफ आबदी, निकाय चुनाव के जिला संयोजक शैलेंद्र मणि पांडे ,पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के संयोजक सुरेंद्र प्रताप सिंह ,रामेंद्र त्रिपाठी ,प्रवीण श्रीवास्तव ,राम बहादुर सिंह, फ्लावर नकवी ,श्री प्रकाश जयसवाल, चंचल सोनकर, रोहित यादव ,द्वारिका पांडे आदि उपस्थित रहे।

### हिदायत देकर हाईवे से हटवाई गई अवैध अमरूद मंडी

**उन्नाव।** जाजमऊ चौकी क्षेत्र के हाईवे के दोनों ओर सुबह से लेकर देर रात तक अमरूद मंडी लगती है। पूर्व में हुए हादसों को लेकर लगातार अमरूद मंडी के हटने का विरोध किया जा रहा था। इस पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने हाईवे से अमरूद मंडी हटवाते हुए विक्रेताओं को हिदायत दी है। उम्मीद है कि अब जाजमऊ क्षेत्र में अमरूद के चक्कर में होने वाले हादसे रुकेंगे। हाईवे स्थित नंदी बगीचा से लेकर कल्लूपुरवा गांव के सामने सड़क के दोनों ओर कल्लूपुरवा, त्रिभुवन खेड़ा, रजवा खेड़ा, झब्बूपुरवा, मंशा खेड़ा, बदुआ खेड़ा, जुराखन खेड़ा समेत कई गांवों की महिलाएं अमरूद बेचने का काम करती हैं। पूर्व में हसनगंज के चार व्यापारियों की अमरूद खरीदने के दौरान ट्रक ने टक्कर मार दी थी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इसी तरह पहले अन्य की भी अमरूद मंडी के चलते जान जा चुकी हैं। इधर एक बार फिर हाईवे पर अमरूद मंडी सजने लगी है। बीते दिनों भी जाम के साथ ही छिटपुट घटनाएं भी हुईं। लोग चोटिल हुए जिस से लगातार जाजमऊ क्षेत्र में हादसे बढ़ रहे थे इन हादसों को रोकने के लिए जिले के आलाधिकारियों ने संज्ञान लिया और हाइवे से अमरूद मंडी हटाने के निर्देश दिये। इस पर गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडे मौके पर पहुंचे और अमरूद बेच रही महिलाओं, युवतियों और युवकों को हिदायत देते हुए उनकी अमरूद हटवा दी है। साथ ही मंडी में मौजूद अन्य लोगों को भी हिदायत दी है। यहां किसी भी प्रकार का कोई अतिक्रमण नहीं फैलाया जाएगा। यदि कोई पाया जाता है तो उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### आजाद नगर में फाइलेरिया के बढ़े मरीज,तीन दिन की 150 जांच में 15 पॉजिटिव मरीज मिले

**उन्नाव।** जिले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आजाद नगर में दो चरणों में फाइलेरिया की घर-घर जांच कराई जा रही है। अभी तक 150 लोगों की जांच की गई। जिसमें पंद्रह मरीज मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। विभाग ने मरीजों को दवाइयां बांटी और हिदायत बरतने के निर्देश दिए हैं। सीएमओ के निर्देश पर पीएचसी प्रभारी डॉ. एसएस सिंह ने फाइलेरिया उन्मूलन के तहत एक मेडिकल टीम का गठन किया है। जिसमें अमित कुशवाहा, सिद्धार्थ वाजपेयी, अवनीश मिश्रा, विपिन पांडेय शामिल हैं। ये टीम 8 दिसंबर से 10 दिसंबर पहला चरण और 12 दिसंबर से 14 दिसंबर तक दूसरा चरण का अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर जाकर लोगों की फाइलेरिया जांच का लेकर खून के नमूने लिए। पीएचसी प्रभारी ने बताया कि तीन दिन चले अभियान में करीब 150 लोगों की फाइलेरिया जांच की गई। जिसमें अब तक 15 मरीज फाइलेरिया से ग्रसित पाए गए। सभी मरीजों को बचाव के उपाय बताने के साथ निःशुल्क दवाएं बांटी गई। बुधवार यानी कि कल दूसरे चरण का फाइलेरिया जांच का अंतिम दिन होगा। जिसमें मरीजों की संख्या 15 से बढ़ सकती है। एक क्षेत्र में इतने मरीज मिलने से विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।


### सर्दी से निजात व रात बिताने हेतु अस्थायी रैन बसेरा स्थापित

**हरदोई।** हरदोई में सर्द मौसम में बेघर, बेसहारा व दूरदराज से आए यात्रियों को सर्दी में रात गुजारने के लिए अस्थाई रैन बसेरा स्थापित किया है। लखनऊ पलिया मार्ग पर गीता शैक्षिक संस्थान स्कूल के भवन में रैन बसेरा बनाया गया है। जिससे आम जनमानस को राहत मिल सके और हाडकपाऊं सर्दी में बाहरी लोगों को रैन बसेरा में रात व्यतीत कर सके। अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव ने बताया कि इस अस्थाई रैन बसेरा में पुरुष महिला की कमरे में रुकने की अलग-अलग व्यवस्था की गई। रुकने वालों के लिए चारपाई, गद्दा, रजाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय की सुविधाएं की गई। रुकने वाले व्यक्तियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए विशेष ध्यान रखा गया है। ठंड से बचाव के लिए प्रांगण में अलाव की व्यवस्था की गई। नियमित रूप से महिला व पुरुष की ड्यूटी लगाई गई। नगर में कोई बेघर बेसहारा असहाय बाहरी आगंतुक रैन बसेरा में निरूशुल्क रूप से रह सकता है। कछौना नगर में रैन बसेरा बनाए जाने से बाहरी व्यक्तियों को काफी राहत मिलेगी और वह रात बिताने के लिए सर्दी से बच सकेंगे। जिसमें महिलाओं और पुरुषों के अलग -अलग रूकने की व्यवस्था की जा रही है। जिससे बाहरी व्यक्ति रूकने के लिए राहत महसूस करेंगे। नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा किए गए इंतजाम को लोगों ने सराहा है।

# ऑनलाइन माध्यम से करें बिजली के बिल का पेमेंट

## योगी ने लोगों को अवेयर करने के दिये निर्देश

संवाददाता



**लखनऊ।** ऑनलाइन माध्यम से बिजली बिल जमा करने वालों उपभोक्ताओं को सीएम ने रियायत देने के साथ ही अन्य तमाम सुविधाएं देने की बात कही हैं। वही ट्विटर और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिये आम लोगों को जागरूक करने पर भी जोर हैं। वीडियो में समय पर विद्युत बिल जमा करने के कई फायदे बताए गए हैं। ड्यू डेट से पहले अपना विद्युत बिल जमा कर देते हैं तो टोटल बिल में 1ः तक की छूट मिल सकती है।

डिस्कनेक्शन जैसी असुविधा से बच सकते हैं। इसके अलावा निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए भी यह बेहद आवश्यक है क्योंकि पावर कॉर्पोरेशन को भी विद्युत क्रय करना पड़ता है। ऑनलाइन माध्यम से विद्युत बिल का भुगतान बिना लाइन में लगे किया जा सकता हैं। उपभोक्ता यूपीपीसीएल की वेबसाइट पर जाकर डेबिट कार्ड या क्रेडिट कार्ड या फिर इंटरनेट बैंकिंग का इस्तेमाल करते हुए अपना बिल जमा कर सकते हैं। इसके अलावा विभिन्न मोबाइल पेमेंट एप जैसे गूगल पे, फोन पे या ई निवारण एप के जरिए भी भुगतान किया जा सकता है। ग्रामीण उपभोक्ता जो ऑनलाइन माध्यमों का उपयोग नहीं कर पाते हैं वो नजदीकी विद्युक कार्यालय, विद्युत उपकेंद्रों, जनसेवा केंद्रों पर या सरकारी राशन वितरण केंद्रों पर जाकर विद्युत बिल का भुगतान कर सकते हैं। इसके अलावा सरकार की पहल पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा घर-घर जाकर भी विद्युत बिल का भुगतान कराया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत बिल का भुगतान और भी आसान हो गया है।

बिल सही है या गलत इसकी पहचान भी उपभोक्ता स्वयं कर सकते हैं। प्राप्त बिल पर लिखा मीटर नंबर, आपके परिसर में लगे मीटर नंबर से अलग नहीं होना चाहिए। बिल बेसिस एमयू अथवा ओके होना चाहिए। बिल गलत होने की स्थिति में विद्युत कार्यालय में जाकर या ऑनलाइन कंप्लेंट करके इसे ठीक करा सकते हैं। यूपीपीसीएल की वेबसाइट पर ऑनलाइन कंप्लेंट के लिए भी सुविधा प्रदान की गई है। विद्युत बिल की खपत को कम करने के लिए भी विभाग कदम उठाने की बात कहता हैं। एलईडी बल्ब अथवा सीएफल का इस्तेमाल करें, यूज में न आने वाले उपकरणों को ऑफ रखें, अपने एसी का टेंप्रेचर 24 से. के आसपास सेट रखें। इसके अलावा इलेक्ट्रिकल एप्लायंसेज की नियमित सर्विस जरूर कराएं। मीटर रीडर द्वारा मासिक रीडिंग लेते समय उपभोक्ता ध्यान रखें कि जो बिल मीटर रीडर द्वारा बनाया जा रहा है वो परिसर में लगे मीटर नंबर और बिल पर जरूर लिखा हो।

इसके साथ ही मीटर व बिल की रीडिंग में कोई अंतर नहीं होना चाहिए। रीडिंग मिसमैच होने पर इसकी सूचना विभाग को अवश्य करा देनी चाहिए। जिससे डिफाल्टर मीटर रीडर पर कार्रवाई की जा सके। यूपीपीसीएल सभी उपभोक्ताओं को सही विद्युत बिल सही समय पर उपलब्ध करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। किसी उपभोक्ता की विद्युत सप्लाई मीटर खराब होने की वजह से बाधित हो गई है तो उसे तत्काल इसकी सूचना 1912 पर देनी चाहिए। इसके अलावा उपभोक्ता इसकी सूचना वेबसाइट पर दर्ज लिंक पर जाकर ऑनलाइन भी कर सकता है। या फिर लिखित शिकायत भी विद्युत कार्यालय का उपकेंद्र में की जा सकती है।

सूचना प्राप्त होते ही विद्युत सप्लाई शुरू की जाएगी और जांच के बाद मीटर बदलने की कार्यवाही की जाएगी। विद्युत विभाग ने सेवाओं को और लाभकारी बनाने के लिए कुछ वॉट्सएप नंबर जारी किए गए हैं। उपभोक्ता अपने रजिस्टर्ड वॉट्सएप नंबर से डिस्काम के वाट्सएप नंबर पर हाय या स्टार्ट लिखकर भेजना होगा। इसके बाद बिल देखने या इसका भुगतान करने का लिंक प्राप्त हो जाएगा। इसके अलावा ऑनलाइन कंप्लेंट भी कर सकते हैं और उसका अपडेट भी ले सकते हैं।

### ज्ञानमती माता डालीगंज जैन मन्दिर पहुंची

**लखनऊ।** जैन साध्वी गणिनी प्रमुख 105 ज्ञानमती माताजी चौक में श्रद्धालुओं को मंगल आशीर्वाद देने के बाद मंगलवार को डालीगंज जैन मन्दिर पहुंची। रास्ते में कई स्थानों पर लोगों ने माताजी का स्वागत व आरती उतारी। माताजी के साथ प्रज्ञाश्रमणी आर्यिकारत्न श्री चंदनामती माताजी, पीठाधीश स्वस्तिश्री रवीन्द्रकीर्ति स्वामी जी जयकारों के बीच जब मन्दिर पहुंची तो श्री जैन धर्म प्रवर्द्धनी सभा के अध्यक्ष विनय कुमार जैन, दिनेश जैन, डा0 राधा जैन, सुनैयना जैन, बाई जी, वीर कुमार जैन, सिद्धार्थ जैन आदि लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और आरती की। बाद में माता जी ने भगवान पार्श्वनाथ मन्दिर व भगवान श्री ऋषभदेव एवं नवग्रहशांति चौबीसी जिन मन्दिर में भगवान के दर्शन किये। अध्यक्ष विनय कुमार जैन ने बताया कि माताजी बुधवार को प्रातः 9 बजे इन्दिरानगर जैन मन्दिर के लिए विहार करेंगी।

## रामलला ने भी ओढ़ी रजाई, गर्म हवा के साथ गुनगुने जल से कराया स्नान

### रामलला को सुबह की आरती के बाद दूध की बनी रबड़ी का भोग लगाया जा रहा

**अयोध्या।** सर्दी की दस्तक के साथ श्रीरामजन्मभूमि पर बाल रूप में विराजमान भगवान रामलला की सेवा एक छोटे से बालक की तरह शुरू हो गई है। रामलला को किसी भी तरह ठंड न लग सके,इसका हर तरह स ध्यान रखाा जा रहा है। ब्लोअर की गर्म हवा के साथ उन्हें रात में शयन आरती और भोग के बाद रजाई ओढ़ाई जा रही है। रामलला को सुबह की आरती के बाद दूध की बनी रबड़ी का भोग लगाया जा रहा है। उन्हें ऊनी और मखमली वस्त्र पहनाए जा रहे हैं और गुनगुने जल से स्नान कराया जा रहा है। रामलला को भोग में भी ऐसी वस्तुएं दी जा रहीं हैं जिनकी तासीर गर्म हो और वे बाल रूप में विराजमान भगवान को ठंडक से बचाने में सहायक हों। रामलला के सहायक पुजारी संतोष तिवारी ने बताया कि रामलला को दोपहर और शाम की आरती के बाद दूध की खीर, देसी घी के हलवा का भोग लगाकर प्रसाद भक्तों में वितरित किया जाता है। इसके अलावा पूड़ी, सब्जी, चावल, दाल का भोग लग रहा है। अब रामलला को तिल से बने लड्ड्डू का भोग भी लगाया जाएगा। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के अनुसार सुबह 6.30 बजे जागरण आरती में शामिल होने के लिए अधिकतम 30 भक्तों को प्रवेश पत्र दिए जा रहे हैं। ये प्रवेश पत्र मोहल्ला रामकोट स्थित राम कचहरी मंदिर में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कैंप कार्यालय से जारी होंगे। पुलिस की सुरक्षा जांच के बाद लिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि भक्त सुबह 7 बजे से दर्शन के लिए प्रवेश कर सकते हैं। जोकि 11.30 बजे दोपहर तक जारी रहेगा।

### शादी समारोह में हर्ष फायरिंग, आरोपी प्रापर्टी डीलर गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी में एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग करने वाले प्रापर्टी डीलर को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी युवक का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर यह कार्रवाई की है। मड़ियांव इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को हर्ष फायरिंग के वायरल वीडियो की जांच दरोगा चन्द्रकान्त को सौंपी गई थी। जांच में सामने आया कि दीपक पाण्डेय के शादी समारोह कार्यक्रम में सोमवार रात को अमित कुमार द्विवेदी अपने मित्रों के साथ भारत मैरिज लान में शामिल हुआ था। जहां रमानपुर चिनहट निवासी अमित ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से 4 राउंड हर्ष फायरिंग की। आरोपी अमित को गिरफ्तार कर रिवाल्वर कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## चाय पीते समय हिस्ट्रीशीटर सभासद की गोली मारकर हत्या

### बदलापुर में चाय की दुकान पर हुआ हादसा

**जौनपुर।** जौनपुर में कोतवाली क्षेत्र के सरोखनपुर के समीप एक दुकान पर चाय पीने के दौरान बदमाशों ने बदलापुर नगर पंचायत के एक सभासद की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक-दो स्थानों पर दबिश दी लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। सभासद हिस्ट्रीशीटर भी था। वार्ड संख्या 14 के सभासद योगेश यादव (32) निवासी सुल्तानपुर वार्ड संख्या 14 शहर से सटे सरोखनपुर के समीप स्थित एक चाय की दुकान पर बैठकर चाय पी रहे थे। रात करीब 10 बजे का समय था। अपने कुछ साथियों से कुछ बात भी कर रहे थे इसी दौरान आए बदमाशों ने उन पर फायर झोंक दिया। जब तक लोग समझ पाते हैं तब तक आरोपी फरार हो गए। साथियों ने अस्पताल में भर्ती कराया।वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। योगेश के सिर में गोली लगी। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार ने बताया कि वार्ड संख्या 14 के सभासद की गोली मारकर हत्या की गई है। हत्या क्यों और किसने की इसकी जानकारी नहीं हो पाई है। देर रात की घटना है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### वर्तमान चेयरमैन के भ्रष्टाचार व तानाशाही से क्षेत्र को दिलाना है निजात

**गोण्डा।** निकाय चुनाव को लेकर क्षेत्र में भले ही राजनीतिक घमासान तेज होता जा रहा है। लेकिन चुनाव से पहले भाजपा के टिकट को लेकर दावेदारों का शक्ति प्रदर्शन भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। भाजपा के टिकट को लेकर लगातार बढ़ रही दावेदारों की संख्या में सभी दावेदार अपने अपने शक्ति प्रदर्शन में जुटे हुए हैं। जिससे कि उन्हें भाजपा का टिकट मिल सके। भाजपा के टिकट को लेकर आज एक और दावेदार ने अपनी धमाकेदार एंट्री की है। कर्नलगंज के हिंदू धर्म सभा कमेटी के अध्यक्ष व वरिष्ठ व्यवसाई अमित सिंघानिया ने भी चुनाव का आगाज कर दिया है। जिसको लेकर आज उन्होंने नगर के लोगों से मिलकर जनसंपर्क की शुरुआत कर दी है। चुनाव की तैयारियों की शुरुआत करते हुए उन्होंने सर्वप्रथम नगर के प्रसिद्ध भैरवनाथ मंदिर में जाकर भगवान का आशीर्वाद लिया, साथ ही अपने समर्थकों तथा मित्रों के साथ मिलकर चुनाव की तैयारी भी शुरू कर दी। निकाय चुनाव के कुरुक्षेत्र में उतरे वरिष्ठ व्यवसायी अमित सिंघानिया ने भाजपा से टिकट को लेकर अपनी दावेदारी शुरू कर दी है। जिसको लेकर उन्होंने चुनाव का प्रचार प्रसार भी शुरू किया। अमित सिंघानिया ने कहा कि वह चुनाव वर्तमान सपा चेयरमैन के भ्रष्टाचार व तानाशाही के खिलाफ लड़ रहे हैं।

### पैसों के लिए इकलौता बेटा बना मां का कातिल

**गोरखपुर।** गोरखपुर के गुलरिया थाना क्षेत्र के शिवपुर शाहबाजगंज में शिक्षक शांति देवी के शव को चार दिन से तख्त के नीचे छुपा के रखा था। बदबू उठने पर वहां पर अगरबत्ती जला दिया करता था। आशंका है कि पैसा के लालच में हत्या कर बेटे ने शव को छुपाया था। जानकारी के मुताबिक, शिवपुर शाहबाजगंज निवासी राम दुलारे मिश्रा बोदरबार स्थित एक इंटर कॉलेज में शिक्षक थे। उनकी पत्नी शांति देवी गोरखपुर राजकीय इंटर कॉलेज में शिक्षक थी। आशंका है कि पैसे के लालच में बेटे ने मां शिक्षिका की हत्या कर दी। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि पड़ोसियों की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची और घर से महिला का शव बरामद किया।

## पहिया निकलने से अनियंत्रित पिकअप पलटी, नौ घायल



फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद जिले के मोहम्मदाबाद में हाईवे पर पिकअप का पिछला पहिया निकलने से वह अनियंत्रित होकर पलट गई। उसमें सवार पांच महिलाओं सहित नौ लोग घायल हो गए। बालक सहित दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें सीएचसी से लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। अलीगढ़ के थाना विजयगढ़ के गांव वीजलपुर निवासी 24 लोग पिकअप से 11 दिसंबर को कन्नौज के मकनपुर में मदार साहब के उर्स में शामिल होने गए थे। मंगलवार दोपहर सभी लोग पिकअप पर सवार होकर अपने घर वापस जा रहे थे। इसी दौरान इटावा-बरेली हाईवे पर कस्बा स्थित रोहिला चौराहे के पास ढाबा पर सभी लोगों ने पिकअप रुकवाकर खाना खाया। इसके बाद फर्रुखाबाद से बदायूं होते हुए अलीगढ़ के लिए जाते वक्त बरेली-इटावा हाईवे पर कारगिल पेट्रोल पंप के पास पिकअप का पीछे का पहिया निकल गया। इससे पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। उसके सवार चालक रोहतास, फकीर मोहम्मद, अनीशा, सितारा बेगम, नूरजहां नरगिस, इसरायल, रेशमा, आयुष (6) घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

# नमामि गंगे ने गंगाद्वार से उतारी विश्वनाथ धाम की आरती



**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की प्रथम वर्षगांठ पर नमामि गंगे ने गंगाद्वार से काशी विश्वनाथ और मां गंगा की आरती उतारकर राष्ट्र के लिए समृद्धि की कामना की । नव्य गंगाद्वार से बाबा विश्वनाथ को शीश नवाया। गंगा निर्मलीकरण और पर्यावरण संरक्षण हेतु बाबा से आशीर्वाद मांगा। सनातनी संस्कृति के दिव्य अवसर पर नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि काशी देव भूमि है। मोक्ष स्थली काशी समर्पण, संस्कार व संस्कृति का मर्म समाहित किए हुए है। काशी ही नहीं बल्कि विश्व में साधना का केंद्र बाबा विश्वनाथ हैं । द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रमुख बाबा विश्वनाथ अनादिकाल से काशी में गंगा तट पर विराजमान हैं । भव्य नव्य दिव्य काशी विश्वनाथ धाम आज सांस्कृतिक दिव्यता के साथ आकर्षित व मंत्रमुग्ध कर रहा है । बाबा का अलौकिक दरबार तन - मन प्रफुल्लित कर रहा है। सनातन धर्म की मान्यताओं के अनुसार पृथ्वी और स्वर्ग के बीच काशी को बड़े तीर्थ के रूप में माना गया है । जनसामान्य के साथ देवी-देवता, महापुरुष भी इस पवित्र धरा पर भक्ति भाव से ओतप्रोत होकर आते रहे हैं । श्री काशी विश्वनाथ धाम से आज बनारस की आर्थिक तस्वीर बदल गई है । काशी विश्वनाथ धाम ने सनातन धर्मावलंबियों को एक सूत्र में बांधने का भी कार्य किया है । आज हम हमारी काशी के सांसद देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अगुवाई में कह सकते हैं।

## लखीमपुर खीरी में दर्दनाक हादसा, निजी बस ने बाइक सवारों को रौंदा

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के निघासन में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, निघासन थाना इलाके में ढखेरवा के तकिया तालाब के पास मंगलवार की सुबह 10 बजे के करीब धौरहरा से लखीमपुर जा रही तेज रफ्तार निजी बस ने सड़क पर चल रहे लोगों को रौंद दिया। इसके बाद बस बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गई। दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है, जबकि 15 लोग घायल हुए हैं। मृतकों में मुकेश (24) पुत्र सुंदर लाल, मोनू (15) पुत्र कन्हैयालाल निवासी नौरंगाबाद मजरा रामलोक थाना धौरहरा जबकि बीरू उर्फ विशाल (30) पुत्र प्रदीप कुमार निवासी त्रिलोकपुर जिला श्रावस्ती की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस के जरिए रमियाबेहड़ सीएचसी में भर्ती कराया है, जबकि मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना की सूचना पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और एसपी संजीव सुमन भी घटनास्थल के लिए रवाना हो गए।

### रस्तोगी गर्ल्स कॉलेज प्रकरण में जिला विद्यालय निरीक्षक का नया निर्णय

**लखनऊ।** जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय ने रस्तोगी गर्ल्स कॉलेज प्रकरण में प्रबंधक डा.लक्ष्मी रस्तोगी के द्वारा प्रस्तुत तथ्यों की वैधता को मान्य करते हुए विद्यालय समिति की बैठक में प्रबंधक पद के चुनाव पर आज रोक लगा दी है।मंगलवार को जारी एक विशेष प्रशासनिक आदेश के द्वारा रस्तोगी गर्ल्स कॉलेज की प्रबंधन समिति की बैठक में रिक्त पदों को भरे जाने तक प्रबंधक पद, कोषाध्यक्ष और दो सदस्य पद के चुनाव को रोकते हुए लखनऊ के डीआईओएस सेकंड डीकेएस राठौर ने डा.लक्ष्मी रस्तोगी की स्थिति को यथावत बहाल रखा है।ज्ञातव्य है कि राजधानी के इस एक शताब्दी पुराने बालिका शिक्षण संस्थान में प्रबंधक डा.लक्ष्मी रस्तोगी को अचानक हटाये जाने के बाद से विद्यालय कार्यसमिति के अध्यक्ष हरीश्याम रस्तोगी और विद्यालय की प्रधानाचार्या अपर्णा त्रिपाठी से लेकर लखनऊ के पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय उमेश त्रिपाठी और विद्यालय की शिक्षिका मीता श्रीवास्तव जैसे कई नाम लगातार विवादों के घेरे में रहे हैं।

## विकास कार्यों की जांच के दौरान दो पक्षों में मारपीट, डरकर लौटे अधिकारी



**संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर जिले के विकास खंड हैसर बाजार के मुंडेरा शुक्ल गांव में सोमवार को विकास कार्यों में गड़बड़ी की जांच करने पहुंचे लोकपाल मनरेगा के सामने ही गांव के दो पक्ष भिड़ गए। मारपीट होता देख वह बिना जांच किए ही वापस लौट गए। पुलिस ने दोनों पक्ष को समझाकर मामला शांत कराया। एक पक्ष के दो लोगों को अधिक चोटें आने की बात बताई जा रही है।

जिले के लोकपाल पीके लाल सोमवार को मुंडेरा शुक्ल गांव निवासी राजकुमार शुक्ला की शिकायत पर मनरेगा और आवास की जांच करने पहुंचे थे। आवास से संबंधित शिकायत की जांच शिकायतकर्ता के पक्ष के लोगों के सामने जांच अधिकारी ने शुरू ही की थी कि प्रधान पक्ष के तमाम लोग वहां आ गए। जांच अधिकारी जांच कार्य कर ही रहे थे कि दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होते-होते मारपीट होने लगी। एक दूसरे के बीच जमकर हो रही हाथापाई और मौके पर लाठी-डंडे के साथ दोनों पक्षों के लोग पहुंच गए। यह देख लोकपाल मनरेगा ने जांच को बंद कर दिया।

पीके लाल ने बताया कि स्थिति को देख तत्काल एसओ धनघटा को सूचित किया और बगैर जांच कार्य पूर्ण हुए वापस लौट आया। उन्होंने बताया कि सोशल ऑडिट टीम की जांच के दौरान गांव में विकास कार्यों में अनियमितता पाए जाने की सोशल ऑडिट टीम ने अपनी जांच रिपोर्ट में उल्लेख किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी ने कोल, खरवार जातियों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग

**लखनऊ।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी उत्तर प्रदेश राज्य सचिव मंडल ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उत्तर प्रदेश में निवास करने वाली कोल, खरवार, बैगा और मुसहर जातियों को भी अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग की है। वहीं प्रदेश सरकार ने जातियों को अनुसूचित जाति से निकालकर अनुसूचित जनजातियों में शामिल करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास भेजा है। जिस पर संसद में चर्चा होनी है। बड़ी संख्या में कोल, खरवार, मुसहर जातियां पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपदों खासतौर पर मिर्जापुर सोनभद्र इलाहाबाद चंदौली और कुशीनगर में हैं। सीपीआईएम राज्य सचिव मंडल ने मांग की है कि इन जातियों को अनुसूचित जनजाति में शामिल किया जाए। साथ ही कहा हैं कि गोंड जातियां जो सोनभद्र और मिर्जापुर जनपदों में पहले से ही अनुसूचित जनजाति में शामिल की गई है। उन्हें स्थानीय जिला प्रशासन जाति प्रमाण पत्र नहीं दे रहा है। सभी जिलाधिकारियों को यह निर्देश दिया जाए, कि गोंड जातियों को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र देने की मांग की हैं।

### एसजीपीजीआई में अब रिसर्च पर फोकस,संस्थान के बाहर भी पीएचडी कर सकेंगे फैकल्टी

**लखनऊ।** एसजीपीजीआई यानी संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान अब रिसर्च स्ट्रेटेजी पर काम कर रहा हैं। इसके तहत संस्थान ने रिसर्च ग्रांट को बढ़ाते हुए 5 लाख से 10 लाख कर दिया हैं। इसी के साथ संस्थान के गवर्निंग काउंसिल से प्रस्ताव पास कराकर वर्किंग डॉक्टर्स को पीएचडी और रिसर्च करने के लिए एसजीपीजीआई संस्थान के बाहर जाने की अनुमति देने की शुरुआत कर रहा हैं। 3तक रिसर्च डे पर संस्थान के निदेशक प्रो.आरके धीमन ने मंगलवार को इसका एलान किया।

### पुलिया से टकराने के बाद 3 युवक नाले में गिरे 1 की मौके, 2 की हालत गंभीर

**अमेठी।** जिले में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। जहां तेज रफ्तार बाइक सवार युवक पुलिया से टकराने के बाद नाले में गिर गया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को अस्पताल पहुंचाया। जहां स्थिति गंभीर देखकर डॉक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वहीं मृत युवक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पूरे गांव में हड़कंप मचा हुआ है। पूरा मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के दुर्गापुर बाईपास का है। जहां प्रतापगढ़ की तरफसे आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार तीन युवक पुलिया से टकराने के बाद नाले में गिर गए।हादसे में 25 साल के मोनू यादव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 24 साल का कपिल और 22 साल का नितेश पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद सीओ एसओ समेत बड़ी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को नाले से निकालकर इलाज के लिए अमेठी सीएचसी भिजवाया। जहां स्थिति गंभीर देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तीनों मृत युवक अमेठी कोतवाली क्षेत्र के कस्बे से ही सटे छोटा रामनाथपुर गांव के रहने वाले थे। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों के साथ ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। अस्पताल में बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए।

### साहित्य में लोकतंत्र विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन

**सुलतानपुर।** कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान सुलतानपुर के हिंदी विभाग द्वारा ष्साहित्य में लोकतंत्रष् विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह ने की। संस्थान प्राचार्य ने कहा कि लोकतंत्र को बनाने और उसे बनाए रखने में साहित्यकार की विशिष्ट भूमिका होती है। प्राचार्य ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद तो समाज संरचना में साहित्यकारों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. राधेश्याम सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ्य लोकतंत्र में संवाद अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है, जो एक साझा रास्ता विकसित करता है। कहा कि एक ऐसे संवेदनशील लोकतंत्र की स्थापना साहित्यकारों का उद्देश्य रहा है, जो शोषण विहीन व भेदभाव रहित हो। अपने उद्बोधन में प्रोफेसर प्रतिमा सिंह ने बताया कि साहित्य मनुष्यता का प्रहरी है। साहित्य और लोकतंत्र का तो चोली दामन का साथ है। लोकतांत्रिक शक्ति को समझकर ही एक रचनाकार अपनी रचना करता है। इन्होंने प्रेमचंद का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि प्रेमचंद की कहानी में लोकतंत्र की सीधी झलक देखने को मिलती है। कार्यक्रम को हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार रावत ने भी संबोधित किया। बताया कि साहित्य का संबंध सिर्फ लोकतंत्र से ही नहीं है, वरन् साहित्य बहुविषयक संबंधों पर आधारित है। अपने क्रम में स्नातक व स्नातकोत्तर की छात्र-छात्राओं ने साहित्य में लोकतंत्र विषय पर आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में पक्ष व विपक्ष में अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए।

### योग प्रतियोगिता में कमला नेहरू संस्थान ने किया प्रतिभाग

**सुलतानपुर।** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद द्वारा अन्तर्महाविद्यालयीय योग प्रतियोगिता के आयोजन का उत्तरदायित्व रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अंबेडकर नगर को सौंपा गया था। इस प्रतियोगिता में कमला नेहरू संस्थान की 12 सदस्यीय टीम (पुरुष,महिला) ने पहली बार प्रतिभाग किया एवं सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विजेता घोषित हुई। संस्थान कि टीम विक्रम सिंह, योग प्रशिक्षक के नेतृत्व में संस्थान स्थित योग सेल में विगत दो महीनों से निरंतर अभ्यास कर रही थी। योग प्रतियोगिता में 4 अनिवार्य एवं 3 वैकल्पिक आसन प्रति टीम एवं खिलाड़ियों को प्रदर्शित करना होता है। शट्कर्म भी अनिवार्य था मगर कोरोना पीरियड के बाद प्रदर्शन तालिका से हटा दिए गया था। प्रतिभागियों का स्किल, आसन का लेवल, लय एवं फेशियल एक्सप्रेशन प्रदर्शन को तय करते हैं। चयनित खिलाड़ी अब डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने दिनांक 24 दिसंबर को कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर, ओडिसा जाएंगे। इस प्रतियोगिता से टीम के संस्थान वापसी पर स्वागत किया गया एवं प्राचार्य ने अपना शुभाशीष खिलाड़ियों को दिया। कमला नेहरू संस्थान के विजेता होने पर प्राचार्य प्रो आलोक कुमार सिंह, उपप्राचार्य प्रो सुशील कुमार सिंह, पूर्व प्राचार्य प्रो. राधेश्याम सिंह, प्रो प्रवीण कुमार सिंह , प्रो किरण सिंह, प्रो बिहारी सिंह, डॉ रंजना सिंह, प्रो आर पी सिंह, अवध विश्वविद्यालय शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रो विजय प्रताप सिंह, डॉ आर पी मिश्रा, डॉ सुनीता राय, श्री अनिल यादव, श्री राजेश पाण्डेय लाइब्रेरियन,अरविंद कुमार चौरसिया, फरहतुल्ला अंसारी,अजीत यादव, आफताब अहमद आदि ने हर्ष जाहिर किया। ये जानकारी शारीरिक शिक्षा विभाग अध्यक्ष प्रो प्रवीण कुमार सिंह ने दी।

### शमा बानो को व्यक्तिगत चौंपियनशिप मिला

**सुलतानपुर।** बाराबंकी में आयोजित मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में सुल्तानपुर की बालिका शमा बानो ने 4 गोल्ड मेडल हासिल करते हुए व्यक्तिगत चौम्पियन का खिताब हासिल किया। शमा बानो ने 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, कुश्ती और रिले रेस में गोल्ड मेडल हासिल किए। यह छात्रा जनपदीय खेलों में भी व्यक्तिगत चौंपियनशिप हासिल कर चुकी है। छात्रा की सफलता पर मंडलीय व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी व बृजेश सिंह व्यायाम शिक्षक ने बालिका की प्रशंसा की। आगामी राज्य क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। विद्यालय के ही छात्र करन और संतोष ने कुश्ती में गोल्ड मेडल हासिल कर राज्य प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु पात्रता हासिल की। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रवक्ता निजाम खान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने वाले सभी खिलाड़ियों और सहयोगियों पर हर्ष व गर्व व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ आभार प्रकट किया। बालिका के विद्यालय पहुंचने पर ग्राम प्रधान बब्बन गौड़, प्रधानाध्यापक अंजनी पांडेय, सिंह पीयूष, रामराज, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक अरविंद सिंह एवं अभिभावक जमाल ने बालिका को फूल माला पहनाकर स्पोर्ट किट देकर उत्साहवर्धन किया।

# शनिवार को जिलों की 3 ग्राम सभाओं में लगेगी जनता–चौपाल

## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने संत कबीर नगर के परियोजना निदेशक डीआरडीए को किया निलंबित

संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कहा है कि हर जिले में प्रत्येक शनिवार को 3 ग्राम सभाओं में जनता चौपाल का आयोजन किया जाएगा। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के लिए आवंटित 8लाख 63 हजार प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) के आवासों को दिसंबर 2023 से पहले अनिवार्य रूप से पूरा करा दिया जाए। केशव प्रसाद मौर्य यह बातें मंगलवार को आवास विकास परिषद मुख्यालय के सभागार में आयोजित प्रदेश के परियोजना के दौरान कही। जिलों में होने वाली प्रत्येक शनिवार को ग्राम सभाओं में जनता चौपाल में गांव में चल रहे या हुए विकास कार्यों का निरीक्षण किया जाएगा तथा ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के साथ-साथ उनके सुझाव भी लिए जाएंगे। साथ ही कहा कि जनता चौपाल की वीडियोग्राफी भी कराई जाए। महत्वपूर्ण योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी की जाए और आवास योजना के सभी लाभार्थियों को इन सभी सुविधाओं से लैस कराया जाए। उप मुख्यमंत्री ने संत कबीर नगर के परियोजना निदेशक डीआरडीए की गम्भीर शिकायत पाये जाने पर उन्हें तत्काल निलंबित करने के आदेश मीटिंग के दौरान दिये। डिप्टी सीएम ने कहा कि कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार से मुक्त कर काम करने की जरूरत है। अधिकारी समन्वय बनाकर गुजरात मॉडल की तरह विकास का ऐसा मॉडल तैयार करें, जिसमें गांव और शहर के बीच कोई अंतर नजर ना आए। उन्होंने कहा कि सरकार जीरो



टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और भ्रष्टाचार में लिप्त किसी भी अधिकारी कर्मचारी को किसी भी दशा में माफ नहीं किया जाएगा। राज्य मंत्री, ग्राम्य विकास विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा की सरकार गरीबों के आर्थिक शैक्षिक व सामाजिक उत्थान के लिए लगातार प्रयास कर रही है। समाज के कमजोर लोगों को योजनाओं का लाभ देकर के मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास हिमांशु कुमार ने ग्राम विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए फील्ड के अधिकारियों से संवाद जारी रहेगा। मीटिंग में ग्रामीण आवास, विधायक निधि, रूर्बन मिशन और न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा भी की गयी। कार्यक्रम का संचालन उपायुक्त अखिलेश कुमार सिंह ने किया। ग्राम विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी समेत अन्य उच्चाधिकारी, जिलों से आए परियोजना निदेशक डीआरडीए मौजूद रहे।

### चित्रकूट प्रकरण में डिप्टी सीएम ने की कार्रवाई, दो फार्मासिस्ट को किया निलंबित

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने चित्रकूट के जिला चिकित्सालय में गलत इंजेक्शन लगाने से एक बच्चे की मृत्यु के प्रकरण को गंभीरता से लिया है। एक नर्स और वार्ड बॉय को बर्खास्त कर दिया गया। चिकित्सक सहित अन्य के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। चित्रकूट के जिला अस्पताल से जुड़े इस मामले को लेकर प्रारंभिक जांच के बाद दोषी दो फार्मासिस्टों को डिप्टी सीएम के आदेश पर सीएमओ ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं इस मामले में एक नर्स व एक वार्ड बॉय को बर्खास्त भी कर दिया गया है। इस पूरे मामले में एक चिकित्सक की भूमिका की भी जांच कराई जा रही है। फिलहाल चिकित्सक के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही प्रारंभ कराते हुए विस्तृत जांच के लिए एक कमेटी गठित की गई है।

## जेडी एग्रीकल्चर व सेतु निगम के पीपी को नोटिस, नवंबर की रिपोर्ट की कमिश्नर ने की समीक्षा

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में शासन के महत्वपूर्ण प्राथमिकता कार्यक्रमों की माह नवम्बर 2022 की प्रगति रिपोर्ट पर मण्डलीय समीक्षा बैठक का आयोजन आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में हुआसमण्डलायुक्त ने कहा कि सभी जिलाधिकारी जिले में तैनात स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की तैनाती स्थल देखें, उन्होंने कहा कि स्पेशलिस्ट चिकित्सकों को समुचित रूप से जहां ज्यादा उपयोग हो वहां तैनात किया जायस आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के सम्बंध में सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत सभी प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाय।

बैठक में मंडल के सभी जिलों अयोध्या,बाराबंकी, सुल्तान पुर और अमेठी के डीएम, सीडीओ एवं मण्डलीय अधिकारियों के साथ आयोजित की गयी। बैठक में संयुक्त निदेशक कृषि व सेतु निगम के परियोजना प्रबन्धक बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित थे, जिस पर उन्होंने सेतु निगम के परियोजना प्रबन्धक को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी बिना किसी पूर्व अनुमति के मंडल मुख्यालय नही छोड़ेंगे और यदि किसी विभागीय कार्य से उन्हें जाना पड़ रहा है तो वह सूचना दें स बैठक के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त करें, जिसे विभाग के संबंध में पूर्ण जानकारी हों। उन्होंने कहा कि अयोध्या मण्डल के विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं एवं शासन द्वारा संचालित विकास कार्यक्रमो तथा अयोध्या धाम को दिसम्बर 2023 तक विश्व स्तरीय स्वरूप में लाने के लिए संचालित विभिन्न परियोजनाओं को पूरी तत्परता के साथ स्वयं मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य को पूरा करायें। स्वास्थ्य विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुये कहा कि आयुष्मान गोल्डेन कार्ड सभी जिलों में पात्रो के शत प्रतिशत बनाये जाएंस स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत निर्माणाधीन कार्यो के सम्बंध में उन्होंने कहा कि जो कार्य अधूरे है उन्हें पूरा किया जायस जो कार्य पूर्ण हो गये है उन्हें तत्काल हैंड ओवर कर उसमें व्यवस्थाएं संचालित की जाय। मण्डलायुक्त ने सिंचाई विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि नहरों की सिल्ट सफाई बेहतर ढंग की जाय, जिससे नहरों के टेल तक पानी पहुंच सकें। शिल्ट सफाई का सत्यापन आसपास के लोगों से फीडबैक लेकर किया जाय। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुये कहा कि इस योजना के सम्बंध में सभी कृषकों को जागरूक किया जाय तथा अधिकतम कृषकों को इसका लाभ जरूर दिया जाय।

### चौधरी चरण सिंह की जयंती को राष्ट्रीय लोकदल किसान मजदूर जागरण सप्ताह के रूप मनाएगी

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती 23 दिसंबर से 30 दिसंबर तक संपूर्ण प्रदेश में किसान मजदूर जागरण सप्ताह के रूप में मनाई जा रही हैं। रामाशीष राय प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश द्वारा बताया गया कि भाजपा सरकार किसानों व मजदूरों के विरुद्ध षड्यंत्र कर रही हैं। सरकार की सभी नीतियां कॉर्पोरेट घरानों के हित को ध्यान में रखकर बनाई जा रही है। यही कारण है कि गरीबी और बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। वहीं किसान मजदूर जागरण सप्ताह में 23 दिसंबर को चौधरी साहब की जयंती पर हवन पूजन के साथ उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण और किसान हितैषी नीतियों की चर्चा होगी। 30 दिसंबर तक प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सरकार की किसान विरोधी नीतियों पर गोष्ठी ग्राम चौपाल के कार्यक्रम होंगे। किसान मजदूर जागरण सप्ताह समस्त जिलों, विधानसभाओं में सम्पन्न कराने के लिए वसीम हैदर वरिष्ठ नेता रालोद को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है।

## भाजपा का मिशन यूपी, सीएम योगी ने नड्डा और शाह के साथ की मंत्रणा

### निकाय चुनाव पर भी हुआ मंथन




संवाददाता

**लखनऊ।** भाजपा की हाइलेबल मीटिंग हुई जिसमें पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और सीएम योगी आदित्यनाथ के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष भी मौजूद थे। मिशन उत्तर प्रदेश को लेकर बीजपी आलाकमान ने तैयारी शुरू कर दी है। मिशन उत्तर प्रदेश को लेकर बीजपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर एक उच्चस्तरीय और महत्वपूर्ण बैठक हुई।जेपी नड्डा के आवास पर चली इस महत्वपूर्ण बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।उत्तर प्रदेश को लेकर हो रही पार्टी नेताओं की इस उच्चस्तरीय बैठक में जेपी नड्डा और योगी आदित्यनाथ के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष भी मौजूद थे। इस बैठक में उत्तर प्रदेश में होने वाले आगामी स्थानीय निकायों के चुनाव के साथ ही 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भी चर्चा हुई।

### दंत प्रत्यारोपण पर एएमयू के डेंटल कालिज में कार्यशाला संपन्न

**अलीगढ।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के डॉ. जियाउद्दीन अहमद डेंटल कॉलेज के कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडोंटिक्स विभाग ने रिस्टोरेटिव डेंटिस्ट्री में डेंटल इम्प्लांट्स पर दो दिवसीय कार्यशाला और प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एएमयू के प्रो वाइस चांसलर प्रो मुहम्मद गुलरेज ने कहा कि जिन लोगों के दांत नहीं हैं और वे शर्म महसूस करते हैं उनके लिए डेंटल इम्प्लांट बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि दंत प्रत्यारोपण से बोलने और चबाने की क्षमता में भी सुधार होता है। सम्माननीय अतिथि के रूप में कुलसचिव श्री मुहम्मद इमरान आईपीएस, डीन, चिकित्सा संकाय प्रो. एमयू रब्बानी और जेएनएमसी के प्राचार्य प्रो. राकेश भार्गव भी उपस्थित रहे। डॉ. जियाउद्दीन अहमद डेंटल कॉलेज के प्राचार्य प्रो आरके तिवारी ने दंत चिकित्सकों के निरंतर व्यावसायिक विकास के लिए कार्यशाला, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और व्याख्यान आयोजित करने पर जोर दिया। स्वागत भाषण में आयोजन अध्यक्ष प्रो. एसके मिश्रा ने कहा कि प्रशिक्षण पाठ्यक्रम स्नातकोत्तर और स्नातक छात्रों की क्षमता निर्माण में मदद करेगा। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रो. अजय लोगानी (एम्स, नई दिल्ली), डॉ. लक्ष्य कुमार (केजीएमयू, लखनऊ) और प्रो. यूएस पॉल (केजीएमयू, लखनऊ) कार्यशाला के लिए रिसोर्स पर्सन थे। प्रो. अजय लोगानी ने इम्प्लांट बनाम नेचुरल टीथ पर व्याख्यान दिया जबकि डॉ. लक्ष्य कुमार ने व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जबकि प्रो. यू.एस. पॉल ने लाइव सर्जरी की। आयोजन सचिव डॉ. सैयद मुख्तारुल नसर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### एएमयू शिक्षक का आनलाइन व्याख्यान

**अलीगढ़।** अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सामाजिक कार्य विभाग के डॉ. मोहम्मद आरिफखान ने एकेआई पूना कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स, पुणे, महाराष्ट्र के छात्रों के समक्ष 'सामाजिक नवाचार, सामाजिक उद्यमिता और भारत में स्टार्टअप' विषय पर एक ऑनलाइन व्याख्यान प्रस्तुत किया। व्याख्यान में स्नातक अंतिम वर्ष के 60 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस व्याख्यान में समाज के लाभ और राष्ट्रीय विकास के लिए सामाजिक नवाचारों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि युवाओं में नवीन विचारों और रचनात्मकता के साथ आगे आने की अपार क्षमता है और छात्रों को विचारों को विकसित करने और उन्हें सामाजिक विकास के लिए प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

## पहली बार महिला संभालेगी नगर पालिका जायस की कमान

### राजीव गांधी के प्रयास से 1982 में मिला था नगर पालिका का दर्जा

**अमेठी।** अमेठी में नगर निकाय चुनाव का महासंग्राम शुरू हो चुका है। जिले की सबसे पुरानी और बड़ी नगर पालिका की कमान इस बार महिला के हाथों में होगी। इतिहास में ऐसा पहली बार होगा कि जायस नगर पालिका को एक महिला चलाएगी। आरक्षण सूची जारी होने के बाद अमेठी जिले की नगर पालिका जायस को अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित किया गया है। आरक्षण के बाद साफ हुई तस्वीर ने इस सीट पर कब्जा जमाने के लिये चुनाव की तैयारियों में जुटे के दिग्गजों के समीकरणों को बिगाड़ दिया है। आरक्षण की जारी अनंतिम सूची में जिले कि दो नगर पालिकाओं व दो नगर पंचायत में से दो में अध्यक्ष पद पर महिला और दो पर अनारक्षित श्रेणी के लिए आरक्षित हुई है। नगर पालिका परिषद आजादी के बाद पहली बार अध्यक्ष का पद महिला के लिए हुआ है। शासन द्वारा जारी आरक्षण सूची में जायस नगरपालिका परिषद अनुसूचित जाति महिला के लिये आरक्षित किया है।नगर पंचायत अमेठी महिला के लिए आरक्षित हुई है। नगर पंचायत मुसाफिरखाना और नगर पालिका गौरीगंज सामान्य है। सूची जारी होने के पहले कई दिग्गज मैदान में थे लेकिन आरक्षण सूची आते ही कई दिग्गजों के सपने चकनाचूर हो गए। जिले की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी नगर पालिका जायस में 23 वार्ड है। 1982 में पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी के प्रयासों से इसे नगर पालिका परिषद का दर्जा मिला। 1982 से 1999 तक पालिका की जिम्मेदारी प्रशाशक के रूप में रविन्द्र नाथ शर्मा ने संभाली थी। 1999 में निर्दलीय वसी मोहम्मद जायसी यहां से चौयरमैन बने उसके बाद रामअवतार पालिकाध्यक्ष बने। सबसे ज्यादा इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा और राम नारायण कनौजिया लगातार तीन बार यहां से पालिकाध्यक्ष बने।

### फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**गोण्डा।** करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत गौरासिंहपुर के मजरा मुजही में मंगलवार भोर एक विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर छानबीन शुरू की है। भंभुवा पुलिस चौकी क्षेत्र के मुजही गांव निवासी आनंद गुप्ता मंगलवार भोर खेतों में छुट्टा पशुओं को हांकने गया था। कुछ देर बाद लौटा तो पत्नी रूकमीना (24) का शव कमरे में कुंडे से बंधे फांसी के फंदे पर लटका मिला।

## एएमयू में ऊर्जा संरक्षण जागरुकता सप्ताह

**अलीगढ़।** अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग में वृद्धि विश्वविद्यालय में ऊर्जा संरक्षण जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। ऊर्जा संरक्षण और उसके क्रियान्वयन के संदेश को आगे ले जाने के लिए कुलपति के मार्ग निर्देशन में प्रत्येक कार्यालय, विभाग, हॉलों में ऊर्जा मॉनिटर मनोनीत किए गए हैं। विश्व ऊर्जा दिवस हर साल 14 दिसंबर को मनाया जाता है।

और भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा इस दिन को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस घोषित किया गया है। मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) का उद्देश्य भारत द्वारा शुरू की गई स्थिरता की दिशा में बदलाव को सुविधाजनक बनाना अब ऊर्जा संरक्षण के लिए एक वैश्विक आंदोलन है। ऊर्जा संरक्षण जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत कैंपस में इंजीनियरिंग कॉलेज से बाब-ए-सैयद तक मार्च निकाला गया, जिसे एएमयू रजिस्ट्रार श्री मोहम्मद इमरान, आईपीएस, ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।


उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

**वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा** निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य / उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | 1. Advt.-LKO-BSB-OSD-441-22-1 (Advertising on station Premise Digital)<br>2. Advt.-LKO-BSB-OSD-442-22-1 (Advertising on station Premise Digital)<br>3. Advt.-LKO-LKO-OSN-459-22-1 (Advertising on station Premise Non-Digital)<br>4. Advt.-LKO-BSB-OSN-460-22-1 (Advertising on station Premise Non-Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14-12-2022 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 1. 26-12-2022 at 13:00 hrs<br>2. 26-12-2022 at 13:30 hrs<br>3. 26-12-2022 at 13:40 hrs<br>4. 26-12-2022 at 13:50 hrs |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 1. 26-12-2022 at 13:30 hrs.<br>2. 26-12-2022 at 13:40 hrs<br>3. 26-12-2022 at 13:50 hrs<br>4. 26-12-2022 at 14:00 hrs |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of **www.ireps.gov.in** |


3318/2022

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### पत्नी के काम पर जाने के बाद अपनी 9 साल की बेटी से करता था दुष्कर्म

## दुष्कर्मी पिता को उम्रकैद की सजा

**वाराणसी।** अपनी ही नौ वर्षीय पुत्री से दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) अनुतोष कुमार शर्मा की अदालत ने लंका थाना क्षेत्र निवासी अभियुक्त अरुण कुमार को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 51 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की धनराशि में से 80 प्रतिशत धनराशि पीड़िता को दिए जाने का अदालत ने



आदेश दिया है। विशेष लोक अभियोजक मधुकर उपाध्याय के अनुसार लंका थाना क्षेत्र की रहने वाली वादिनी ने लंका थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उसे चार पुत्र व एक पुत्री है और वह लोगों के घरों में चौका-बर्तन करने का काम करती है। आरोप था कि उसका पति अभियुक्त उसके काम पर जाने के बाद उसकी पुत्री के साथ गलत काम करता था और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देता था। जब उसकी पुत्री ने उसे रोते-बिलखते अपनी आपबीती बताई तो उसने अपने पति से विरोध किया तो वह आगबबूला हो गया। जिसके बाद उसके पति ने उसे व उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी देने लगे। जिससे डरकर वादिनी ने अपनी पुत्री को अपने मायके अपने मां-बाप के पास भेज दी। पुलिस ने इस मामले की जनकारी होने पर मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ ही पीड़िता का मेडिकल मुआयना व अदालत में कलम बंद बयान दर्ज कराया था।

# सम्पादकीय

## रुपये में व्यापार

अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर, पाउंड, येन, यूरो जैसी कुछ मुद्राओं का वर्चस्व है. इस कारण अन्य मुद्राओं को इनकी कीमतों के अनुसार संचालित होना पड़ता है. कुछ मुद्राओं की विशिष्टता के उनके देशों का महत्व भी बहुत अधिक होता है तथा वे अपने हितों के अनुरूप कार्य करते हैं. भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में है तथा हमारा अंतरराष्ट्रीय व्यापार लगातार बढ़ता जा रहा है. ऐसे में रुपये को विनिमय के महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में स्थापित करना आवश्यक है. भारत सरकार और रिजर्व बैंक अनेक देशों की सरकारों और केंद्रीय बैंकों के साथ इस संबंध में विचार-विमर्श कर रहे हैं तथा इसमें प्रगति भी हो रही है. कई अंतरराष्ट्रीय बैंकों ने रुपये में भुगतान के लिए विशेष व्यवस्था करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है. इस क्रम में उल्लेखनीय पहल करते हुए सरकार ने व्यापारिक संगठनों और बैंकों से कहा है कि वे दूसरे देशों के साथ संबंधित संभावनाओं की तलाश करें. रुपये में व्यापार की वर्तमान व्यवस्था रूस, मॉरीशस और श्रीलंका के साथ कार्यरत है. इसके अनुभवों का लाभ उठाया जा सकता है. अंतरराष्ट्रीय व्यापार में मुद्रा के अनुरूप विशेष रूप से वोस्ट्रो खाते खोलने होते हैं. व्यापारियों का भुगतान इन्हीं खातों से होता है. अब तक ऐसे 18 विशेष रुपये खाते खोले जा चुके हैं तथा इस प्रक्रिया में 11 बैंक भागीदार हैं. इन खातों के अलावा भारत के लेन-देन के स्थानीय तरीकों को भी अंतरराष्ट्रीय बनाने का आग्रह सरकार की ओर से किया गया है. कुछ मुद्राओं का वर्चस्व भू-राजनीतिक हितों के लिए भी जोखिम साबित हो सकता है. रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर जो आर्थिक पाबंदियां लगायी हैं, उनमें यह प्रावधान भी है कि रूसी मुद्रा रूबल में वे कारोबार नहीं करेंगे.यह मसला भी वैश्विक वित्त बाजार में उठाया जाता रहा है कि मजबूत मुद्राओं वाले देश उनकी कीमतों को अपने फायदे को ध्यान में रखते हुए घटाते-बढ़ाते रहते हैं. ऐसे रवैये से भारतीय मुद्रा भी प्रभावित होती है. यदि मुद्रा की कीमत घटती है, तो निवेश पर भी प्रतिकूल असर होता है तथा बाहर की देनदारियां भी महंगी हो जाती हैं. भारत का द्विपक्षीय व्यापार निरंतर बढ़ता जा रहा है। सरकार विभिन्न देशों के साथ या तो मुक्त व्यापार संधियां कर चुकी है या उनके संबंध में बातचीत चल रही है. जब दो देशों के बीच खरीद-बिक्री हो रही है, तो फिर किसी अन्य असंबद्ध मुद्रा में लेन-देन का कोई बहुत मतलब नहीं रह जाता है. वित्तीय स्वायत्तता को सुनिश्चित करने तथा रुपये को अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक मानचित्र पर स्थापित करने में इस पहल से बड़ी मदद मिलेगी. इस प्रयास में कारोबारियों और बैंकों को अहम भूमिका निभानी है।

## भारत की कुड़ियां दा है जमाना...

दुनिया के हर क्षेत्र में आज की तारीख में महिलाओं का बोलबाला है। महिलाओं ने भारत में अलग-अलग क्षेत्रों में एक खास पहचान बनाकर अपना नाम रोशन किया है। लेकिन जब हम अन्तर्राष्ट्रीय जगत में भारतीय महिलाओं को टॉप लेवल पर देखते हैं तो हमारा सीना भी गर्व से चौड़ा हो जाता है। ऐसी ही अन्तर्राष्ट्रीय संस्था है फोर्ब्स। इसमें दुनियाभर की टॉप शक्तिशाली महिलाओं को शामिल किया जाता है। इस बार भी 100 पावरफुल महिलाओं में भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपनी जगह बनाई है। यह दूसरा मौका है जबकि वह इस अन्तर्राष्ट्रीय संगठन की सूची में शामिल की गयी है। आप कल्पना कीजिए दुनिया के नक्शे पर जो लगभग 200 राष्ट्र हैं उनमें अगर आप 36वें नंबर पर शक्तिशाली महिलाओं की सूची में चुने जाते हैं तो यह कितने बड़े सम्मान की बात है। निर्मला सीतारमण भले ही देश की वित्त मंत्री हैं लेकिन वह एक साधारण परिवार से आती हैं और देश की अर्थव्यवस्था को लेकर हमेशा जागरूक रहती हैं, इसकी मजबूती के लिए सक्रिय रहती हैं तभी देश की सरकार का उनपर भरोसा भी है। वह सचमुच बधाई की पात्र हैं। वह तमिलनाडू से हैं और जेएनयू से इकोनॉमिक्स में एमफिल और एमए हैं। इसी कड़ी में इसी फोर्ब्स की सूची में पांच और महिलाएं हैं जिन्होंने देश का नाम रोशन किया है। एचसीएल टेक की चेयरपर्सन रोशनी नादर मल्होत्रा, सेबी की चेयरमैन माधवीपुरी बुच्च, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया की चेयरपर्सन सीमा मंडल, बायोकॉन की कार्यकारी चेयरपर्सन किरण मजूमदार शाह और नाइका की चेयरमैन फाल्गुनी नायर भी फोर्ब्स की शक्तिशाली महिलाओं की सूची में शामिल होकर भारत को एक ऊंचा मुकाम दिला रही हैं। निर्मला सीतारमण की खूबी यह है कि उनकी रैंकिंक 36वें नंबर पर है और लगातार चौथे वर्ष वह इस सूची में शामिल की गयी हैं। वह इससे पहले 2019, 2020, 2021 में भी इसी संगठन की सूची में शामिल थी। अगर इस कड़ी में हम अमरीका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस जो कि पहली अश्वेत महिला है जो इतने प्रतिष्ठित पद पर पहुंची का उल्लेख न करें तो बात अधूरी रहेगी। वह इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं और भारत के दक्षिण से रिश्ता रखती हैं हालांकि उनकी मां दक्षिण भारत से हैं और पिता जमैका से। तो हम कह सकते हैं कि इस सूची में अगर ग्लोबल टीवी की प्रमुख बेलाबजारिया का जिक्र भी कर लें तो अच्छी बात है। वह भी अमरीकी हैं लेकिन भारतीय मूल की है। तो इस तरह से भारत की सात महिलाएं इस सूची में अपना नाम शामिल कराके एक अलग पहचान प्रस्तुत कर रही हैं। भारतीय मूल की सुष्मिता शुक्ला को न्यूयार्क में फेडरल रिजर्व बैंक की प्रथम उपाध्यक्ष फर्स्ट वाइस प्रेसिडेंट एवं मुख्य परिचालन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# संविधान की प्रधानता सुनिश्चित रहे

**यायपालिका और कार्यपालिका के बीच शक्ति संघर्ष को परिभाषित करते हैं. एक अपने अधिकार को बचाना चाहता है, तो दूसरा अपने अधिकार को थोपना चाहता है. अपनी इतिहास दृष्टि को आगे बढ़ाते सर्वदर्शी नेताओं के साथ सत्ता न्यायपालिका समेत सभी संस्थाओं पर अपने नियंत्रण के लिए प्रतिबद्ध है. परंपराएं, सावधानी और धैर्य की जगह कार्यकर्ता की आक्रामकता ने ली है. असाधारण वकील रहे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ समेत प्रमुख नेताओं ने न्यायिक संरचना को परिभाषित करने के न्यायाधीशों के अधिकार पर प्रश्न उठाया है. तो यह वर्तमान कोलाहल है**

**प्रभु चावला**

भारतीय लोकतंत्र में दो महत्वपूर्ण संस्थाओं के इरादों पर जिरह चल रही है. कौन न्यायाधीशों का आकलन करेगा? कौन सरकार को शासित करेगा? ये प्रश्न न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच शक्ति संघर्ष को परिभाषित करते हैं. एक अपने अधिकार को बचाना चाहता है, तो दूसरा अपने अधिकार को थोपना चाहता है. अपनी इतिहास दृष्टि को आगे बढ़ाते सर्वदर्शी नेताओं के साथ सत्ता न्यायपालिका समेत सभी संस्थाओं पर अपने नियंत्रण के लिए प्रतिबद्ध है. परंपराएं, सावधानी और धैर्य की जगह कार्यकर्ता की आक्रामकता ने ली है। असाधारण वकील रहे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ समेत प्रमुख नेताओं ने न्यायिक संरचना को परिभाषित करने के न्यायाधीशों के अधिकार पर प्रश्न उठाया है. तो यह वर्तमान कोलाहल है क्या? भारत के प्रधान न्यायाधीश के नेतृत्व में तीन सदस्यीय कॉलेजियम उच्च न्यायालयों के जजों के कॉलेजियम द्वारा प्रस्तावित नामों में से भावी जजों का चयन करते हैं. सर्वोच्च या उच्च न्यायालय किसी नाम पर तब तक विचार नहीं करते, जब तक हर उम्मीदवार के बारे में केंद्रीय एवं राज्य एजेंसियों तथा अपनी आंतरिक व्यवस्था से प्रासंगिक जानकारी नहीं आ जाती. शक्ति के विभाजन और संतुलन पर विचार करते हुए संविधान निर्माताओं ने ऐसी स्थिति के बारे में शायद ही सोचा होगा कि विधायिका और कार्यपालिका न्यायपालिका से अधिक शक्तिशाली हो जायेंगे. हाल के दिनों में कार्यपालिका की अत्यधिक शक्ति तथा विधायिका द्वारा अपनी सीमाओं का अतिक्रमण पर न्यायिक निर्णयों पर बेहद तीखी प्रतिक्रियाएं आती रही हैं, लेकिन कोई भी पक्ष लंबित मामलों की बढ़ती संख्या, बड़े पैमाने पर न्यायिक रिक्तियां, खर्चीली व खास विधिक व्यवस्था, संस्थागत शुचिता का लोप तथा ढहता अदालती इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे मसलों के लिए जवाबदेही तय करने की कोशिश नहीं कर रहा. इसकी जगह विधायिका जजों के पदों को भरकर विचाराधारात्मक रूप से प्रतिबद्ध न्यायपालिका नियुक्त करना चाहती है. सरकार कार्यपालिका के कार्यक्षेत्र से संबद्ध मुद्दों पर न्यायपालिका की प्रभुता को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, जो स्वयं वकील रहे हैं, ने कहा कि संसद द्वारा सर्वसम्मति से पारित ऐतिहासिक राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम को न्यायिक रूप से स्थापित सिद्धांत 'संविधान का बुनियादी ढांचा' के आधार सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रद्द कर दिया गया. विश्व के लोकतांत्रिक इतिहास में ऐसी कोई अन्य परिघटना नहीं मिलेगी तथा यह जनादेश का उल्लंघन है. उनकी टिप्पणी राजनीतिक वर्ग तथा सिविल सोसायटी के एक हिस्से की सोच को प्रतिबिंबित करती है. कानून की पढ़ाई किये हुए कानून मंत्री किरेन रिजिजू का मानना है कि कॉलेजियम सिस्टम संविधान के अनुरूप नहीं है. उन्होंने चेताया है कि यह नहीं कहा जाना चाहिए कि सरकार फाइलों को लेकर बैठी हुई है. अगर ऐसा है, तो अदालत फाइल न भेजे और खुद ही जजों को नियुक्त कर ले. इस पर सर्वोच्च न्यायालय नाराज हो उठा. रिपोर्टों के अनुसार, दूसरे सबसे वरिष्ठ जज संजय किशन कौल ने अटॉर्नी जेनरल आर वेंकटरमणी को कहा कि खबरों को तो उन्होंने अनदेखा किया है, पर ऐसा बयान उच्च पदस्थ व्यक्ति से आया है और जरूरत होने पर वे फैसला भी करेंगे. एक सुनवाई के दौरान न्यायाधीश कौल और अभय एस ओका ने कहा कि सरकार न तो प्रस्तावित नामों को स्वीकार कर रही है और न ही अपनी आपत्ति बता रही है. नियुक्ति आयोग बनाने के 2014 के अधिनियम को रद्द करने के बाद से सर्वोच्च न्यायालय और सरकार में ठनी हुई है. इस कारण बड़ी संख्या में जजों के पद रिक्त हैं. वर्ष 1991 के




पहले उच्च न्यायालयों के जज उनके मुख्य न्यायाधीशों द्वारा चुने जाते है, पर उन पर अंतिम मुहर राज्यपाल और मुख्यमंत्री लगाते थे और फिर वे नाम केंद्र के पास आते थे. कार्यपालिका नामों को निरस्त कर सकती थी, जिसके कारण अवांछित और राजनीतिक संपर्क के लोग न्यायिक व्यवस्था में घुसपैठ कर सकते थे. प्रस्तावित नामों के बारे में खुफिया रिपोर्ट अक्सर मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय कानून मंत्री और गृह मंत्री के कार्यालयों में बनती थीं ताकि पसंदीदा नामों को चुना जा सके और विरोधियों को बाहर रखा जाए. बाद में तीन अलग-अलग निर्णयों में सर्वोच्च न्यायालय ने कार्यपालिका के अधिकारों को वापस ले लिया और कॉलेजियम की स्थापना कर दी.

साल 1998 से 2014 तक नेता न्यायपालिका के खिलाफ विधायिका और कार्यपालिका के अधिकार हड़पने का आरोप लगाते रहे, जब सर्वोच्च न्यायालय सरकार के नामों को खारिज करने लगा. साल 2014 में नरेंद्र मोदी की भारी जीत के बाद राष्ट्रीय आयोग का कानून लागू हुआ. विधिक समुदाय के बड़े हिस्से का मानना है कि सरकार का सिस्टम बदलने का विचार इस तथ्य से प्रेरित है कि 2024 तक सर्वोच्च न्यायालय के 32 में से 19 जजों की तथा आधे से अधिक उच्च न्यायालयों की रिक्तियों की भर्ती प्रधान न्यायाधीश डीवाय चंद्रचूढ़ के तहत होगी. कॉलेजियम में असहमति के कारण यूयू ललित के छोटे कार्यकाल में नियुक्तियां नहीं हो सकी थीं. सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 124(ए) के संशोधन का मामला लंबित रखा है, जिसमें सरकार के आलोचकों को हिरासत में लेने का पुलिस को निर्बाध अधिकार है. चूंकि अगले दो साल में सरकार को अहम फैसले लेने हैं, तो नेताओं को लगता है कि ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि ऐसे जजों की नियुक्ति में जनप्रतिनिधियों की भी भागीदारी हो, जो बिना समुचित स्पष्टीकरण के कल्याणकारी योजनाओं और कानूनों को न रोकें।

# नेपाल चुनाव से नया सवेरा

**अरविंद मोहन**


चुनाव नतीजों की अंतिम तस्वीर साफ सामने आये बगैर यदि नेपाल में नयी सरकार बनाने की कवायद शुरू हो गयी है, तो इसकी वजह है कि अब नतीजों की दिशा नहीं बदल सकती. यहां 20 नवंबर को चुनाव हुए थे और काफी कुछ दांव पर था, सबसे अधिक तो हर पार्टी और लोकतंत्र की प्रतिष्ठा ही दांव पर थी. इधर पिछले कुछ वर्षों में नेपाल की राजनीति में जितना कुछ हुआ था, उसने यह शक भी पैदा कर दिया था कि क्या नेपाल बगैर राजशाही चल भी पायेगा, क्या वहां की पार्टियां अपने समाज का मिजाज, वहां की क्षमता का बेहतर इस्तेमाल कर देश बनाने का विचार रखती भी हैं या हवाई नारों और घटिया आचरण से इस गरीब मुल्क के लोगों को सब्जबाग दिखा कर कुछेक लोगों के लिए लूट और सत्ता सुख भोगने का उपकरण भर हैं? हर पार्टी की प्रतिष्ठा गिरी थी. इसमें वे नेता और पार्टी लोगों की नजर में ज्यादा ही गिरे थे, जो किसी भी तरह भारत की तरफ झुके हुए थे.

दो सौ पचहत्तर (275) सीटों वाले नेपाली संसद की 165 सीटों का नतीजा तो हर सीट पर सर्वाधिक मत वाले उम्मीदवार की जीत से तय होना है, जबकि बाकी 110 सीटें पार्टियों को मिले मत के अनुपात से बंटनी हैं. आखिरी हिसाब आने तक जितने नतीजे आये थे, उनसे साफ हो गया था कि नेपाली कांग्रेस की अगुआई वाला पांच दलों का गठबंधन बहुमत पा चुका है. शुरू में लोगों को एक खतरा लग रहा था कि

**इधर पिछले कुछ वर्षों में नेपाल की राजनीति में जितना कुछ हुआ था, उसने यह शक भी पैदा कर दिया था कि क्या नेपाल बगैर राजशाही चल भी पायेगा, क्या वहां की पार्टियां अपने समाज का मिजाज, वहां की क्षमता का बेहतर इस्तेमाल कर देश बनाने का विचार रखती भी हैं या हवाई नारों और घटिया आचरण से इस गरीब मुल्क के लोगों को सब्जबाग दिखा कर कुछेक लोगों के लिए लूट और सत्ता सुख भोगने का उपकरण भर हैं?**

सबसे ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ने के चलते कम्युनिस्ट पार्टी नेपाल- यूएमएल आखिर में आगे आ सकती है.

ओली का रुख भारत के प्रति अनुदार है, इसलिए भी इस नतीजे की कल्पना से भारत के जानकार डरते थे. उन्होंने कालापानी, लिंपियाधुरा और लिपुलेख जैसे इलाके नेपाल के अधीन लाने की घोषणा के साथ चुनाव प्रचार शुरू भी किया था. उनको चीन का साथ ज्यादा सुहाता है जिसकी बड़ी वजह शायद भारत को चिढ़ाना रहा है. भारत की मुश्किल यह रही है कि वह अभी हाल तक नेपाल राजशाही को ज्यादा करीबी पाता था. फिर वह नेपाली कांग्रेस को अपना मानता था, जिसकी



कीमत भी नेपाली कांग्रेस को चुकानी पड़ी थी. वैसे उनके अपने झगड़े, भ्रष्टाचार और नेताओं का आचरण उनकी प्रतिष्ठा गिराने के लिए पर्याप्त थे. यही हाल बाद के समय में मित्र बने माओवादी दल का भी था. पर सबसे बुरा हाल मधेशी दलों का था, जिनका आचरण भी हल्का रहा और जिन्होंने आपसी लड़ाई भी खूब की. यही कारण है कि 51 प्रतिशत जनसंख्या के बावजूद मधेशी लोग एक बार फिर राजनीतिक रूप से हाशिए पर पहुंच गये हैं, पर मधेश को एक जैसा प्रदेश और वहां के पूरे समाज को भारतीय समाज का एक विस्तार भर मानना भी बड़ी गलती है. इस बार भी ऐसा हुआ है कि दो बड़ी पार्टियों के विजयी गठबंधन का हिस्सा होने के बावजूद मधेश की छोटी पार्टियों ने छिटपुट सीटें ही जीती हैं. राजनीतिक अस्थिरता के दौर में यह संख्या भी महत्वपूर्ण हो सकती है, पर प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने इस चुनाव में और उससे पहले गठबंधन बनाने में जो समझदारी दिखाई है, उससे उम्मीद बंधती है कि आगे की स्थितियों को भी वे और यह गठबंधन बेहतर ढंग से संभालेगा. असल में यह समझ ही इस बार के नेपाल चुनाव का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष है कि ऊंचे-ऊंचे आदर्श और वैचारिक नारों की जगह गठबंधन ही नेपाली समाज और राजनीति के लिए सबसे उपयुक्त व्यवस्था है. जब समाज इतनी विविधता से भरा हो और उसके कार्य-व्यापार में परस्पर सहयोग और मेल-मिलाप ही सबसे प्रबल गुण हैं, तो गठबंधन की राजनीति ही उसके सबसे उपयुक्त है. कभी नेपाली कांग्रेस की पहुंच समाज के हर वर्ग और क्षेत्र तक थी, पर उसके कमजोर पड़ने के साथ बिखराव बढ़ा. अब यदि उसकी पहल पर पांच दलों का गठबंधन बना और एकजुट चुनाव लड़ा गया, तो यह नयी शुरुआत है. इस गठबंधन में नेपाली कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है, पर प्रतिपक्षी गठबंधन की तरह यह एकतरफा नहीं थी. इसकी आधी सीटें साझीदारों के पास रहीं. दूसरे, इस बार नेपाली कांग्रेस ने नया नेतृत्व विकसित करने की कोशिश की है. तीसरे, देउबा के साथ माओवादी नेता प्रचंड और एमाले नेता माधव नेपाल का अच्छा मेल है. ऐसा मेल ओली के नेतृत्व वाले गठबंधन में नहीं दिखा. यदि चुनाव होंगे और लोकतंत्र अपनी रंगत में आयेगा, तो उसमें दूसरी चीजें भी निकलेंगी हीं. इस चुनाव में गठबंधन राजनीति का उभार, नेतृत्व का तालमेल, नये नेतृत्व के उभरने और मधेशी पार्टियों एवं मधेश की बिखराव वाली राजनीति का सिमटना बड़ा बदलाव है, तो गीत और संगीत की दुनिया में रचे-बसे रवि लामछिने की नेतृत्व वाली स्वतंत्र पार्टी के उदय ने सबको उनकी राजनीति को गंभीरता से लेने को मजबूर किया. काठमांडू समेत शहरी सीटों पर उनकी पार्टी के प्रदर्शन ने सभी स्थापित दलों के नेताओं को चिंतित किया।

## आलेख

# सवाल के जवाब में कुतर्क

**चुनावी हलचल** और भारत जोड़ो यात्रा के बीच देश में संसद का शीतकालीन सत्र भी शुरु हो गया है। भारत जोड़ो यात्रा के कई उद्देश्यों में एक महंगाई के खिलाफ आवाज उठाना है। वहीं चुनावों में भी महंगाई एक अहम मुद्दा रहा। और अब संसद में भी इस मुद्दे पर चर्चा होना लाजिमी था। शीतकालीन सत्र के चौथे दिन तेलंगाना से कांग्रेस सांसद अनुमुला रेवंत रेड्डी ने प्रश्नकाल के दौरान भारत की गिरती अर्थव्यवस्था पर सरकार का ध्यान दिलाते हुए प्रधानमंत्री मोदी के एक पुराने बयान की याद दिलाई। जिसमें उन्होंने कहा था कि रुपया आईसीयू में पड़ा है, देश का दुर्भाग्य है कि दिल्ली सरकार को देश की चिंता नहीं है। गौरतलब है कि अपने मुख्यमंत्रित्व काल में नरेन्द्र मोदी ने बारंबार यूपीए सरकार को महंगाई के नाम पर घेरा था। वे काफी तल्ख शब्दों में अर्थशास्त्री डॉ.मनमोहन सिंह के शासन की आलोचना करते थे। 2013 में श्री मोदी ने कहा था कि वह हैरान हैं कि यूपीए और रुपये में नीचे गिरने की होड़ लगी है। उन्होंने कहा कि जब देश आजाद हुआ था, तब एक डॉलर की कीमत एक रुपये के बराबर थी। जब अटलजी की सरकार थी, तब यह 42 रुपये पर जा पहुंची और यूपीए सरकार में इसकी कीमत साठ रुपये तक आ गई। नरेन्द्र मोदी ने ये भी कहा था कि जब भारत आजाद हुआ था, तब भी मुल्क की स्थिति आर्थिक रूप से सुदृढ़ थी। लेकिन अब तो ऐसा लगता है कि देश महज एक बाजार बन कर रह गया है। यह बात सब जानते हैं कि जब भारत आजाद हुआ था, तब आर्थिक तौर पर काफी कमजोर था और प. नेहरू की मिश्रित अर्थव्यवस्था की नीति के कारण देश को अपने पैरों पर खड़े होने की ताकत आई। उस

**चुनावों में भी महंगाई एक अहम मुद्दा रहा। और अब संसद में भी इस मुद्दे पर चर्चा होना लाजिमी था। शीतकालीन सत्र के चौथे दिन तेलंगाना से कांग्रेस सांसद अनुमुला रेवंत रेड्डी ने प्रश्नकाल के दौरान भारत की गिरती अर्थव्यवस्था पर सरकार का ध्यान दिलाते हुए प्रधानमंत्री मोदी के एक पुराने बयान की याद दिलाई। जिसमें उन्होंने कहा था कि रुपया आईसीयू में पड़ा है, देश का दुर्भाग्य है कि दिल्ली सरकार को देश की चिंता नहीं है।**

वक्त कृषि और उद्योगों को बढ़ावा देकर भारत को आत्मनिर्भर बनाने की कवायद शुरु हुई।

रूस जैसे मित्रों के सहयोग से सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े उद्योग स्थापित किए गए, ताकि देश में उत्पादन बढ़े और रोजगार भी मुहैया हो। मगर कांग्रेस को गलत बताने के फेर में इतिहास के इन तथ्यों की सुविधाजनक अनदेखी श्री मोदी करते रहे हैं। अब उनके प्रधानमंत्रित्व काल में जब अर्थव्यवस्था काफी कमजोर हो गई है, तब भी इसी सुविधा से उनकी सरकार तथ्यों की अनदेखी कर रही है। और सवालों के जवाब में कुतर्कों का सहारा लिया जा रहा है। कांग्रेस सांसद श्री रेड्डी ने संसद में कहा कि आज सरकार को अपनी कुर्सी बचाने की चिंता है। रुपए गिरने की कोई चिंता नहीं है, कोई एक्शन प्लान नहीं है। जब डॉलर की कीमत 66 रुपए थी, तब इन्होंने कहा था कि रुपया आईसीयू में है, अब रुपये की कीमत 83.20 है।

आईसीयू से दो रास्ते जाते हैं- एक ठीक होकर घर वापस आना और दूसरा मुर्दाघर जाने का। तो अब अगर रुपया 83.20 है तो मतलब हम सीधा मुर्दाघर में जा रहे हैं। रुपए को मुर्दाघर से वापस लाने का क्या कोई एक्शन प्लान है? यह काफी तल्ख लेकिन जरूरी सवाल है। जिस पर सरकार को अगर तुरंत जवाब न देते बने, तो इसके लिए वक्ष्त मांग लेना चाहिए। मगर इसकी जगह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फिर से एक अटपटा बयान दिया। उन्होंने कहा कि श्महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के बावजूद, आज भारत की तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। लेकिन कुछ लोगों को इससे जलन हो रही है। दुख की बात है कि इस पर जलने वाले लोग हमारे सदन में हैं। जब देश आगे बढ़ रहा है।

## दैनिक राशिफल

**मेषः-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

**वृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुनः-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**कर्कः-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा। जरूरी कायरे में आलस्य का त्याग करें।

**सिंहः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कन्याः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली होगी।

**तुलाः-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिकः-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**धनुः-**महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

**मकरः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीनः-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

English

की कमजोरी के कारण रह गए

वर्ना हम भी आज किसी की बाहों में होते

वो Cute लिखती रही

और हम कुत्ते समझते रहे!



## आज का सुविचार

:- सुविचार :-

बड़ी बड़ी बातें करने वाले

बातों में ही रह जाते है

और हलके से मुस्कुराने

वाले बहुत कुछ कह जाते

## संक्षिप्त समाचार

### फिडे मास्टर अरविंदर प्रीत सिंह एमसीडी रैपिड शतरंज ओपन चौंपियन, ऐमन अख्तर सर्वश्रेष्ठ महिला

**लखनऊ।** लुधियाना के फिडे मास्टर अरविंदर प्रीत सिंह ने अखिल भारतीय माई चेस ड्रीम्स (एमसीडी) रैपिड शतरंज ओपन टूर्नामेंट का खिताब बेहतर टाईब्रेक स्कोर के चले जीत लिया। साल 2018 वर्ल्ड एमेच्योर चौंपियन अरविंदर प्रीत ने पूरी चौंपियनशिप में सिर्फ लखनऊ के अंचल रस्तोगी के खिलाफएक अंक गंवाया। शहर के एक होटल में आयोजित दो दिवसीय इस चौंपियनशिप में अरविंदर प्रीत सिंह ने अंतिम राउंड में शानदार प्रदर्शन किया और 7.5 अंक हासिलकिए। दूसरी ओर अंचल रस्तोगी तीसरे स्थान पर रहे। शतरंज क्लब ब्लैक एंड व्हाइट (सीसीबीडब्ल्यू-लखनऊ) द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में अंचल रस्तोगी ने अंतिम राउंड में दो प्यादो के सहारे जीत हासिल की लेकिन टाईब्रेक स्कोर में कानपुर के विवेक कुमार शुक्ला से पिछड़ कर तीसरे स्थान पर रहे। विवेक शुक्ला ने कई शीर्ष खिलाड़ियों को मात दी और उन्हें दूसरा स्थान मिला। वेटरन में केके खरे आधे अंक की बढ़त के साथ पहले स्थान पर रहे। वहीं बहराइच के कमर नईम व लखनऊ के मोहम्मद असलम तीसरे स्थान पर रहे। बच्चों की श्रेणी में अंडर-9 आयु वर्ग में इलाहाबाद के सात वर्षीय मोहम्मद इस्माइल सिद्दीकी शानदार प्रदर्शन के साथ सर्वाधिक पांच अंक जुटाकर पहले स्थान पर रहे। सर्वश्रेष्ठ महिला का पुरस्कार लखनऊ की ऐमन अख्तर को मिला जिन्होंने एक अंक के अंतर से पूर्णिमा सक्सेना और जुसफिक्रा लिलियम लोबो को पछाड़ा।समापन समारोह में मुख्य अतिथि अवध आईटीआई की प्रिंसिपल अग्निशिखा वर्मा ने पुरस्कार वितरित किए।

### जेलों में कैदियों के लिए की जा रही सबसे बेहतर व्यवस्था, पहले थी बद से बद्तरः शुरेश राही

**बहराइच।** जिला कारागार राज्यमंत्री ने एकदिवसीय दौरे पर मंगलवार को जनपद बहराइच पहुंचे। उत्तरप्रदेश सरकार के जिला कारागार मंत्री शुरेश राही ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री सुरेश राही ने निरीक्षण के दौरान कैदियों के रहन सहन और खानपान की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद जिला कारागार मंत्री ने कहा कि आज जेलों में कैदियों के लिए सबसे बेहतर व्यवस्था की जा रही है। पहले की सरकारों में जेल में रहने वाले कैदियों की हालत बद्तर रहती थी, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में सबसे आधुनिक एवं बेहतर व्यवस्थाएं की जा रही है। प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री कारागार सुरेश राही मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित लोक निर्माण विभाग के निरक्षण भवन पहुंचे। यहां पर सिपाहियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। विभागीय अधिकारियों से वार्ता की। इसके बाद राज्यमंत्री ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि पहले प्रदेश के सभी जेलों की स्थिति काफी खराब थी। लेकिन जब से प्रदेश में योगी की सरकार आई है, तब से से जेलों में काफी सुधार हुआ है।

राज्यमंत्री ने कहा कि अब जेल के अंदर कोई खराब गतिविधि नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि ठंड से बचाव के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट ज्योति राय, सीओ राजीव सिसोदिया, जेलर आनंद शुक्ला, भाजपा नेता समय प्रसाद समेत अन्य मौजूद रहे।

### सपा ने निकाय चुनाव में घोषित किए प्रत्याशी

**बहराइच।** समाजवादी पार्टी बहराइच ने आसन्न नगर निकाय चुनाव के लिए नगर पालिका चुनाव के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिया। नगर पालिका परिषद बहराइच के अध्यक्ष पद के लिए तेजे खां एडवोकेट को प्रत्याशी घोषित किया है। यह दो बार नगर पालिका परिषद बहराइच के अध्यक्ष रह चुके हैं। वह वर्तमान में सीरत कमेटी बहराइच के अध्यक्ष हैं। पार्टी ने नगर पंचायत जरवल के लिए इंतजार अहमद उर्फ मिथुन को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। इंतजार अहमद की पत्नी तस्लीमा बानो वर्तमान में नगर पंचायत जरवल की अध्यक्ष हैं। नवगठित नगर पंचायत कैसरगंज में पार्टी ने यूसुफ अली को अध्यक्ष पद के लिए अपना प्रत्याशी घोषित किया है, जबकि पयागपुर में पारुल श्रीवास्तव सपा की प्रत्याशी होंगी। पारुल श्रीवास्तव पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव की अनुज वधू हैं। इसके अलावा पार्टी ने बहराइच नगर पालिका के विभिन्न वार्डों के लिए भी प्रत्याशियों की घोषणा की है। यह जानकारी पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने सूची जारी कर दी है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रत्याशियों के नाम की घोषणा पूर्व मंत्री याशर शाह व विधायक कैसरगंज आनंद यादव की सहमति से की गई है ।

### हॉर्स शो में एएमयू राइडर ने जीते गोल्ड व सिल्वर मेडल

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की छात्रा कुलसुम सलाहुद्दीन ने गाजियाबाद में आयोजित दो अलग-अलग हॉर्स शो में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार हासिल किया। कुलसुम ने राज्य स्तरीय घुड़सवारी प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश हॉर्स शो में स्वर्ण पदक और क्षेत्रीय गाजियाबाद हॉर्स शो में रजत पदक प्राप्त किया।

कुलसुम ने कहा इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने से एएमयू को उच्च स्तर पर प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलता है और पदक जीतने से बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए क्वालीफाई करने का अवसर मिलता है। मुझे अभी भी विश्वविद्यालय के लिए बहुत कुछ सीखना और हासिल करना है। कुलसुम इससे पहले कई राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर की घुड़सवारी प्रतियोगिताएं जीत चुकी हैं। वह एएमयू हॉर्स राइडिंग क्लब में सेक्शन कमांडर हैं और भूगोल विभाग में पीएचडी की छात्रा हैं।

### एएमयू के चार छात्र कनाडा में रिसर्च इंटर्न के तौर पर काम करेंगे

**अलीगढ।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जाकिर हुसैन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के चार बी.टेक इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग छात्रों को कनाडा के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में काम करने के लिए मैटेक्स ग्लोबललिंक रिसर्च इंटर्नशिप से सम्मानित किया गया है। विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर इकराम खान ने बताया कि चयनित छात्र युसूफ अहमद खान, सारिम खान, अहम गुप्ता और यश प्रताप सिंह क्रमशः 2023 के ग्रीष्मकालीन सत्र से अथाबास्का विश्वविद्यालय, रायर्सन विश्वविद्यालय, साइमन फ्रेजर विश्वविद्यालय और पॉलीटेक्निक मॉन्ट्रियल में शोध प्रशिक्षु के रूप में काम करेंगे।

### एएमयू में सफाई अभियान

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की एनसीसी यूनिट के कैडेटों ने आठ दिवसीय 'कैंपस एंड मेडिकल कैंपस सफाई अभियान' में भाग लिया।

कॉय कमांडर्स लेफ्टिनेंट डॉ फारूक ए डार और लेफ्टिनेंट नजफ अली खान ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज और बाकी विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान के अलावाय इस कार्यक्रम में एक जागरूकता रैली, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक कचरे का संग्रह, यमुना और गंगा स्वच्छता अभियान और काली नदी स्वच्छता अभियान भी शामिल थे। कर्नल आर के सागवान ने एनसीसी कैडेटों को पूरे देश में स्वच्छता जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। इस अभियान में 1ध8 कंपनी के 45, 2ध8 कंपनी के 55 और यूपी बटालियन के 8 कैडेटों ने भाग लिया।

### एएमयू गर्ल्स स्कूल में स्पोर्ट्स वीक संपन्न

**अलीगढ।** एएमयू गर्ल्स स्कूल में सप्ताह भर चलने वाले खेल सप्ताह 2022-23 में आयोजित बैडमिंटन, खो खो, बास्केटबॉल, क्रिकेट और कबड्डी इंटर क्लास टूर्नामेंट में 12वीं कक्षा की टीमों ने जीत हासिल की। इस बीच, योग, टेबल टेनिस और वॉलीबॉल मुकाबलों में ग्यारहवीं कक्षा की टीमों ने बाजी मारी। श्रीमती आमना मलिक (प्राचार्य, एएमयू गर्ल्स स्कूल) ने कहा कि 'टूर्नामेंट ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा की टीमों के बीच खेले गए। कार्यक्रम के आयोजन में स्पोर्ट्स शिक्षक अफशां वहीद खान, सुश्री आरफीन बानो व मोहम्मद वसीम अहमद का सक्रिय योगदान रहा।

### पोस्टर प्रस्तुति में एएमयू रिसर्च स्कॉलर को मिला पुरस्कार

**अलीगढ।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के जूलॉजी विभाग में रिसर्च स्कॉलर काजल गौर को 'सोसाइटी फॉर अल्टरनेटिव्स टू एनिमल एक्सपेरिमेंट्स', डिपार्टमेंट ऑफ जूलॉजी एंड एडवांस सेंटर फॉर रीजनरेटिव मेडिसिन एंड स्टेम सेल रिसर्च, क्यूटेनियस बायोलॉजी और श्रीचित्र इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, तिरुवनंतपुरम, केरल के 5वें सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुति के लिए द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

# उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेन्सिक साइंसेज में आगामी शैक्षणिक सत्र से पढ़ाई की होगी शुरुआत

**इंस्टीट्यूट में आगामी शैक्षणिक सत्र से शिक्षण कार्य की शुरूआत किये जाने सहित सभी जरूरी बिन्दुओं पर बैठक में गहन विचार-विमर्श किया गया।**

संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नवनिर्मित होने वाले स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेन्सिक साइंसेज, लखनऊ के संचालन हेतु गठित बोर्ड आफगवर्निंग बाडी की चतुर्थ बैठक प्रमुख सचिव, गृह संजय प्रसाद की अध्यक्षता में आज यहां लोक भवन स्थित सभा कक्ष में सम्पन्न हुई। इंस्टीट्यूट में आगामी शैक्षणिक सत्र से शिक्षण कार्य की शुरूआत किये जाने सहित सभी जरूरी बिन्दुओं पर बैठक में गहन विचार-विमर्श किया गया। इंस्टीट्यूट के प्रस्तावित विभागों में फिंगर प्रिंटिंग विभाग को भी जोड़े जाने का अनुमोदन बैठक में प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि इस इंस्टीट्यूट के अन्तर्गत फोरेंसिक साइन्स से संबंधित विभिन्न विषयों यथा आगामी शिक्षण सत्र हेतु तीन पाठ्यक्रमों क्रमशः एम0एस0सी0 फोरेन्सिक साइन्स, पी0जी0 डिप्लोमा इन फोरेन्सिक डाक्यूमेन्ट इग्जामिनेशन तथा पी0जी0 डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी कोर्सेज की शुरूआत किये जाने की रूपरेखा तैयार की गई है जिस पर उच्चानुमोदन प्राप्त किये जाने के निर्देश दिये गये है। उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक साइंसेज में चल रहे निर्माण कार्यों को अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप गुणवत्तापरक तरीके से त्वरित गति से संचालित कर प्रत्येक दशा में कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किये जाने के कड़े निर्देश भी दिये गये है ताकि



आगामी शैक्षणिक सत्र की शुरुआत प्रत्येक दशा मे सुनिश्चित की जा सके। संस्थान तक पहुंच बढ़ाने हेतु एपरोच रोड के निर्माण का कार्य भी निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किये जाने के भी निर्देश दिये गये हैं। गवर्निंग बाडी की इस चतुर्थ बैठक मे इंस्टीट्यूट के निर्माण कार्य में और अधिक तेजी लाये जाने हेतु उपलब्ध करायी गयी प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा भविष्य की आवश्यकताओं पर भी गहन विचार-विमर्श किया गया। साथ ही इच्छुक छात्रों के प्रवेश हेतु ए0के0टी0यू0 के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया परीक्षा द्वारा पूर्ण कराये जाने पर भी विचार किया गया। प्रस्तावित पाठ्यक्रम हेतु फीस, शैक्षणिक योग्यता तथा सीटों की संख्या आदि पर भी विचार किया गया। इंस्टीट्यूट मे एकेडमिक कार्यो हेतु प्रस्तावित 94 पदों के सापेक्ष प्रथम चरण में 29 पदों को भी नियमानुसार शीघ्र भरे जाने पर भी विचार किया गया ताकि शैक्षणिक कार्यो के संचालन में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो सके।

## प्रबंध संस्थान रहमान खेड़ा पहुंचा, ब्रह्माकुमारीज का आत्म निर्भर किसान अभियान

संवाददाता

**लखनऊ।** आज आत्मनिर्भर किसान अभियान उत्तर प्रदेश के राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में पहुंचा, जहां पर संस्थान के निदेशक डॉ पंकज त्रिपाठी, अपर कृषि निदेशक डॉ पी के गुप्ता, संयुक्त कृषि निदेशक, उप कृषि निदेशक तथा अन्य अधिकारियों ने आभियान दल के सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया। संस्थान के ऑडिटोरियम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए प्रगतिशील किसानों को संबोधित करते हुए, राज योगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग की राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य तथा कृषि विभाग में सहायक निदेशक के पद पर कार्य करने का 21 वर्षों का अनुभव रखने वाले भ्राता बद्री विशाल तिवारी ने बताया कि हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति, कृषि आधारित थी। उस प्राचीन ऋषि कृषि को ही हम यौगिक खेती कहते हैं। आज रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव से प्रकृति और मानवता को बहुत बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। किसान आर्थिक सामाजिक और मानसिक रूप से बेहद कमजोर हो चुका है। हम फिर से उस भारतीय प्राकृतिक कृषि को अपनाकर किसानों को आर्थिक सामाजिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बना सकते हैं। अन्न और मन को शुद्ध करके स्वर्णिम भारत बना सकते हैं। यही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही 'लखनऊ की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका इंदिरा दीदी जी ने' किसानों के मानसिक सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया और सभा में उपस्थित किसानों से किसी एक बुराई का दान करने का संकल्प कराया। राज्य कृषि प्रबंध संस्थान के निदेशक डॉ पंकज त्रिपाठी ने संस्था के इस बेहद की भावना और कल्याणकारी अभियान को सराहा तथा अपना हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

## एयर मार्शल एयर ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ मेंटेनेंस कमांड का वायु सेना अस्पताल कानपुर दौरा

संवाददाता

**लखनऊ।** एयर मार्शल विभास पांडे, एयर ऑफिसर कमांडिंग इन चीफमेंटेनेंस कमांड, भारतीय वायु सेना ने 13 दिसंबर को वायु सेना अस्पताल कानपुर का दौरा किया, उनके साथ रुचिरा पांडे, अध्यक्ष वायु सेना परिवार कल्याण संघ (क्षेत्रीय), मेंटेनेंस कमांड भी थी। एयर मार्शल को सेवारत, पूर्व कर्मियों एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को अस्पताल द्वारा प्रदान की जा रही चिकित्सीय देखभाल के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों का दौरा किया और अस्पताल की विभिन्न चुनौतीपूर्ण और जटिल मुद्दों के प्रबंधन में वायु योद्धाओं, सैन्य नर्सिंग अधिकारियों एवं असैनिक कर्मियों द्वारा किए जा रहे असाधारण प्रयासों की सराहना की। उन्होंने,कोविड महामारी की कठिन एवं चुनौतीपूर्ण समय के दौरान अस्पताल की भूमिका की प्रंशसा की।अस्पताल के अपने विंडशील्ड दौरे के दौरान एयर ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ ने विभिन्न परियोजनाओं का भी निरीक्षण किया एवं उन्हें अस्पताल द्वारा किए जा रहे भविष्योमुखी विकास के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने प्रदत्त कर्तव्यों को पूरा करने हेतु अस्पताल में अपना पूरण विश्वास व्यक्त किया।रुचिरा पांडे ने अफ्वा (एल), केंद्र परिवार वार्ड परिसर का दौरा किया एवं मरीजों से कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने वायु सेना परिवार कल्याण संघ के विभिन्न उपक्रमों द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों की सराहना की एवं संगिनियों को कल्याण गतिविधियों में अपनी उत्कृष्टभागीदारी जारी रखने को प्रोत्साहित किया।

### लेफ्टिनेंट जनरलवी साबिद सैयद ने बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी

**लखनऊ।** लेफ्टिनेंट जनरल वीसाबिद सैयद ने कमांडेंट आर्मी मेडिकल कोर सेंटर और कॉलेज एंड ऑफिसर-इन-चार्जएएमसीरि कॉर्ड्स का पदभार ग्रहण किया। जनरल ऑफिसर ने अपनी मातृ भूमिकी रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर सैनिकों को सेना चिकित्सा कोर केंद्र एवं कॉलेज लखनऊ के युद्धस्मारक श्रद्धांजलि पर पुष्पचक्र अर्पितकर श्रद्धांजलि दी। इस समारोह में आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एंड कॉलेज, लखनऊ के अधिकारियों, जूनियर कमीशंड अधिकारियों, जवानों और रंगरूटों ने भाग लिया। जनरल ऑफिसरको 10 जनवरी 1986 को आर्मी मेडिकल कोर में नियुक्त किया गया था। उन्होंने एमसीजी मेडिकल कॉलेज, बेरहामपुर से एमबीबीएस की डिग्री और एसएसजीएच और मेडिकलकॉलेज (बड़ौदा) सेएमडी (पीएसएम) की डिग्री हासिल की। उन्होंने अपने लंबे और शानदार करियर में सशस्त्र बलों की विभिन्न प्रशासनिक और पेशेवर नियुक्तियों में काम किया है।

## लखनऊ में 12500 अवैध निर्माण, हाईकोर्ट ने एलडीए से मांगा जवाब

संवाददाता

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने जनहित याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान बहुमंजिला इमारतों के अवैध निर्माण के मामले में एलडीए से जवाब तलब किया है। अगली सुनवाई नौ फरवरी को होगी। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल व न्यायमूर्ति रजनीश कुमार की खंडपीठ ने रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल अशोक कुमार की याचिका समेत चार अन्य याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए दिया। याचिका में बताया गया कि राजधानी की तमाम बहुमंजिला इमारतें अवैध तरीके से बनाई गई हैं। इनमें से कुछ में स्वीकृति से ज्यादा मंजिलें बना दी गईं तो कई में अवैध निर्माण किया गया। एलडीए ने कुछ की पहचान तो की है, लेकिन आज तक एक को भी ध्वस्त नहीं किया गया। अवैध



निर्माण में अधिकारियों की मिलीभगत है, लेकिन इनके खिलाफ अभी तक कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट ने एलडीए से विस्तृत जवाब मांगा है।

शहर में इस वक्त करीब 12,500 अवैध निर्माण हैं। इनमें अपार्टमेंट, कॉम्प्लेक्स, रो हाउसेस, प्लॉटिंग सोसाइटी शामिल हैं। शासन-प्रशासन ने समय-समय पर इन पर अंकुश लगाने के लिए आदेश दिए, मगर हुआ कुछ नहीं। होटल लेवाना सुइट्स अग्निकांड के बाद इनकी रफ्तार और बढ़ गई। इसके लिए प्रवर्तन के इंजीनियर व अफसर जिम्मेदार हैं। आवासीय भूखंडों पर सबसे ज्यादा होटल गोमतीनगर, शहीद पथ के किनारे व गोमतीनगर विस्तार में बने हैं। एलडीए की सीलिंग के बावजूद ये इमारतें गुपचुप तरीके से बनकर तन गईं। इन पर कभी एलडीए का बुलडोजर नहीं चल सका।

## नगर विकास मंत्री ने वातावरण को स्वच्छ बनाने के दिए निर्देश, गंदगी फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सभी नगरीय निकाय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहां कि नगरीय जीवन को और श्रेष्ठ बनाने के लिए सभी को अभी और प्रयास करना तथा वातावरण को और स्वच्छ बनाना है। राज्य के छोटे बड़े सभी शहरों की साफ-सफाई और सुंदरीकरण कार्य की जो मुहिम चल रही है। उसे निरंतर चलाते रहना है। सफाई कार्यों में मशीनों का भी निरंतर प्रयोग किया जाय। शहरों में साफ-सफाई को निरंतर बनाए रखने के लिए आमजन की भी सहभागिता कराई जाए तथा जो



भी गंदगी फैला रहे। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा हैं। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने नगर सुशोभन अभियान के समापन अवसर पर जल निगम के फील्ड हॉस्टल श्संगमश् में वर्चुअल बैठक कर अधिकारियो को लेकर साफ सफाई के निर्देश दिए। इस दौरान नगरों के सुंदरीकरण एवं सफाई स्वच्छता के लिए स्वच्छ त्यौहार उत्सव, नगरसेवा पखवाड़ा, नगर सेवा अभियान, श75 घंटे, 75 जिला,750 निकायश् अभियान चलाए गए। विशेष सफाई अभियान के दौरान नगरों के 4000 कूड़ा स्थलों को साफ किया गया। निदेशक सूडा यीशु रुस्तगी को एक्शन प्लान बनाने के निर्देश दिए। प्रबंध निदेशक जल निगम अनिल कुमार को पाइपलाइन, सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़कों का शीघ्र जीर्णोद्धार व लैपटॉप कराने को कहा हैं। बैठक में सचिव नगर विकास अनिल कुमार, निदेशक सूडा यीशु रुस्तगी के साथ सभी निकाय अधिकारियो ने वर्चुअली प्रतिभाग किया।

### तेंदुए ने वृद्ध पर किया हमला, ग्रामीणों के शोर मचाने पर जंगल में भागा

**बहराइच।** नानपारा रेंज के भिनगापुरवा गांव में शौच करने गए वृद्ध पर तेंदुए ने हमला कर दिया। वृद्ध के शोर मचाने पर लोग दौड़े तो तेंदुआ वृद्ध को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना वन विभाग को दी गई है। बहराइच वन प्रभाग के नानपारा रेंज अंतर्गत ग्राम भिनगा पुरवा निवासी जगदीश यादव (60) मंगलवार को शौच के लिए खेत पर गया था। वहां तेंदुआ ने वृद्ध के दोनों हाथ को जबड़े में दबोच लिया। वृद्ध ने शोर मचाते हुए तेंदुए से संघर्ष किया। इस पर तेंदुआ ने चेहरे पर झपट्‌टा मार दिया। तेंदुआ के हमले में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया।

## अपराधियों पर नकेल कसेगा त्रिनेत्र अभियान

**हर घर कैमरा से सुरक्षित होंगे परिवार, एडीजी जोन ने शुरू की पहल**

**बस्ती।** आपरेशन त्रिनेत्र अभियान से अपराधियों, अराजक तत्वों पर लगाम लगेगी। गोरखपुर पुलिस जोन में एडीजी अखिल कुमार की पहल पर इस अभियान को शुरू किया गया है। आपरेशन त्रिनेत्र अभियान का उद्देश्य अपराधियों, अराजक तत्वों पर अंकुश लगाना है। सीसीटीवी की जद में आने के खौफ से अपराधी अपराध करने से डरेंगे। यदि उनके द्वारा कोई अपराध किया जाएगा तो उनकी पहचान हो जाएगी और वे पुलिस शिकंजे में होंगे। एडीजी जोन अखिल कुमार ने बताया कि पूरे गोरखपुर पुलिस जोन में त्रिनेत्र अभियान शुरू किया गया है। प्रमुख चौराहों, बाजारों, मोहल्लों में घरों के बाहर सीसीटीवी लगवाने के लिए नागरिकों को प्रेरित किया जा रहा है। कहा कि उनका मानना है कि जिस जगह पर निगाह रखी जाती है, अपराधी और अराजक तत्व उस स्थान को छोड़ देते हैं। ऐसे में त्रिनेत्र अभियान अपराधियों, अराजक तत्वों पर नकेल कसने में काफी कारगर होगा।

बताया कि त्रिनेत्र अभियान का असर भी दिखने लगा है। जोन के जिलों में पुलिस की इस पहल को सहयोग मिल रहा है। जागरूक नागरिक, व्यापारी चौराहों को गोद लेकर सीसीटीवी लगवा रहे है।

### प्रमुख चौराहों पर लगे ट्रैफिक सिग्नल खराब

**बस्ती (यूएनएस)।** जिले की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए साल 2017 में शहर के प्रमुख चौराहों पर सिग्नल की व्यवस्था की गई थी। तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने इस योजना पर लगभग 8 लाख रुपए खर्च किए थे। शुरुआती दिनों में ट्रैफिक व्यवस्था के लिए यह काफी कारगर रहा। लेकिन अब आलम यह है कि लगभग सभी सिग्नल खराब हो गए हैं। खराब पड़े इन सिग्नलों को देख कर ऐसा लग रहा है मानों ये जिम्मेदारों को मुंह चिढ़ा रहे हों। यातायात माह में भी शहर के प्रमुख चौराहों पर लगे ट्रैफिक सिग्नल को ठीक कराने की दिशा में जिम्मेदार गंभीर नहीं दिखे। बता दें कि शहर का प्रमुख चौराहा कहे जाने वाले कंपनीबाग पर लगा ट्रैफिक सिग्नल सालों से खराब है। इसके चलते चालक सरपट वाहनों को दौड़ा रहे हैं। यही हाल रोडवेज तिराहे पर है। यहां की ट्रैफिक लाइट भी बंद पड़ी है। वाहनों के रेले के चलते यहां अक्सर जाम लग जाता है। अस्पताल चौराहे पर लगा ट्रैफिक सिग्नल भी इधर से गुजरने वाले वाहनों के लिए मात्र दिखावा साबित हो रहा है। ट्रैफिक पुलिस के मौजूद रहने पर आने जाने वाले वाहनों के चालक ट्रैफिक नियमों का पालन करते दिखाई देते है, लेकिन उसके बाद ट्रैफिक रूल का पालन करना मुनासिब नहीं समझते। इसके चलते अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। लोगों का कहना है कि ट्रैफिक सिग्नल लगने से काफी सहूलियत थी, लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करते दिखाई देते थे।

## जिले में तैनाती स्थल पर डाक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं

**बस्ती (यूएनएस)।** मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने तैनाती स्थल पर डॉक्टरों एवं शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। मण्डलीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में कहा कि सभी अस्पतालों में मानक के अनुरूप दवाओं की उपलब्धता रहे, बाहर की दवाई न लिखी जाए, सुनिश्चित करें कि मरीजों का पैथोलॉजिकल टेस्ट अस्पताल में ही कराया जाए। वार्ड, ओपीडी, चिकित्सालय परिसर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने, अभियान चलाकर पात्र व्यक्तियों के गोल्डन कार्ड बनाने का निर्देश दिया। कहा कि

● बाहर की दवाएं न लिखी जाए, अस्पताल में ही कराएं पैथालाजिकल टेस्टः कमिश्नर

महिला डॉक्टरों की तैनाती सभी प्रमुख अस्पतालों में की जाए। मातृ मृत्यु दर में वृद्धि रोकने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं, पिछले वर्ष के जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थी एवं आशा का भुगतान तत्काल सुनिश्चित कराया जाए। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को निर्देशित किया कि प्रत्येक



जिले में 10-10 अतिकुपोषित बच्चों का नियमित मॉनिटरिंग कर उनके स्वास्थ्य में सुधार कराया जाए। मैम, सैम, गर्भवती महिलाओं में खून की कमी पाए जाने पर उचित उपचार करें, न्यू बार्न बेबी की ट्रैकिंग में तेजी लाएं। धन की उपलब्धता के बावजूद बस्ती मेडिकल कॉलेज में एसएनसीयू की स्थापना न किए जाने पर प्रधानाचार्य से बात कर शीघ्र स्थापना कराएं जाने का डीएम को निर्देश दिया।

**बाल व शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए दिया गया प्रशिक्षण**

## हर बच्चे की मृत्यु की होगी समीक्षा, दूर की जाएंगी कमियां

**बस्ती(यूएनएस)।** जिले में 5 दिवसीय मंडल स्तरीय बाल मृत्यु समीक्षा प्रशिक्षण एवं अभिमुखीकरण कार्यशाला का मंगलवार को समापन हुआ। एएनएमटीसी में आयोजित कार्यक्रम में मंडल के तीनों जिलों की सीएचसी के मेडिकल ऑफिसर, डीपीएम, डीसीपीएम, बीपीएम, बीसीपीएम ने प्रतिभाग किया। सभी को समीक्षा के लिए उपलब्ध फार्म में सूचनाएं भरने के लिए प्रशिक्षित किया गया। यह अपने ब्लॉक में आशा,एएनएम को प्रशिक्षित करेंगे। यूनीसेफ के मंडलीय पर्यवेक्षक सुरेंद्र शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में बाल व शिशु मृत्यु दर को न्यूनतम करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। अब हर बच्चे की मौत की समीक्षा होगी। समीक्षा में मिलने वाली कमियों को दूर किया जाएगा। प्रसव के बाद बच्चे के शारीरिक दोष की पहचान कर उचित प्रबंधन के सहारे मृत्यु को कम किया जाएगा। 37 सप्ताह से अधिक का बच्चा होना चाहिए व उसका वजन न्यूनतम 2.5 किलोग्राम होना चाहिए। बच्चे का वजन अगर इससे कम है तो उसे प्री टर्म मानते हुए यह बच्चे में सम्भावित कम्पलीकेशन के प्रति सतर्क हो जाना चाहिए। 2000 ग्राम से कम वजन होने पर बच्चे को तत्काल एसएनसीयू या एनबीएसयू के लिए रेफर कर देना चाहिए। इसके लिए सरकारी एम्बुलेंस 102,108 की सेवा उपलब्ध है। मुख्य प्रशिक्षक मेडिकल कॉलेज की बालरोग विभाग की अध्यक्ष डॉ. अलका शुक्ला ने कहा कि प्रत्येक गर्भवती का पंजीकरण जरूर कराएं। जो एमसीपी (मदर चाईल्ड प्रेग्नेंसी) कार्ड उसे दिया जा रहा है, उसमें दर्ज दिशा-निर्देशों को जानने के लिए उसे प्रेरित करना होगा। डॉ. प्रियंका केसरवानी ने कहा कि गर्भधारण के बाद से आवश्यक जांच कराना, आवश्यक टीके लगवाना, नवजात को जीरो डोज लगवाना जरूरी है। संस्थागत प्रसव के लिए महिलाओं को प्रेरित किया जाए। जिला मातृ स्वास्थ्य सलाहकार राजकुमार ने बताया कि प्रदेश में बाल मृत्युदर 5 साल में 43, एक साल में 38 व 28 दिन में 28 मौत प्रति हजार जीवित बच्चा है, जो राष्ट्रीय औसत से कुछ ज्यादा है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार कर इसे और कम किया जाएगा।

### डेढ़ किलोग्राम चरस के साथ नेपाली महिला गिरफ्तार, पूछताछ जारी

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) की एक संयुक्त टीम ने यहां भारत-नेपाल सीमा के नजदीक से एक नेपाली महिला के पास से करीब डेढ़ किलोग्राम चरस बरामद की है। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारी के बाद से पुलिस ने उससे पूछताछ शुरू की है।

बता दें कि पुलिस ने मंगलवार को बताया कि, महिला की पहचान नेपाल की नागरिक सुष्मिता शाही के तौर पर हुई है।

# राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता

## राष्ट्रीय लोकदल किसानों मजूदरों के विरुद्ध किये जा रहे षड़यंत्र को देश के लिए घातक मानता

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में पत्रकार बन्धुओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि राष्ट्रीय लोकदल द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह जी की जयन्ती 23 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक सम्पूर्ण प्रदेश में किसान मजदूर जागरण सप्ताह के रूप में मनाया जायेगा, जो समस्त जनपदों में सम्पन्न होगा।




राष्ट्रीय लोकदल किसानों मजूदरों के विरुद्ध किये जा रहे षड़यंत्र को देश के लिए घातक मानता है। सरकार की नीतियां और नीयत किसान मजदूर और छोटे व्यापारियों के विरुद्ध हैं। सरकार की सभी नीतियां कार्पोरेट घरानों के हितों को ध्यान में रखकर बनायी जा रही है यही कारण है कि गरीबी और बेरोजगारी बढती जा रही है। मंहगाई आसमान छू रही है और देश की सम्पदा पर मुटठी भर लोगों का कब्जा होता जा रहा है।

किसान मजदूर जागरण सप्ताह में 23 दिसम्बर को चौधरी साहब की जयन्ती पर हवन पूजन के साथ उनकी मूर्ति पर मार्ल्यापण एवं उनकी किसान हितैषी नीतियों की चर्चा होगी तथा 30 दिसम्बर तक प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सरकार की किसान विरोधी नीतियों पर गोष्ठी, ग्राम चौपाल तथा भ्रमण के अतिरिक्त सहभोज आदि के कार्यक्रम होंगे।

राष्ट्रीय लोकदल केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के साथ किये गये वादों एवं समझौतों का पालन न करने की घोर भर्त्सना करता है तथा इसे किसानों के साथ विश्वासघात मानता है। एक वर्ष से अधिक समय तक किसानों द्वारा आयोजित धरने में लगभग 750 किसानों ने शहादत दिया फिर भी न एमएसपी पर कानून बना और न ही उन पर फर्जी ढंग से दर्ज किये गये मुकदमें वापस लिये गये। प्रदेश सरकार ने किसानों से गन्ना मूल्य बढाने और 14 दिनों के अन्दर भुगतान का वायदा भी किया था किन्तु न तो गन्ने का भुगतान 14 दिन में हुआ, न ही पिछले बकाया का अभी तक पूरा भुगतान हो सका है और न ही बिजली का बिल हॉफ किया गया है। विगत 1 वर्ष में खाद, बीज, कीटनाशक, डीजल और पेट्रोल के मूल्य में भारी वृद्धि हुयी है किन्तु अभी तक गन्ना मूल्य में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं हुयी जो सरकार के किसान विरोधी होने का परिचायक है। प्रदेश में धान क्रय केन्द्रों पर खरीद नाम मात्र की हो रही है किसान परेशान है। उत्तर प्रदेश में जीएसटी को एक बार फिर इंस्पेक्टर राज की तरह प्रयोग किया जा रहा है जिसे चौधरी चरण सिंह जी ने जनता पार्टी शासन में समाप्त किया था आज छोटे व्यापारी जीएसटी अधिकारियों की प्रतिदिन की छापेमारी से परेशान और तबाह हैं। किसान मजदूर जागरण सप्ताह समस्त जिलों, विधानसभाओं में सम्पन्न कराने के लिए श्री वसीम हैदर वरिष्ठ नेता रालोद को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है जो विभिन्न जिलों में नेताओं के कार्यक्रम तय करेंगे।

पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी, वरिष्ठ नेता वसीम हैदर, प्रदेश कोषाध्यक्ष बी0एल0 प्रेमी, वरिष्ठ नेता रजनीकांत मिश्रा, अवध क्षेत्र के संगठन महासचिव चन्द्रकांत अवस्थी, महानगर अध्यक्ष आशीष तिवारी, रमावती तिवारी मौजूद रहे।

## यूपी वैश्विक निवेशक सम्मेलन में 52 औद्योगिक समूहों ने शामिल होने की पुष्टि की

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार के कई मंत्रियों के विभिन्न देशों में पहले चरण के रोड शो के बाद 52 औद्योगिक समूहों की ओर से न सिर्फ प्रदेश में निवेश की इच्छा जाहिर की गई है, बल्कि उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेशक सम्मेलन (यूपीजीआईएस 2023) में शामिल होने की आधिकारिक पुष्टि भी की गई है। यहां जारी एक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के अनुसार प्रदेश सरकार के मंत्रियों की अगुवाई में विभिन्न देशों में रोड शो कर रही श्टीम योगीश् ने पहले चरण के रोड शो व व्यापारिक बैठकों के जरिए विदेशी निवेशकों को यूपीजीआईएस में सम्मिलित होने का न्योता दिया। जिसके बाद 52 उद्योग समूहों ने उत्तर प्रदेश में निवेश की इच्छा जाहिर की और सम्मेलन में शामिल होने की आधिकारिक पुष्टि भी की। इनमें दवा, कारोबारी चौंबर, कारोबार विकास, निवेश बैंक, पूंजी बाजार, वाहन उद्योग, प्रौद्योगिकी, अनुसंधान एवं विकास, दूरसंचार और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों से जुड़े उद्योग समूह शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार के विभिन्न मंत्रियों ने नौ दिसंबर को पहले चरण में जर्मनी के फ्रैंकफर्ट, ब्रिटेन के लंदन, कनाडा के टोरंटो और मेक्सिको में रोड शो किया था।

## निकाय चुनाव में भाजपा के सहयोगी दल भी उतारेंगे प्रत्याशी, शहरों में जनाधार बढ़ाने की कवायद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले माह होने वाले निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहयोगी अपना दल (एस) और निषाद पार्टी भी ताल ठोकने की तैयारी में है। दोनों दलों की चुनाव लड़ने की मंशा भाजपा नेताओं के लिए समस्या बन सकती है। सूत्रों की मानें तो भाजपा अपने सभी सीटों पर महापौर चुनाव लड़ाना चाहती है। उधर अपना दल भी चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। निषाद पार्टी भी निकाय चुनाव चुनाव में हाथ आजमाना चाहती है। अपना दल निकाय चुनाव को लेकर पूरी तरह कील कांटे दुरुस्त करने में लगा है। अपना दल ऐसी जगह से चुनाव लड़ना चाहता है जिस क्षेत्र में उसके विधायक और सांसद हैं। उस स्थान पर उसका अपना जनाधार होगा। पार्टी की रणनीतिकारों की मानें तो प्रयागराज, चित्रकूट, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, फर्रुखाबाद, जौनपुर, प्रतापगढ़ जैसे इलाकों से चुनाव लड़ने का मन बना रही है। हालांकि पार्टी अभी भाजपा नेतृत्व से बात करेगी इसके बाद ही कोई कदम उठाएगी। पार्टी ने 2022 के विधानसभा चुनाव में अच्छे तरीके से लड़ी और उसे अच्छी सफलता भी मिली। पंचायत चुनाव में पार्टी ने ठीक से भाग लिया था। उसे कुछ सीटों में सफलता भी मिली थी। सोनभद्र में जिला पंचायत अध्यक्ष भी इसी पार्टी से हैं। अपना दल की मुखिया और केंद्र सरकार में मंत्री अनुप्रिया पटेल तथा उनके पति आशीष पटेल यूपी में लगातार अलग-अलग कार्यक्रमों के जरिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखने के साथ संगठन का विस्तार करने में जुटे हैं। बीते दिनों प्रयागराज में अपना दल की मुखिया अनुप्रिया पटेल में पार्टी कार्यकर्ताओं को निकाय चुनावों की जमकर तैयारी करने का निर्देश भी दिया। अपना दल के प्रदेश प्रवक्ता राजेश श्रीवास्तव कहते हैं कि अपना दल निकाय चुनाव एनडीए के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। हमारी पूरी तैयारी है। जो सीटें मिलेगी उस पर चुनाव लड़ा जाएगा। इसी तरह निषाद पार्टी भी निषाद, बिंद, केवट, मल्लाह समाज के बीच अपनी मजबूत पकड़ करने में जुटी है। निषाद पार्टी के मुखिया को भी निषाद बाहुल्य क्षेत्र में अपने प्रत्याशियों के लिए निकाय चुनाव में टिकट चाहिए। फिलहाल निषाद पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। अभी यह तय तय नहीं है। लेकिन पार्टी के मुखिया कह चुके है पार्टी भाजपा के साथ मिलकर निकाय चुनाव लड़ेगी।

## आठ करोड़ से दूर होगा बांदा नगर का पेयजल संकट

**बांदा(यूएनएस)।** शहर के 34 मोहल्लों के लोगों को पेयजल संकट से जल्द निजात मिल जाएगी। विधायक प्रकाश द्विवेदी ने आठ करोड़ से बनने वाली परियोजना का शिलान्यास किया। परियोजना के तहत पुरानी पाइप लाइनें बदली भी जाएंगी। विधायक 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत बांदा नगर की करीब 65 परियोजनाओ का सोमवार को शिलान्यास किया। इसमें जल संस्थान द्वारा नये नलकूपों का निर्माण, बांदा नगर के 34 मोहल्लों में पाइप लाइन का विस्तार का कार्य कराया जाएगा। इसके अलावा कुंओं की सफाई और मरम्मत होगी। विधायक ने बताया कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से बांदा नगर के मोहल्लों को पेयजल संकट से निजात मिलेगी।उन्होंने बताया कि जिन मोहल्लों में गंदे पानी की शिकायत है, वहां नई पाइप लाइनों से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। उमाकान्त त्रिपाठी एडीएम, पुरुषोत्तम कुमार, राजेश कुमार श्रीवास्तव, बुद्धि प्रकाश राजकुमार राज, राकेश गुप्ता(दद्दू), रजत सेठ, राजेश गुप्ता, नीलू निगम, पंकज रैकवार समेत अन्य रहे। बबेरू रोड, परागी कुंआ, जरैली कोठी, क्योंटरा चौराहा, अतर्रा रोड, अल्बेला स्विट हाउस मेनरोड चिल्ला, नलकूप संख्या तीन जमालपुर, यादव मोहल्ला, कंचन पुरवा, खुटला, मुचियाना कुआं, नोनिया मोहाल, गोड़राम हलवाई के पीछे, गायत्री नगर, गूलर नाका, गुलाब कब्रिस्तान, सिटी गार्डन, डीएम कॉलोनी गली नंबर एक, डॉक्टर रज्जन के मकान से इमामबाड़ा तक, जंगल दफ्तर, सर्वोदय नगर, आयुक्त आवास के पास, जवाहर नगर, नहर के किनारे, जेल से जरैली कोठी तिराहा तक, मर्दन नाका आदि। तिंदवारी रोड, अतर्रा रोड, कनवारा रोड, बबेरू रोड के पास खराब नलकूपों की बोरिंग का रिबोर कराया जाएगा।

## श्री कृष्ण जन्म की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु'

**लखनऊ (यूएनएस)।** निरालानगर स्थित माधव सभागार में मानसरोवर परिवार द्वारा आयोजित चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिन की शुरुआत दिन की शुरुआत हनुमान चालीसा के पाठ उपरांत व्यास पीठ पर विजमान जगतगुरु स्वामी राघवाचार्य महाराज जी आरती मुख्य यजमान महेश गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता की। श्रीमद् भागवत में जगतगुरु श्री राघवाचार्य महाराज ने गजेंद्र मोक्ष समुद्र मंथन रामावतार एवं श्री कृष्ण जन्म उत्सव कथा वर्णन किया। कथा का सुमिरन तथा महाराज जी का आशीर्वाद लखनऊ महापौर संयुक्ता भाटिया, उपाध्यक्ष धनश्याम अग्रवाल, उमेश पाण्डेय, सचिन गुप्ता, राजेश गुप्ता, पवन पांडेय, संजय तिवारी, राघवेंद्र मिश्र, बृजेश सिंह, आलोक दीक्षित पहुंचे।स्वामी राघवाचार्य जी महाराज बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा।



सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। कथा का संगीतमयी वर्णन सुन श्रद्धालुगण झूमने लगे। कथा के दौरान जैसे भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान लोग झूमने-नाचने लगे। भगवान श्रीकृष्ण की वेश में नन्हें बालक के दर्शन करने के लिए लोग लालायित नजर आ रहे थे। भगवान के जन्म की खुशी पर महिलाओं द्वारा अपने घरों से लगाए गए गुड़ के लड्ड्डूओं से भगवान को भोग लगाया गया। उन्होंने बताया कि कैसे भगवान श्रीकृष्ण ने आमोद प्रमोद के साथ कई राक्षसों का संहार किया और लोगों का कल्याण।

## 11 साल की भतीजी से चाचा ने किया दुष्कर्म

मां का आरोप, पति की मौत के बाद ससुराल वालों ने हरियाणा में बेचा था

**अलीगढ़।** जिले के दादों थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने ससुरालियों पर आरोप लगाया है कि उसके पति की मौत के बाद ससुराल वालों ने उसे हरियाणा के एक व्यक्ति को बेच दिया। वहीं, उसे बेचने के बाद घर में रहने वाली उसकी 11 साल की मासूम के साथ उसके दोनों चाचा ने महीनों तक दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर लिया है। दादों थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि 8 अगस्त 2007 को उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद उसकी तीन संतानें हुई। जिसमें एक बेटी और दो बेटे हैं। बेटी की उम्र 11 साल और बेटों की उम्र 9 साल और 7 साल है। महिला ने बताया कि शादी के लगभग 7 साल बाद 26 अप्रैल 2015 को उसके पति की मौत हो गई। जिसके कुछ दिनों बाद उसके ससुराल वालों ने हरियाणा के रहने वाले सुनील कुमार नाम के व्यक्ति के साथ बेच दिया। महिला के जाने के बाद ससुराल वालों ने मासूमों पर अत्याचार करना शुरू कर दिया। पीड़ित महिला ने बताया कि दो महीने पहले वह हरियाणा से अलीगढ़ आई थी। जिसके बाद वह अपने ससुराल पहुंची। जिसके बाद ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। इस दौरान महिला अपनी 11 साल की बेटी को भी साथ ले आई। मां के साथ आने पर बेटी ने बताया कि उसके दोनों चाचा पिछले 8 महीनों से लगातार उसके साथ दुष्कर्म कर रहे हैं। इसमें परिवार के अन्य लोग भी उनका साथ दे रहे हैं।

## उत्तर प्रदेश के नगर निकाय चुनाव में एससी को नहीं दिया रहा देय आरक्षण

**लखनऊ (यूएनएस)।** उत्तर प्रदेश के नगर निकाय चुनाव में एससी को देय आरक्षण नहीं दिया रहा है। इस संबंध में आज एस आर दारापुरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, आल इंडिया पीपुल्स फ्रन्ट द्वारा आइपीएफ की तरफसे प्रमुख सचिव, नगर विकास, उत्तर प्रदेश शासन को भेजे गए पत्र में एससी को देय 21ः आरक्षण न दिए जाने पर आपत्ति उठाई गई है तथा इसे एससी वर्ग के संवैधानिक अधिकारों का हनन बताया है। पत्र ने अंकित किया गया है कि 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जाति की शहरों में आबादी का प्रतिशत 22.27 है जिसके अनुसार उन्हें कम से कम 21ः देय आरक्षण दिया जाना चाहिए। पत्र में उत्तर प्रदेश सरकार से नगर निकाय के चुनाव में अनुसूचित जाति को उनकी आबादी के अनुपात में देय 21ः आरक्षण देने की व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया है।

## इंग्राहम से छलांग लगाने वाले छात्र की मौत

**अलीगढ।** शहर के इंग्राहम स्कूल में दूसरी मंजिल से छलांग लगाने वाले 8वीं के छात्र की 12 दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई है। घटना के बाद उसकी हालत लगातार नाजुक थी और जेएन मेडिकल कालेज में उसका इलाज चल रहा था। हालत नाजुक होने के कारण उसे आईसीयू में ही रखा गया था। गुरुवार सुबह उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। छात्र की मौत की सूचना मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। वह अपने माता पिता की एकलौती संतान था। जिसके बाद सभी का रो-रो कर बुरा हाल है। सुरक्षा विहार त्रिमूर्ति नगर निवासी संजीव कुमार का 14 वर्षीय बेटा मयंक प्रताप सिंह बन्नादेवी थाना क्षेत्र के इंग्राहम स्कूल में आठवीं का छात्र था। 1 दिसंबर को संजीव अपने बेटे सुबह स्कूल छोड़कर गए थे। प्रार्थना सभा के बाद शिक्षकों ने पढ़ाई शुरू कराई। छात्र का होमवर्क अधूरा था और उसे क्लास में रील बनाने के कारण सजा भी दी गई थी। ऐसे में जब उर्दू का पीरियड चल रहा था तो छात्र ने अचानक क्लास रूम से बाहर निकलकर छलांग लगा दी थी। जिसके बाद उसे गंभीर चोटें आई थी और मेडकल कालेज में भर्ती कराया गया था। जहां उसका इलाज चल रहा था। घटना के बाद एक ओर प्रबंधन का कहना था कि छात्र अपने पिता से डरा हुआ था और पिछले कई दिनों से आत्महत्या की बात बोल रहा था। वहीं दूसरी ओर पिता ने आरोप लगाया था कि क्लास में सीनियर और शिक्षक उसे परेशान करते थे। उसका मजाक बनाते थे। जिसके बाद बन्नादेवी पुलिस ने पिता की तहरीर पर प्रबंधक और दो शिक्षिकाओं पर मुकदमा दर्ज किया था। जिसके बाद पुलिस लगातार मामले की जांच कर रही थी। इसमें पुलिस ने शिक्षकों और साथ में पढ़ने वाले छात्रों के भी बयान दर्ज किए थे। वहीं घटना का सीसीटीवी भी सामने आया था, जिसमें छात्र कूदता हुआ नजर आ रहा था। बच्चे की मौत के बाद पुलिस की मौजूदगी में उसका अंतिम संस्कार कराया गया। जिसके बाद परिजन उसे लेकर अपने पैतृक गांव चले गए। गभाना के चिलावटी में छात्र का अंतिम संस्कार किया जा रहा है। बच्चे की मौत के कारण ग्रामीणों में काफी रोष है। ऐसे में मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए मौके पर थाना बन्नादेवी और थाना गभाना की फोर्स तैनात कर दी गई है।

## प्रदेश में 8 करोड़ मजदूरों के बनाए गए हैं ई-श्रम कार्ड

## श्रम कार्ड योजना में बजट नहीं, भटक रहे लाभार्थी

**अलीगढ़(यूएनएस)।** उत्तर प्रदेश में ई-श्रम कार्ड योजना लागू है और प्रदेश में 8 करोड़ मजदूरों के कार्ड भी बनाए जा चुके हैं। लेकिन अब इन पंजीकृत मजदूरों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसका कारण है कि योजना के तहत विभाग के पास बजट ही नहीं है। बजट न होने के कारण ई-श्रम योजना के तहत दुर्घटना बीमा और स्वास्थ्य बीमा के लिए आवेदन करने वाले मजदूरों और उनके परिवार के हाथ सिर्फ निराशा ही आ रही है। आवेदन करने के बाद वह लगातार विभाग के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन देकर ही वापस भेजा जा रहा है। विधानसभा चुनाव से पहले सरकार ने प्रदेश में ई-श्रम कार्ड योजना लागू की थी। इसमें 16 साल से 59 साल तक के लोग पात्र हैं, जिनके कार्ड बनाए गए थे। सरकार ने ई-श्रमकार्ड योजना शुरू कर असंगठित मजदूरों को लाभ देने को कहा था। योजना के तहत प्रदेश में 6 करोड़ 66 लाख मजदूरों का कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया था। पूरे प्रदेश में टीमें जोरों से काम करने लगी थी और मजदूरों को 45 श्रेणियों में बांटकर कार्ड बनाए गए थे। जिसके बाद योजना के तहत 8.26 करोड़ का पंजीयन किया गया था। ई-श्रम योजना के तहत मजदूरों और उनके परिवार को आर्थिक सहायता के साथ विभिन्न सुविधाएं दी जाती हैं। इसमें रजिस्टर्ड श्रमिक को 2 लाख रुपए का बीमा कवर मिलता है। दुर्घटना में मौत हो जाने पर उसके परिवार को 2 लाख की आर्थिक सहायता और दिव्यांग होने पर 1 लाख रुपए की मदद मिलती है। इसके अतिरिक्त अन्य कई लाभ हैं। योजना के तहत अलीगढ़ मंडल का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसमें मंडल को 32,46,430 असंगठित मजदूरों का पंजीयन कराने का लक्ष्य शासन ने निर्धारित किया था। लक्ष्य के सापेक्ष मंडल में 35,04,756 असंगठित मजदूरों का पंजीयन किया है। प्रदेश के सभी जिलों में लक्ष्य से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण किया गया है। योजना के तहत असंगठित श्रमिकों ने लाभ के विभाग में आवेदन किया तो उन्हें अधिकारी टरकाने लगे। इसका कारण है कि इस योजना के तहत अभी बजट का कोई प्रावधान नहीं किया गया। ऐसे में लाभार्थी भटक रहे है। योजना के तहत दुर्घटना बीमा का लाभ लेने के लिए 24 परिवारों ने आवेदन किया है। लेकिन बजट न होने के कारण इन्हें सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। आवेदन करने वालों में सुनीता देवी, कुसुम देवी, उज्जवला, भारत भूषण, कुसुम देवी, गिरजा देवी, विमला देवी, नितिश राय, राम स्नेही, श्रीमती देवी, राधा सिंह, प्रियंका, बृजबाबा, कमला देवी, प्रमोद कुमार, सुखदेव, ममता, मुनेस कुमार, इंद्रपाल, महया, अर्जुन सिंह, अरविंद व तरुण शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बजरंग दल व विहिप ने निकाली रैली,जय श्री राम के उद्घोष से गूंजा कस्बा

**उरई/जालौन(यूएनएस)।** बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कालपी नगर में शौर्य यात्रा निकाली। कई स्थानों पर यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। इस दौरान यात्रा में शामिल लोग जय श्रीराम का जयघोष करते रहे। शौर्य यात्रा कालपी नगर के ठक्कर बापा इंटर कॉलेज से शुरू होकर यहीं आकर संपन्न हुई। कार्यकर्ताओं ने ध्वजारोहण कर भारत माता और प्रभु श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप उज्ज्वलित किए। बजरंग दल के नगर अध्यक्ष हर्ष विश्नोई व विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष सुरेश प्रजापति ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य हिंदू समाज को जागृत व संगठित कर संघर्षशील बनाना है। इस प्रकार की यात्राएं हिंदू समाज में शक्ति का संचार करती हैं। शौर्य यात्रा कालपी नगर के ठक्कर बापा इंटर कॉलेज से शुरू होकर खोयामण्डी, टरननगंज चौराहा, फुलपावर चौराहा, दुर्गा मंदिर चौराहा, कोतवाली रोड होते हुए स्टेशन रोड, बर्फ फैक्ट्री रोड होते हुए इलाहाबाद बैंक के रास्ते वापस ठक्करबापा इंटर कॉलेज में समाप्त हुई। विश्व हिंदू परिषद के जिला सह संयोजक दीपक शर्मा, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष सुरेश प्रजापति, आरएसएस के नगर संयोजक अनुराग बिश्नोई, हिन्दू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष नीलाभ शुक्ला, आशीष चतुर्वेदी, सत्येंद्र सिंह, यतेंद्र राजावत, शिखा दुबे, कुमकुम सिंह, दीपांकर गुप्ता, प्रखर गुप्ता, छोटू राजा, आदित्य पंडित, निखिल पंडित, कमल कुशवाहा, जिज्ञासु, शुभम, गोपाल शर्मा, अर्जित, रंजीत राजपूत, अवधेश सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नगरपालिका अध्यक्ष पद का चुनाव करीब है, ऐसे में टिकट की लाइन में लगे दावेदार सामाजिक व राजनैतिक कार्यक्रमों को नहीं छोड़ना चाहते। बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में निकाली गई शौर्य यात्रा में भारतीय जनता पार्टी से टिकट के दावेदारों में भारत सिंह यादव, जगत यादव, रजनी पाल, मुन्ना चौधरी, ब्रह्मा यादव सहित कई नेता मौजूद रहे।

### शराब बन्दी संघर्ष समिति कार्यकारिणी ने शिवपाल यादव से की भेंट'

**लखनऊ।** मुर्तुजा अली की अध्यक्षता में 'शराब बंदी संघर्ष समिति' की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने शिवपाल यादव से भेंट करके 'शराब बंदी संघर्ष समिति' की नवगठित कार्यकारिणी की संरक्षकता हेतु एक पत्र दिया गया जिसको 'शिवपाल यादव ने सहर्ष स्वीकार करते हुए मौखिक सहमति प्रदान किया, शिवपाल यादव ने कहा कि शराब और नशाखोरी एक स्वस्थ्य समाज में कैंसर की तरह है इसपर लगाम लगाना बहुत जरूरी है। इस मौके पर 'शराब बंदी संघर्ष समिति' के अध्यक्ष मुर्तजा अली' महामंत्री मिर्जा इशरत बेग' वरिष्ठ सलाहकार खालिद इस्लाम, शेख अफ्जाल अहमद, उपाध्यक्ष बदरूल हसन' आदि मौजूद रहे।

### नेशनल हाईवे पर मिला महिला का शव,सिर कूंचकर हत्या, शिनाख्त कराने में जुटी पुलिस

**बांदा।** मंगलवार को झांसी हाईवे किनारे एक महिला का निर्वस्त्र शव पड़ा मिला, जिसकी सिर कूचकर हत्या की गई थी। पुलिस ने दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई है। महिला की शिनाख्त न होने से शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। मुरेड़ी गांव में स्थित मां दुर्गा क्रशर के पास झांसी-मिर्जापुर नेशनल हाईवे किनारे ग्रामीणों ने मंगलवार को महिला का शव पड़ा देखा। ग्रामीणों की सूचना पर मटौंध थाना प्रभारी अर्जुन सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ देर में एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्रा, सीओ सिटी अंबुजा त्रिवेदी भी पहुंच गई। निर्वस्त्र शव को पुलिस ने कपड़े से ढका। करीब 35 वर्षीय महिला की शव कूच कर हत्या की गई थी। फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया। डॉग स्क्वायड कुछ दूरी पर घूम पर लौट आया। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। ग्रामीणों ने दुष्कर्म के बाद महिला की हत्या की आशंका जताई है।एएसपी ने बताया कि महिला का दाहिने हाथ का अंगूठा नहीं है। उसके हाथ में राम, ओम और अजय गोदा है। एएसपी ने कहा कि मौका-ए-वारदात के हालात दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जता रहे हैं। शव मोर्चरी में रखवा दिया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एक हफ्ते से लापता युवक का मिला शव,परिजनों ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी

**उरई/जालौन।** जालौन में एक हफ्ते पहले घर से लापता हुए एक युवक का शव मलंगा नाले में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। नाले में शव को उतराता देख आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जिन्होंने पानी से शव निकाला, साथ ही कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को इस बारे में अवगत कराया। घटना जालौन कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मलंगा नाले की है। यहां कटरा मोहल्ले के रहने वाले राजू मिस्त्री का 20 वर्षीय पुत्र अरमान एक हफ्ते पहले घर से अचानक गायब हो गया था, युवक को खोजने के लिए परिजनों ने अथक प्रयास किया था, मगर उसका कहीं भी पता नहीं लगा था, जिस पर परिजनों ने अरमान के गुमशुदगी की शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने मामले की जांच की थी मगर कहीं भी अरमान का पता नहीं लगा पाई थी। मंगलवार दोपहर को जब किसान खेतों पर काम कर रहे थे और वह मलंगा नाले में ट्यूबवेल लगाकर खेत में पानी का छिड़काव कर रहे थे, उसी दौरान उनकी नजर नाले में शव को उतराता देखा उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी शव नाले में मिलने की सूचना पर इलाके में हड़कंप मच गया, और लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना पर मौके पर पहुंची, पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से नाले से शव को निकाला, जहां उसकी शिनाख्त करते हुए परिजनों को इस बारे में अवगत कराया, वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक अरमान मंदबुद्धि था, जिस कारण वह कई बार यहां वहां चला जाता था।

### मन लॉन्ड्रिंग में मुख्तार अंसारी की मुश्किलें बढ़ीं

**उरई/जालौन।** मुख्तार अंसारी की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। ईडी की शुरुआती जांच के दौरान पता चला है कि मुख्तार अंसारी ने अपने नेटवर्क के माध्यम से उरई में भी बेनामी संपत्ति अर्जित की है। इसके लिए उसने विकास कंस्ट्रक्शन नाम से एक कंपनी भी बनाई। सर्विलांस के माध्यम से दो बैंक अकाउंट का पता चला है, जो उरई के एक दंपती के हैं। इन्हीं खातों में मुख्तार अंसारी की रकम ट्रांसफर होने की पुष्टि हुई है। दरअसल, करीब 10 साल पहले सपा शासन के दौरान मुख्तार अंसारी के स्वजनों ने उरई में जमीन खरीदनी शुरू की थी। उरई के रगौली क्षेत्र में 14 एकड़ जमीन खरीदी गई थी, पर सरकार बदलने के बाद उस जमीन को बेच दिया गया। प्रशासन इसकी छानबीन कर रहा था। इस बीच स्थानीय पुलिस ने ईडी को उन दो बैंक खातों की जानकारी उपलब्ध करा दी, जिनका प्रयोग मुख्तार की मनी लॉन्ड्रिंग में किया गया। दोनों बैंक खाते उरई के दंपती रीमा व सोहन के निकले। इन बैंक खातों में ही जमीन खरीदने के लिए मुख्तार अंसारी की रकम आयी और फिर जमीन बिकने पर इन्हीं में रकम जमा की गई। खातों में कुल कितनी रकम ट्रांसफर हुई, यह सार्वजनिक नहीं किया गया है। इतना जरूर बताया गया है कि मामला करोड़ों का है। बताया गया है कि दस साल से विकास कंस्ट्रक्शन नाम से मुख्तार अंसारी की कंपनी जिले में एक्टिव है। ईडी ने इसकी करीब 25 करोड़ कीमत की दो संपत्तियां अटैच की हैं। मामले के खुलासे के बाद कंपनी से जुड़े सदस्यों की जमीन के सौदों का ब्योरा रजिस्ट्री कार्यालय से निकाला जा रहा है। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने बताया कि जिन दो बैंक खातों का प्रयोग मुख्तार की रकम ट्रांसफर करने में किया गया था, उनका विवरण देने में ईडी की सहायता की गई है।

# संसद पर आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को लोकसभा-राज्यसभा ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

●दोनों सदनों के सदस्यों ने कुछ पल मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

● हम उन जवानों की वीरता का भी स्मरण करते हैं जिन्होंने इस हमले को विफल कर दिया

●यह सभा शहीदों को श्रद्धांजलि देती है और उनके परिवारों के साथ खड़ी है



**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों ने 13 दिसंबर 2001 को संसद पर हुए आतंकी हमले के शहीदों को मंगलवार को भावभीनी श्रद्धांजलि दी और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रखने का संकल्प दोहराया। दोनों सदनों के सदस्यों ने कुछ पल मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। लोकसभा की कार्यवाही आरंभ होने पर अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, ''हम उस घटना का दुखद स्मरण करते हैं जब संसद पर कायरतापूर्ण हमला हुआ था। हम उन जवानों की वीरता का भी स्मरण करते हैं जिन्होंने इस हमले को विफल कर दिया।''
उन्होंने कहा, ''हम संसद सुरक्षा सेवा, दिल्ली पुलिस, केंद्रीय पुलिस बल के रिजर्व बल के शहीद आठ जवानों को सर्वोच्च बलिदान का भी स्मरण करते हैं। यह सभा शहीदों को श्रद्धांजलि देती है और उनके परिवारों के साथ खड़ी है। बिरला ने कहा, ''इस अवसर पर हम आतंकवाद सामना करने के अपने संकल्प को दोहराते हैं तथा अपने देश की राष्ट्रीय संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा की शपथ को भी दोहराते हैं। उधर, राज्यसभा की कार्यवाही कार्यवाही शुरू होते ही उपसभापति हरिवंश ने कहा कि 13 दिसंबर को स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे खराब दिन के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 21 साल पहले 2001 में आतंकवादियों ने लोकतंत्र के इस मंदिर पर हमला कर दिया था लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने वीरता और बहादुरी का परिचय देते हुए संसद की रक्षा की और हमारे देश की आत्मा पर हमला करने के आतंकवादियों के दुस्साहसिक प्रयास को विफल कर दिया।
उपसभापति ने कहा, ''तब से इस दिन, हम न केवल इस कायरतापूर्ण कृत्य में शहीद हुए लोगों के प्रति अपनी गहरी सहानुभूति व्यक्त करते हैं, बल्कि आतंकवाद के सभी रूपों की अपनी स्पष्ट निंदा को भी दोहराते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद हर जगह सभी लोगों के लिए खतरा है और वह शांति एवं सुरक्षा को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के सभी कृत्य आपराधिक, अमानवीय और अनुचित हैं और आतंकवाद पर देश के अंतरराष्ट्रीय रुख में यह आह्वान भी किया गया है कि इसे बुरे या अच्छे के रूप में वर्गीकृत करने पर रोक लगनी चाहिए। हरिवंश ने यह भी कहा, ''आतंकवाद का साया अभी भी मानवता को परेशान करता है और पिछले कुछ वर्षों में आतंकवादी खतरों ने एक घातक चरित्र ग्रहण कर लिया है, जिससे दुनिया भर के देशों के लिए इस खतरे से निपटना मुश्किल हो गया है।''गौरतलब है कि 13 दिसंबर 2001 को लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों ने संसद पर हमला किया था। इस हमले में आतंकवादियों का मुकाबला करते हुए दिल्ली पुलिस के पांच जवान, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक महिला कर्मी और संसद के दो कर्मी शहीद हुए थे। एक कर्मचारी और एक फोटो पत्रकार की भी हमले में मौत हो गई थी।

## शहीदों की बहादुरी, बलिदान को देश कभी नहीं भूलेगा: मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को संसद हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनकी सेवा, बहादुरी और बलिदान को देश कभी नहीं भूलेगा। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, '2001 के संसद हमले के दौरान शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी। हम उनकी सेवा, बहादुरी और बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे।श् प्रधानमंत्री ने संसद हमले की वर्षगांठ पर संसद भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में हिस्सा भी लिया। उन्होंने इस कार्यक्रम से जुड़ी तस्वीरें भी साझा की। गौरतलब है कि 13 दिसंबर 2001 को लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों ने संसद पर हमला किया था। इस हमले में आतंकवादियों का मुकाबला करते हुए दिल्ली पुलिस के पांच जवान, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक महिला कर्मी और संसद के दो कर्मी शहीद हुए थे। एक कर्मचारी और एक कैमरामैन की भी हमले में मौत हो गई थी।

# देश-विदेश डायरी

## तमिलनाडु में व्यक्ति ने परिवार के 5 सदस्यों की हत्या की, खुद को फांसी लगाई

**तिरुवन्नामलाई।** पुलिस ने मंगलवार को कहा कि जिले के चेंगम तालुक में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी और 2 किशोर बेटियों सहित 4 बच्चों की हत्या कर दी और आत्महत्या कर ली। मृतक की घायल नौ साल की बेटी को यहां सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 45 वर्षीय पलानीसामी, जिले के चेंगम के पास ओरांथावाड़ी गांव के एक खेतिहर मजदूर थे। हालांकि घटना का सही कारण ज्ञात नहीं है, पुलिस ने कहा कि घटना का पता तब चला जब पड़ोसियों को शक हुआ। उन्होंने मंगलवार को उन्हें सूचित किया। पुलिस ने पलानीसामी को छत से लटका पाया, जबकि उनकी 37 वर्षीय पत्नी, तीन बेटियां और एक बेटा मृत पाया गया। एक अन्य लड़की को जीएच ले जाया गया, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा। मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

## दिल्ली में एक जनवरी से 450 चिकित्सा जांच नि:शुल्क होंगी

**नई दिल्ली।।** आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार एक जनवरी से अपने अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर 450 प्रकार की चिकित्सा जांच निशुल्क उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इस कदम से उन लोगों को मदद मिलेगी जो निजी स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं का खर्च वहन करने में असमर्थ हैं। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली सरकार अभी 212 चिकित्सा जांच निशुल्क उपलब्ध कराती है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री केजरीवाल ने अस्पतालों और मोहल्ला क्लिनिक में 238 और जांच निशुल्क उपलब्ध कराने के स्वास्थ्य विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। केजरीवाल ने कहा कि सभी को अच्छी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं और शिक्षा मुहैया कराना सरकार का लक्ष्य है चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो। यह सुविधा दिल्ली के लोगों को मिलेगी। उन्होंने ट्वीट किया, 'सभी को अच्छी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं तथा शिक्षा मुहैया कराना हमारा मिशन है चाहे किसी की आर्थिक स्थिति कैसी भी हो। स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं बहुत महंगी हो गयी हैं। कई लोग निजी स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं का खर्च वहन नहीं कर सकते हैं। इस कदम से ऐसे सभी लोगों को मदद मिलेगी।

## कांग्रेस सांसदों ने एलएसी पर झड़प को लेकर संसद में चर्चा की मांग करते हुए नोटिस दिए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के कुछ सांसदों ने भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के निकट झड़प की घटना को लेकर मंगलवार को संसद के दोनों सदनों में चर्चा की मांग करते हुए कार्यस्थगन के नोटिस दिए हैं। पार्टी सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में नोटिस देकर मांग की है कि प्रश्नकाल, शून्यकाल और अन्य विधायी कार्यों को रोककर इस विषय पर चर्चा कराई जाए। उन्होंने सरकार से मांग की है कि सरकार तवांग और चीन की सीमा से लगे अन्य क्षेत्रों की स्थिति के बारे में सदन को सूचित करें क्योंकि यह भारत की संप्रभुता और स्वतंत्रता से जुड़ा विषय है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य सैयद नासिर हुसैन ने भी उच्च सदन में एलएसी पर झड़प के विषय को लेकर नियम 176 के तहत अल्कालिक चर्चा की मांग की है। कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी छवि बचाने के लिए देश को खतरे में डाल रहे हैं। पार्टी ने यह भी कहा था कि इस मुद्दे पर संसद में चर्चा होनी चाहिए और सरकार को देश को भरोसे में लेना चाहिए। उल्लेखनीय है कि भारतीय और चीनी सैनिकों की अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के निकट एक स्थान पर नौ दिसंबर को झड़प हुई, जिससे दोनों पक्षों के कुछ जवान मामूली रूप से घायल हो गये। सैन्य सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय सैनिकों ने चीनी पीएलए सैनिकों का डटकर मुकाबला किया।

## दिग्गज क्रिकेटर ने वॉर्नर को बताया बूढ़ा, बोले- उनके कप्तान बनने पर लगा बैन हटाने की जरूरत नहीं

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज क्रिकेटर इयान चैपल ने डेविड वॉर्नर को ऑस्ट्रेलिया का कप्तान न बनाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि वॉर्नर की कप्तानी पर लगा बैन हटाने की जरूर नहीं है, क्योंकि वह ऑस्ट्रेलिया का कप्तान बनने के लिए काफी बुजुर्ग हो चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर वॉर्नर को पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम की कमान सौंपी जाती तो वह बेहतरीन कप्तान साबित हो सकते थे। सैंडपेपर विवाद के बाद डेविड वॉर्नर और स्टीव स्मिथ को एक साल के लिए, जबकि कैमरून बेनक्राफ्ट को नौ महीने के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम से बाहर कर दिया गया था। इसके साथ ही वॉर्नर के कप्तान बनने पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया गया था। स्मिथ से भी कप्तानी छीन ली गई थी और उनके कप्तान बनने पर दो साल का बैन लगा दिया गया था। 2020 में स्मिथ के कप्तान बनने पर लगा बैन हट गया। चैपल ने कहा, ÷अगर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया वार्नर के कप्तान बनने पर लगा प्रतिबंध हटा देता है, तो वह क्या करने जा रहे हैं? मेरा मतलब है, आप वार्नर को किसी भी ऑस्ट्रेलियाई टीम का कप्तान नियुक्त नहीं करने जा रहे हैं, है ना? वह बहुत बूढ़े हैं और उन्हें यह भूमिका नहीं दी जा रही है, क्योंकि कप्तान को युवा होना चाहिए जो आगे बढ़कर अच्छा प्रदर्शन करते हुए नेतृत्व करने में सक्षम हो, और डेविड वॉर्नर के वह दिन जा चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान चैपल को लगता है कि वार्नर बीबीएल टीम सिडनी थंडर का नेतृत्व करना चाहते थे। इसी वजह से वह उनके ऊपर लगा बैन हटाना चाहते थे। चैपल ने कहा, ÷मुझे लगता है कि डेविड शायद अपनी बीबीएल टीम (सिडनी थंडर) का नेतृत्व करना चाहते थे, ताकि वह उनकी मदद कर सकें। वह (वार्नर) उनके लिए एक बहुत अच्छा नेता होता, वह बहुत आक्रामक तरीके से सोचते हैं। कप्तान के रूप में हर स्थिति में वह अच्छा करते। सैंडपेपर विवाद को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड जिस तरीके से संभाला उस पर भी चैपल ने सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि बोर्ड सिर्फ अपना बचाव करना जानता है। वह कभी भी खिलाड़ियों को बचाने की कोशिश नहीं करता।

## 1983 क्रिकेट विश्व कप जीत चुके संदीप पाटिल के सीने में दर्द की शिकायत, मुंबई के अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य चयनकर्ता संदीप पाटिल को सीने में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संदीप को सोमवार रात सीने में दर्द की शिकायत हुई। इसके बाद उन्हें आननफानन में मुंबई के एक अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, अब उनकी हालत स्थित बताई जा रही है। संदीप भारतीय टीम के साथ 1983 क्रिकेट विश्व कप जीत चुके हैं। तबीयत खराब होने के बाद संदीप को अंधेरी के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी कई तरह की जांच हुई। इसके बाद उन्हें सीटी एंजियो के लिए दूसरे अस्पताल ले जाया गया। 66 साल के संदीप का गुरुवार को एंजियोग्राफी किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सही समय पर अस्पताल जाने के फैसले से उनकी तबीयत में सुधार है। संदीप किसी भी प्रकार के खतरे से बाहर हैं। हालांकि, पाटिल अपने स्वास्थ्य पर आए %बाउंसर% से परेशान नहीं हैं। उन्होंने एक मीडिया संस्थान से बात करते हुए कहा- हमारी 1983 (विश्व कप विजेता) की टीम ने यश (यशपाल शर्मा, जुलाई 2021 में कार्डियक अरेस्ट के कारण निधन) को खो दिया और फिर कपिल देव को दिल की समस्या हो गई। अब यह मैं हूं, लेकिन चिंता करने की कोई बात नहीं है। यह 66 साल पुरानी मशीन है, इसको बस सर्विसिंग की जरूरत है। संदीप ने लोगों से स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही नहीं बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा- तथ्यों को स्वीकार करना चाहिए और समर्पण करना चाहिए। अगर आपको लगता है कि आपके साथ कुछ गलत हो रहा है, तो समय बर्बाद न करें। यह सोचने के बजाय कि मैं टार्जन हूं और मुझे कुछ नहीं होगा।


## संबलपुर में पुलिस ने 12 वकीलों को किया गिरफ्तार, 29 का लाइसेंस निलंबित

एजेंसी

**संबलपुर।** ओडिशा के संबलपुर में उच्च न्यायालय की पीठ स्थापित करने की मांग को लेकर सोमवार को वकीलों का आंदोलन हिंसक हो गया और इस मामले में पुलिस 12 वकीलों को गिरफ्तार किया है। अदालत के पास दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 लागू की गई और 17 प्लाटून पुलिस बल के जवानों को तैनात कर दिया गया है। आंदोलन के दौरान जिला न्यायाधीश को उनके अदालत कक्ष से घसीटा गया और आंदोलनकारी वकीलों द्वारा अदालत कक्ष में तोड़फोड़ की गई। संबलपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) बी गंगाधर ने बताया कि गिरफ्तारी सोमवार रात सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई और गिरफ्तार किए गए नौ वकीलों को स्थानीय अदालत द्वारा जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद और टीवी न्यूज के वीडियो क्लिपिंग के आधार पर सोमवार की हिंसा के सिलसिले में और गिरफ्तारियां की जाएंगी। इस बीच जिला प्रशासन ने कचेरी छाक में सीआरपीसी की धारा 144 लागू कर दी है और चेतावनी जारी की है कि यदि किसी ने निषेधाज्ञा का उल्लंघन किया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए 17 प्लाटून पुलिस बल तैनात किया गया है और यदि आवश्यक हुआ तो और बल की मांग की जाएगी। उल्लेखनीय है कि संबलपुर की अदालत में में सोमवार को जनता, अधिवक्ताओं, सिविल सोसाइटी के सदस्यों और यहां तक कि किन्नरों की पुलिस बल के साथ धक्का-मुक्की के बाद अराजक स्थिति पैदा हो गई। यहां तक कि जिला न्यायाधीश मानस रंजन बारिकको चौंबर से जबरदस्ती घसीटा गया। न्यायाधीश रंजन के चौंबर में काफी संख्या में जनता और अधिवक्ता प्रवेश कर गए और अदालत कक्ष में तोड़फोड़ की।उधर, उच्चतम न्यायालय ने इस घटना को पूरी गंभीरता से लिया है और ओडिशा के पुलिस महानिदेश (डीजीपी) और उत्तरी क्षेत्र के महानिरीक्षक (आईजी) को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बुधवार को व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है।

# देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 3,845 हुई

एजेंसी




**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 114 नए मामले सामने आने से देश में अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,46,75,095 हो गई, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 3,845 रह गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में संक्रमण से मौत का एक भी मामला नहीं मिलने से मृतक संख्या 5,30,658 पर स्थिर है। अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना वायरस संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 3,845 रह गई है, जो कुल मामलों का 0.01 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 61 मामलों की कमी दर्ज की गई है। वहीं, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.80 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी तक कुल 4,41,40,592 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 219.97 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

## प्रधानमंत्री प्रमुख स्वामी महाराज के शताब्दी महोत्सव के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को अहमदाबाद में बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के प्रमुख स्वामी महाराज शताब्दी महोत्सव के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे।
प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा कि प्रमुख स्वामी महाराज एक मार्गदर्शक और गुरु थे, जिन्होंने भारत और दुनिया भर में अनगिनत लोगों के जीवन को प्रेरित किया तथा एक महान आध्यात्मिक गुरु के रूप में उन्हें व्यापक रूप से सम्मान और सराहना मिली। बयान के मुताबिक, स्वामी महाराज का जीवन अध्यात्म और मानवता की सेवा के लिए समर्पित था। बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था की शीर्ष हस्ती के रूप में, उन्होंने लाखों लोगों को कल्याण और देखभाल प्रदान करते हुए अनगिनत सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक पहलों को प्रेरित किया।

# पाकिस्तान के कप्तान को मिली टी20 में ध्यान देने की सलाह

एजेंसी




**मुल्तान।** इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हार के बाद पाकिस्तान की टीम को जमकर आलोचना का सामना करना पड़ा रहा है। पाकिस्तान की टीम अपने घर में इंग्लैंड से लगातार दो मैच हार कर सीरीज गंवा चुकी है और अब इस टीम पर क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ सकता है। 1959 के बाद पहली बार पाकिस्तान की टीम अपने घर में लगातार तीन टेस्ट हारी है। पहले मैच में इंग्लैंड ने 74 रन के अंतर से जीत हासिल की थी। वहीं, दूसरे मुकाबले में बेन स्टोक्स की टीम 24 रन से जीत हासिल करने में सफल रही।
सीरीज के पहले मैच में पिच बहुत ही सपाट थी और इंग्लैंड ने आक्रामक बल्लेबाजी कर पाकिस्तान पर दबाव बनाया था। इसी वजह से इस मैच में कोई नतीजा निकल पाया था। सपाट पिच पर मैच ड्रॉ होने की संभावना बहुत ज्यादा थी, लेकिन इंग्लैंड की टीम ने जीत हासिल की। दूसरा मैच मुल्तान में था। यहां स्पिन गेंदबाजों को मदद मिलती है। ऐसे में पाकिस्तान के जीतने की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यहां भी पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ा और टीम को जमकर आलोचना झेलनी पड़ रही है।
दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान की हार के बाद एक पत्रकार ने पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए आए, जहां वह एक रिपोर्टर का सवाल सुन हैरान रह गए। इस रिपोर्टर ने अपने सवाल के जरिए सुझाव दिया कि बाबर और विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को टी20 में ध्यान देना चाहिए। बाबर ने इसके बाद मीडियाकर्मी को करारा जवाब देते हुए संक्षिप्त और सीधा जवाब दिया।
रिपोर्टर ने कहा च्बाबर ये फैन्स के तरफ से एक सवाल है, उनका कहना था कि बाबर और रिजवान जो हैं, उनको अपना फोकस टी20 पे करना चाहिए, क्योंकि जैसे वो आउट होते हैं पूरी टीम डाउन हो जाति है।÷ बाबर ने बीच में ही टोकते हुए पूछा च्तो आप कह रहे हैं टेस्ट छोड़ दे?÷ इस पर रिपोर्टर ने अपना सवाल दोहराते हुए पूछा ÷आप क्या सोचते हैं इस बारे में, टी20 में जाना चाहिए।÷ इसके जवाब में बाबर ने कहा ÷सर, ऐसा कुछ नहीं सोच रहे हम।÷
पाकिस्तान की दूसरी पारी में बाबर ने एक रन बनाया था, लेकिन पहली पारी में 75 रन बनाए। वहीं रिजवान दोनों पारियों में 10 और 30 रन ही बना सके।

## जीत के बाद महिला टीम से बोले कानिटकर, इसीलिए आप क्रिकेट खेलते हैं, सुनें पूरी स्पीच

एजेंसी

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया पर भारतीय महिला टीम की जीत के बाद ऋषिकेश कानिटकर की स्पीच का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। भारतीय महिला टीम के बैटिंग कोच ऋषिकेश कानिटकर इस वीडियो में पहले टीम के सभी खिलाड़ियों की तारीफ करते हैं फिर यह भी समझाते हैं कि अभी हम सिर्फ एक ही मैच जीते हैं। हमें पूरी सीरीज जीतनी है और जो हमने इस मैच में किया है, वही काम हमें रोज करना है। इस मैच को जीतने के लिए जितनी मेहनत की है, उतनी मेहनत रोज करनी है।
मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारत ने दूसरा टी20 मैच सुपर ओवर में जीतकर पांच मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। इस मैच में जीत के बाद ऋषिकेश कानिटकर ने ड्रेसिंग रूम में सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और आगे मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। कानिटकर के भाषण का वीडियो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने ट्विटर पर साझा किया। भाषण में, बल्लेबाजी कोच ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत दिलाने वाली खिलाड़ियों तारीफ की। उन्होंने टीम को आगामी मैचों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित भी किया। वीडियो को भारतीय क्रिकेट टीम के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर भी शेयर किया गया था। कानिटकर ने कहा, ÷यह हमारे लिए बहुत गर्व का दिन था, परिणाम के कारण नहीं बल्कि आप लोगों ने जिस तरह से मैच खेला, उसके कारण। आप इन तालियों के पात्र हैं। मैं समझ सकता हूं कि आपके दिमाग में क्या चल रहा होगा। यह एक शानदार दिन था, शाबाश। इस भावना को याद रखें। यही कारण है कि आप क्रिकेट खेलते हैं। जब भी आप भारत के लिए खेलते हैं तो आप ऐसा ही महसूस करना चाहते हैं। यही कारण है कि सभी खिलाड़ी, जो भारत के लिए खेलते हैं, वह आगे बढ़ने की ख्वाहिश रखते हैं।÷

सुपर ओवर में जीता भारत

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में भारतीय टीम पहले गेंदबाजी कर रही थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 187 रन बनाए। जवाब में भारत ने भी पांच विकेट के नुकसान पर 187 रन बना लिए। स्मृति मंधाना ने 49 गेंद में 79 रन बनाए।

# नए साल से पहले एसबीआई का करोड़ों ग्राहकों को बड़ा तोहफा, एफडी पर अब ज्यादा मिलेगा ब्याज




**नई दिल्ली।** बैंक वरिष्ठ नागरिकों को अतिरिक्त ब्याज प्रदान करेगा. नई दरें तुरंत प्रभाव से लागू हो गई हैं. पिछले हफ्ते ही इंडियन ओवरसीज बैंक ने भी अपनी जमा दरों में बदलाव किया था। नए साल से पहले स्क्वढ्ढ का करोड़ों ग्राहकों को बड़ा तोहफा, स्नष्ठ पर अब ज्यादा मिलेगा ब्याजस्क्चढ्ढ का करोड़ों ग्राहकों को बड़ा तोहफा साल के खत्म होने से 3 हफ्ते पहले ही एसबीआई ने करोड़ों ग्राहकों को न्यू ईयर का गिफ्ट दे दिया है. बैंक ने अपनी कुछ खास अवधियों के लिए एफडी दरों को बढ़ा दिया है. नई दरों में बढ़त आज से ही लागू हो जाएंगी. बैंक के मुताबिक दरों में बदलाव नए जमा और मैच्योर होने वाले जमा को रीन्यू करने पर लागू होंगे. इसके साथ ही बैंक के वरिष्ठ नागरिकों को नई दरों पर अतिरिक्त ब्याज भी मिलेगा. नई दरें दो करोड़ रुपये से कम के जमा पर लागू होंगी. हाल ही में रिजर्व बैंक ने दरों में बदलाव किया है जिसका असर जमा दरों और कर्ज दरों पर देखने को मिल रहा है और दोनों ही बढ़ रही हैं। फिलहाल 7 दिन से 45 दिन की मैच्योरिटी वाले एफडी पर 3 प्रतिशत की ब्याज दर ऑफर हो रही है. वहीं 46 दिन से 179 दिन के बीच मैच्योरिटी वाली जमा पर 3.9 प्रतिशत की ब्याज दर ऑफर की जा रही है।

## सेंसेक्स में 402 अंकों की उछाल, निफ्टी 18600 के पार पहुंचकर बंद हुआ

**नई दिल्ली ।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में हरियाली दिखी। मंगलवार को सेंसेक्स 402 अंकों की तेजी के साथ 62533 के स्तर पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 110 अंकों की तेजी के साथ 18608 अंकों के स्तर पर बंद हुआ। बाजार में पीएसयू बैंक, आईटी, बैंकिंग और ऑटो सेक्टर के शेयरों में बढ़त दिखी। इस दौरान बैंक निफ्टी 237 अंकों की बढ़त के साथ 43946 के स्तर पर बंद हुआ। मंगलवार के दिन बैंक निफ्टी 43983 पर पहुंचा जो इसमें नया ऑल टाइम हाई है।

# रेपो रेट बढ़ने के बाद एफडी दरों में भी हुई बढ़त

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक के द्वारा रेपो बढ़ाने से जहां एक तरह कर्ज महंगे हो रहे हैं तो एफडी पर लोगों का रिटर्न भी बढ़ गया है. फिलहाल बैंक 7.5 प्रतिशत तक की ब्याज दर ऑफर कर रहे हैं। रेपो दरों में बढ़ोतरी के साथ साथ कर्ज दरों में भी बढ़त देखने को मिली है और ग्राहकों की होम लोन ईएमआई बढ़ गई है. हालांकि इसका दूसरा पहलू ये भी है कि जिन लोगों के पास अतिरिक्त रकम हैं उनके लिए अब बैंक में पैसा जमा करना पहले से ज्यादा फायदे सौदा बन गया है. दरअसल कई बैंकों ने अपने ग्राहकों के लिए जमा दरों में बढ़ोतरी कर दी है. यानि रेपो दरें बढ़ाने का नुकसान के साथ फायदा भी हो रहा है. अगर आप भी किसी बैंक में पैसा जमा कराने की सोच रहे हैं तो हम आपको बताते हैं कि रेपो में बदलाव के बाद एफडी में बढ़ोतरी के इन नए दौर में कहां पैसा लगाना आपके लिए ज्यादा फायदे मंद होगा। रेपो दरों में बढ़ोतरी के साथ साथ कर्ज दरों में भी बढ़त देखने को मिली है और ग्राहकों की होम लोन ईएमआई बढ़ गई है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक विद्यावती दूबे द्वारा बी डी प्रिन्टींग प्रेस गणेशपुर, रहमानपुर निकट रघुनन्दन आशियाना फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ से मुद्रित तथा- C 3/76, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित । मो0 9450615356, फोन नं. 0522- 4102634

## एक महीने की हुई बिपाशा-करण की बेटी देवी

# न्यू मॉम- डैड ने केक काटकर किया सेलिब्रेट, शादी के 6 साल बाद बने हैं पेरेंट्स

**बिपाशा बसु** और करण सिंह ग्रोवर के घर बीते महीने बेटी देवी ने जन्म लिया था। एक्ट्रेस 12 नवंबर को मां बनीं थी। इस खास मौके पर एक्ट्रेस ने एक वीडियो फैंस के साथ शेयर किया है, जिसमें बिपाशा पति करण सिंह ग्रोवर के साथ अपनी बेटी देवी का वन मंथ बर्थडे सेलिब्रेट करती हुई नजर आईं।



### बिपाशा-करण ने मनाया बेटी का वन मंथ बर्थडे

बिपाशा के इस वीडियो में दोनों एक साथ अपनी बेटी पर प्यार लुटाते हुए दिखाई दे रहे हैं। कपल ने हैप्पी बर्थडे गाते हुए केक काटा। इस वीडियो को शेयर करते हुए बिपाशा ने कैप्शन में लिखा, और ऐसे ही, देवी एक महीने की हो गई हैं। उन सभी को धन्यवाद जो देवी को प्यार और आशीर्वाद देते रहते हैं। हम बहुत आभारी हैं दुर्गा दुर्गा। इस दौरान करण ब्लैक टीशर्ट में नजर आ रहे हैं, तो बिपाशा व्हाइट कलर की कैजुअल ड्रेस में दिखाई दे रही हैं। बता दें, एक्ट्रेस लगातार सोशल मीडिया पर अपनी बेटी की फोटो शेयर करती रहती हैं, लेकिन चेहरा अभी तक दुनिया नहीं दिखाया है। अब उनके इस वीडियो पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं।

### 6 साल बाद पेरेंट्स बने बिपाशा- करण

बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर की पहली मुलाकात साल 2015 में भूषण पटेल की फिल्म अलोन के सेट पर हुई थी, जिसके बाद वह कई फिल्मों में साथ नजर आए और आखिरकार साल 2016 में शादी के बंधन में बंध गए। वहीं शादीके करीब 6 साल बाद पेरेंट्स बने हैं। हाल ही में बिपाशा ने जब अपनी बेटी के नाम के देवी के बारे में खुलासा करते हुए पोस्ट शेयर की थीं, तब उन्होंने बताया था उन्होंने देवी नाम क्यों चुना। बिपाशा ने बताया था देवी जादुई रूप से मां वैष्णो देवी के दिव्य दर्शन के बाद हुई है और यही एक कारण है कि उन्होंने अपनी बेटी का नाम देवी रखा है।

# आथिया शेट्टी और केएल राहुल इस दिन जिंदगी की नई पारी की करेंगे शुरूआत



**बी टाउन और क्रिकेट** की दुनिया का काफी गहरा नाता रहा है। कई ऐसे क्रिकेटर्स रहे है, जिन्होंने बॉलीवुड एक्ट्रेस से शादी करके अपनी जिंदगी की नई पारी की शुरूआत की। ऐस में एक और क्रिकेटर की अपनी जिंदगी की नई पारी को शुरू करने की खबरें इन दिनों छाई हुई है। हम बात करे रहे है के एल राहुल की, जो बीते कई समय से बॉलीवुड एक्ट्रेस आथिया शेट्टी के साथ शादी को लेकर सुर्खियों में बने हुए है। आथिया शेट्टी और केएल राहुल ऐसे कपल है जिनकी शादी को लेकर बीते कई समय से बहुत सारी बातें हो रही है। हर बार ये खबरें आती है कि दोनों जल्द शादी करने वाले है, लेकिन शादी की तारीखों का खुलासा आज तक नहीं हो पाया। आथिया शेट्टी के पिता सुनील शेट्टी ने खुद कहा था कि ये दोनों जल्द शादी करने वाले है। ऐसे में हर किसी के मन में यहीं सवाल था कि आखिर ये जोड़ा शादी के बंधन में कब बंधेगा। आथिया शेट्टी और केएल राहुल की शादी को लेकर आए दिन कोई न कोई अपडेट सामने आता रहता है। इसी तरह से अब नया अपडेट आ रहा है, जिसमें इन दोनों की शादी की डेट्स का खुलासा हो गया है। रिपोर्ट की मानें तो, आथिया शेट्टी और केएल राहुल अगले साल जनवरी में सात फेरे लेने वाले हैं और साथ ही शादी की डेट्स को लेकर भी बड़ी जानकारी सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो, अथिया और केएल राहुल की शादी के फंक्शन 21 से 23 जनवरी के बीच होने की उम्मीदें है। यानि इस दौरान ये कपल शादी के बंधन में बंधने वाला है। हालांकि इसे लेकर अभी कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है,लेकिन माना जा रहा है कि जल्द ही इनके परिवार की ओर से इसकी अनाउंसमेंट की जाएंगी। साथ ही खबरों की मानें तो, शादी के दौरान दोनों के परिवार वाले और करीबी दोस्त ही शामिल होंगे। बता दें कि अथिया शेट्टी और केएल राहुल बीते कई सालों से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों को कई बार साथ में टाइम स्पेंड करते देखा गया है। अथिया अक्सर केएल राहुल के इंटरनेशनल क्रिकेट टूर पर उनके साथ जाती हैं और उन्हें चीयर करती भी नजर आई है। ऐसे में हर किसी को दोनों की शादी का इंतजार था। सुनील शेट्टी का कहना था कि जब दोनों बच्चों तो सही लगेगा, तो ये दोनों शादी कर लेगें। अब लगता है कि वो वक्त आ गया है क्योंकि रिपोर्ट की मानें तो अथिया शेट्टी जल्द ही के एल राहुल के साथ शादी करके अपनी नई जिंदगी शुरू करने वाली है।

## बिपाशा बासु ने सेलिब्रेट किया बेटी का वन मंथ बर्थडे

पाशा बासु ने बीते दिन अपनी बेटी देवी का फर्स्ट मंथ बर्थडे सेलिब्रेट किया है। इसका एक वीडियो अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा की है। फिल्म अभिनेत्री बिपाशा बासु ने बीते दिन अपनी बेटी देवी का फर्स्ट मंथ बर्थडे सेलिब्रेट किया है। इसका एक वीडियो अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा किया है। हालांकि इसमें भी बिपाशा ने अपनी बेटी की झलक नहीं दिखाई है। वीडियो में बिपाशा और करण केक काटते नजर आ रहे हैं। वीडियो पर यूजर्स जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। गौरतलब है कि अभिनेत्री बिपाशा बासु ने 30 अप्रैल, 2016 को अभिनेता करण सिंह ग्रोवर से शादी की थी । शादी के छह साल बाद बिपाशा और करण पहले बच्चे के रुप में बेटी देवी के माता-पिता बने। दोनों बहुत ही खुश और उत्साहित हैं और अपनी पैरेंटिंग लाइफ इंजॉय कर रहे हैं।

# नोरा ने जैकलीन के खिलाफ दायर किया मानहानि का मुकदमा: लगाए गंभीर आरोप, कहा- जबरन सुकेश के साथ जोड़ा जा रहा मेरा नाम

**सुकेश चंद्रशेखर** से जुड़ा ठगी मामले में नोरा और जैकलीन फर्नांडीज अब आमने सामने आ गई हैं। नोरा ने जैकलीन के खिलाफ दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर कर दिया है। नोरा का आरोप है कि कई कारणों की वजह से जैकलीन उनकी इमेज खराब करना चाहती हैं। इतना ही नोरा ने कई मीडिया हाउसेस पर भी मानहानि का केस किया है।

### नोरा ने जैकलीन पर लगाए गंभीर आरोप

नोरा ने अपनी याचिका में कहा- जैकलीन अपना फायदा देखते हुए उन्हें आपराधिक रूप से बदनाम करने की कोशिश की है, क्योंकि वो दोनों एक ही इंडस्ट्री से ताल्लुक रखती हैं। नोरा ने यह मुकदमा तब दायर किया है, जब हाल ही में जैकलीन ने कोर्ट में जैकलीन ने लिखित में दिया था कि श्वष्ठ ने उन्हें फंसाया है, जबकि नोरा फतेही जैसे सेलेब्स ने भी सुकेश चंद्रशेखर से गिफ्ट लिए, लेकिन श्वष्ठ ने गवाह बना दिया। बता दें कि श्वष्ठ ने जैकलीन और नोरा दोनों को ही मनी लॉन्ड्रिंग के मामले पूछताछ के लिए कई बार बुलाया है। हालांकि, अभी तक मामले को लेकर कोई खास जानकारी नहीं सामने आई है। पटियाला कोर्ट 19 दिसंबर को इस मामले में सुनवाई करेगा।

### नोरा ने सुकेश के साथ कॉन्टेक्ट से किया इनकार

नोरा ने अपनी याचिका में दावा किया कि उनका सुकेश के साथ कोई डायरेक्ट कॉन्टैक्ट नहीं है। वो उन्हें केवल उनकी पत्नी लीना मारिया पॉल के जरिए जानती हैं। इतना ही नहीं नोरा ने सुकेश की तरफ से गिफ्ट मिलने के आरोपों को भी गलत ठहराया है। नोरा का कहना है कि मीडिया ट्रायल की वजह से उनकी रेप्यूटेशन को ठेस पहुंची है, जिसके लिए जैकलीन जिम्मेदार हैं।



मनी लॉन्ड्रिंग केस में नोरा हैं सरकारी गवाह

करीब 10 दिन पहले ठगी के मामले में श्वष्ठ ने नोरा से पूछताछ की थी। उस दौरान नोरा ने जांच एजेंसी को बताया था कि उनके जीजा बॉबी को ठग सुकेश चंद्रशेखर ने 65 लाख रुपए की कार गिफ्ट की थी और वो सुकेश से हमेशा वॉट्सऐप के जरिए ही बातचीत करती थीं। फिर नोरा ने इस बारे में बात करते हुए कहा था कि जब सुकेश ने बार-बार फोन किया तो उन्हें शक हुआ। इसके बाद उन्होंने सुकेश से सभी संपर्क तोड़ दिए। मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट 2002 सेक्शन 50(2) और 50(3) के तहत नोरा का स्टेटमेंट रिकॉर्ड किया गया था। इसमें उन्होंने खुद पर लगे आरोपों को गलत बताया था। हालांकि नोरा इस केस की सरकारी गवाह बन चुकी हैं।



# डायबिटीज रोगी इन पांच सुपरफूड्स की मदद से आप बढ़ा सकते हैं अपनी इम्यूनिटी

डाबर च्यवनप्रकाश आपको इम्यूनिटी बढ़ाने वाली च्यवनप्राश की जड़ी-बूटियां प्रदान करता है. यह 41 आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों जैसे आंवला, अश्वगंधा, गिलोय, मुलेठी, पिप्पली आदि के एक प्राचीन आयुर्वेदिक फार्मूले पर आधारित है जो इम्यूनिटी को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। महामारी के बाद के इस दौर में इम्यूनिटी की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो चुकी है खासकर तब, जब कोई डायबिटीज जैसी बीमारी से जूझ रहा हो. डायबिटीज आपकी इम्यूनिटी को प्रभावित कर सकता है, जिसके चलते अन्य इन्फेक्शन्स का खतरा भी बढ़ जाता है। लेकिन इस दौरान कई सुपरफूड ऐसे है जो आपको शुगर-फ्री तरीके से इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। इनकी मदद से आप डायबिटीज के साथ भी एक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। डायबिटीज होने पर आपकी जीवनशैली का महत्व बढ़ जाता है. सही आहार और फिजिकल एक्टिविटीज अच्छी जीवनशैली के महत्वपूर्ण अंग हैं. इस दौरान खान-पान के प्रति सचेत रहना और इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए सही डाइट लेना बहुत जरूरी है। क्योंकि हर किसी के पोषण और कार्ब की जरूरतें अलग-अलग हो सकती हैं. ऐसे में आप डायबिटीज के अनुकूल और बीमारी से लड़ने वाले निम्नलिखित फूड आइटम्स का सेवन कर सकते हैं।

सर्दी आने पर लोग अक्सर ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करते है, जिसमें विटामिन सी की मात्रा अधिक हो यह वाइट ब्लड सेल्स के उत्पादन को बढ़ावा देता है, जो संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं।

कद्दू एक ऐसा आहार है जिसे आमतौर पर लोग कम ही पसंद करते हैं. लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि यह एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन ए, सी और ई जैसे इम्यूनिटी बढ़ाने विटामिनों का एक अच्छा सोर्स है. विटामिन ए एक अत्यधिक एंटी-इंफ्लामेटरी विटामिन है, जो यह इम्यूनिटी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैडाबर च्यवनप्रकाश आपको बिना शुगर इम्यूनिटी बढ़ाने वाली च्यवनप्राश की जड़ी-बूटियां प्रदान करता है. यह 41 आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों जैसे आंवला, अश्वगंधा, गिलोय, मुलेठी, पिप्पली आदि के एक प्राचीन आयुर्वेदिक फार्मूले पर आधारित है जो इम्यूनिटी को बढ़ावा देने में मदद करते हैं. डाबर च्यवनप्रकाश क्लिनिकली टेस्टेड एक शुगर-फ्री फॉर्म्युलेशन है, जो डायबिटीज से ग्रसित लोगों के लिए के लिए सुरक्षित है.ष्द्बद्बद्ब प्याज और लहसुन न केवल भोजन को अधिक स्वादिष्ट बनाते हैं, बल्कि ये एंटीऑक्सीडेंट से भी भरे होते हैं जो वायरस और बैक्टीरिया से लड़ने में मदद करते हैं.



लहसुन में यूनिक सल्फ्यूरिक कंपाउंड भी होते हैं जो शरीर के प्राकृतिक डेटॉक्सिफिकेशन को सपोर्ट करते हैं। आमतौर पर अखरोट का सेवन दिमाग के स्वास्थ्य और कार्यशीलता को बढ़ाने के लिए किया जाता है, लेकिन यह इम्यूनिटी को बढ़ावा देने के लिए भी उतना ही फायदेमंद है। अखरोट में ओमेगा 3 फैटी एसिड्स और विटामिन ई होता है. ये पोषक तत्व अपने एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों के कारण हृदय के स्वास्थ्य को बनाए रखते हैं. और हेल्दी ग्लाइसेमिक को कंट्रोल करने में भी मदद करते हैं।

# गर्दन का रंग पड़ गया है काला तो इन नुस्खों से मिनटों में करें साफ

मौसम के बदलने और तेज धूप की वजह से गर्दन पर कालापन आ जाता है और फिर इसे हटाने के लिए कई महंगे केमिकल का यूज करना पड़ता है. ऐसे में आप अपना ये खर्च बचाकर इस काम का घर पर भी कर सकते हैं।धूप की वजह से गर्दन पर कालापन आ जाता है। जिसकी वजह से खासकर महिलाओं को बहुत समस्या होती है। वे अपनी मनचाही ड्रेस नहीं पहन पाती हैं। इसके अलावा अगर चेहरा चमकदार रहे और गर्दन पर इस तरह कालापन जड़ा रहे तो बहुत ही खराब लगता है। ऐसे में कई महिलाएं इस कालेपन को दूर करने के लिए मार्केट से तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स खरीदती हैं और अक्सर वे बहुत ज्यादा महंगे होते हैं और केमिकल युक्त भी आज हम आपको इस कालेपन को दूर करने के लिए कुछ घरेलू नुस्खे बताने जा रहे हैं।



### कच्चा आलू

कच्चे आलू से इस समस्या को कम किया जा सकता है. त्वचा से पिगमेंटेशन दूर करने के लिए या गर्दन से टैनिंग हटाने के लिए आधे आलू को कद्दूकस कर लें और उसका जूस निकाल लें और इसे कॉटन की मदद से गर्दन पर कुछ समय के लिए लगाकर छोड़ दें। इसके अलावा आप आलू के कटे हुए टुकड़े गर्दन पर रगड़ सकते हैं। इससे आपकी गर्दन का कालापन दूर हो जाएगा।

### दूध, हल्दी और बेसन का पेस्ट बना लें

गर्दन का जमा कालापन दूर करने के लिए आप हल्दी, दूध और बेसन का पेस्ट इस्तेमाल कर सकते हैं और ये नुस्खा बहुत ही पुराना है. ये तीनों चीजें आपको असानी से घर में मिल जाएगी। एक कटोरी में बेसन और दूध को मिला लें और थिक पेस्ट तैयार कर लें, फिर इसमें एक चम्मच हल्दी मिला लें और गर्दन पर लगा लें. इस पेस्ट को गर्दन पर कम से कम 20 मिनट तक लगा कर छोड़ दें और फिर बाद में स्क्रब कर लें. कुछ समय बाद इसे हल्के गुनगुने पानी से धो लें।

### चंदन का पाउडर और दूध

गर्दन के कालेपन को दूर करने के लिए चंदन का इस्तेमाल किया जा सकता है। ये त्वचा को ग्लोइंग बनाने में सहायक होता है। इसके लिए आपको चंदन पाउडर में कच्चा दूध मिलाना होगा और गाढ़ा पेस्ट तैयार करना होगा. इस पेस्ट को ब्रश की मदद से गर्दन पर लगा लें और 30 मिनट तक ऐसे ही छोड़ दें और फिर ठंडे पानी से धो लें।

## मुंबई में बोटिंग का लुत्फ उठाती दिखीं प्रीति जिंटा

# भारत लौटते ही बेस्ट फ्रेंड सुजैन खान संग चिल करती आईं नजर



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रीति जिंटा हाल ही में अमेरिका से मुंबई लौटी हैं। इंडिया आने के बाद एक्ट्रेस लगातार अपने दोस्तों के साथ टाइम स्पेंट कर रही हैं। इसी बीच अब वह मुंबई में दोस्तों संग बोटिंग का लुत्फ उठाती नजर आईं, जिसका एक वीडियो उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस वीडियो में प्रीति बोट पर सवार है और मुंबई शहर में घूम रही हैं। इसके अलावा उनके इस वीडियो में उनकी बेस्टफ्रेंड सुजैन खान और उनके ब्वॉयफ्रेंड अर्सलान गोनी भी नजर आ रहे हैं।

### सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची थीं एक्ट्रेस

प्रीति जिंटा पिछले हफ्ते ही मुंबई लौटी हैं इसके बाद एक्ट्रेस सिद्धिविनायक मंदिर में दर्शन के लिए गई थीं। जिसका एक वीडियो उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया था। वीडियो शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा, मुंबई में वापस, वापस सिद्धिविनायक मंदिर में...वाह! वहां की आरती में शामिल होना और एक लंबी उड़ान के बाद शांति महसूस करना। हमें इस तरह के अद्भुत दर्शन कराने के लिए मंदिर में सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद। दिल और आत्मा दोनो को शांति मिल गई।